RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 299
फरीदाबाद, शुक्रवार, 09 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




विश्व टूर फाइनल्स में चीनी खिलाड़ी से हारे प्रणय

पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,570 | ▲ | 160 |
| निफ्टी | 18,609 | ▲ | 48.85 |
| सोना | 54,270 | ▲ | 211 /10 gm |
| चांदी | 66,662 | ▲ | 593 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 25.00°C
न्यूनतम 12.00°C

## क्विक न्यूज

### तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुदुचेरी में चक्रवाती तूफान मैंडूस



**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के राज्यों में जहां सर्दी बढ़ती जा रही है, वहीं दक्षिण में बारिश का दौर अब भी जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक साउथ इंडिया में बने गहरे दबाव के कारण चक्रवाती तूफान मैंडूस की आशंका है। इसका असर दक्षिणी क्षेत्रों में दिखेगा। आठ से 11 दिसंबर तक पुदुचेरी, उत्तर तमिलनाडु और आंध्रप्रदेश के तट प्रभावित होंगे। इन क्षेत्रों के लिए अलर्ट जारी कर दिया है। नौ दिसंबर को 70 किमी प्रति घंटे की तेज हवाओं के साथ अगले तीन दिनों तक भारी बारिश की भी आशंका है। बुधवार को भी बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम और इससे सटे दक्षिण-पूर्व के ऊपर डीप डिप्रेशन बना। गुरुवार को चक्रवात मैंडूस कराईकल से लगभग 500 किमी पूर्व-दक्षिण और चेन्नई से 580 किमी दक्षिण-पूर्व में है। तमिलनाडु, पुदुचेरी और आंध्र प्रदेश के कुछ इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना है।

### फरार महिला सरपंच की अग्रिम जमानत खारिज

**हिसार।** फर्जी जाति प्रमाण पत्र से सरपंच का चुनाव जीती ढाणी मिरदाद की दुर्गी देवी की अग्रिम जमानत याचिका पर कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने आरोपी महिला सरपंच की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। दुर्गी देवी ने पांच दिसंबर को अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। बुधवार को पुलिस अपना पक्ष कोर्ट में रख चुकी है। महिला सरपंच तीन दिसंबर को पद की शपथ ले चुकी हैं। पुलिस इसके बाद से ही उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है। शिकायतकर्ता पुनीत इंदौरा ने 14 नंवबर को पुलिस में शिकायत दी थी कि महिला दुर्गी देवी ने एससी जाति की होने के बावजूद बीसीए का सर्टिफिकेट बनवाकर गांव में सरपंच पद के लिए आवेदन किया। दुर्गी देवी ने गांव के युवक सोमबीर से लव मैरिज की थी।

### जोधपुर में पांच सिलेंडर में ब्लास्ट, दो बच्चों की मौत

**जोधपुर।** जोधपुर में शादी समारोह में पांच गैस सिलेंडर में ब्लास्ट होने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में दूल्हे, उसके माता-पिता समेत 60 लोग झुलस गए। दो बच्चों की मौत भी हो गई। हादसा शेरगढ़ के पास भूंगरा गांव में गुरुवार दोपहर सवा तीन बजे हुआ। यहां तख्त सिंह के घर में शादी समारोह था। घर से बारात रवाना होने वाली थी, तभी अचानक सिलेंडर फट गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की सूचना मिलने पर कलेक्टर हिमांशु गुप्ता हॉस्पिटल पहुंचे। डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल दिलीप कच्छावा ने बताया कि 60 जख्मी लोगों में से 51 को जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल में एडमिट कराया गया है।

### मांग, धान व गन्ना स्थानीय आपदा लिस्ट में शामिल हों

**हिसार।** लोकसभा में हिसार के सांसद बृजेंद्र सिंह ने दूसरे दिन प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में से गन्ना और धान की फसल को बाहर करने का मुद्दा उठाया। उन्होंने ने कहा कि हरियाणा की कृषि मुख्य रूप से दो फसलों गेहूं और धान पर आधारित हैं। हरियाणा अर्ध-शुष्क क्षेत्र की श्रेणी में आता है, इसके बावजूद सिंचाई नहरों, भूमिगत जल में नलकूपों और बिजली के प्रयोग से हरियाणा के लगभग दो-तिहाई क्षेत्र में धान की खेती होती रही है और यही कारण है कि हरित क्रांति का अधिकतर लाभ क्षेत्र को और देश को मिल सका।

# देवभूमि के लोग नहीं आए आप के झांसे में, रिवाज कायम रखा

## गुजरात में मोदी लहर, 156 सीट जीत बनाया नया रिकॉर्ड



**एजेंसी।** अहमदाबाद

**गुजरात** में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर ने भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाई है। भाजपा ने यहां 156 सीटों के साथ जीत का नया रिकॉर्ड बनाया है। कांग्रेस ने 1985 में माधव सिंह सोलंकी की अगुवाई में 149 विधानसभा सीटें जीती थीं। वहीं, नरेंद्र मोदी के सीएम रहते भाजपा ने 2002 के चुनाव में 127 सीटें जीती थीं। इस जीत के साथ भाजपा ने दोनों रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। ऐतिहासिक जीत के बाद 12 दिसंबर को गांधीनगर में विधानसभा के पीछे हेलीपैड मैदान में सीएम की शपथ होगी। दिलचस्प बात यह है चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी ने कहा था, नरेंद्र का रिकॉर्ड भूपेंद्र तोड़ेंगे। चुनाव नतीजों में बिलकुल यही नजर आ रहा है। भाजपा समर्थक जश्न मना रहे हैं।

गुजरात की 182 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 156 सीटें जीती हैं। उसे 2017 के मुकाबले 58 सीटों का फायदा हुआ है। वहीं, कांग्रेस को सबसे ज्यादा 60 सीटों का नुकसान हुआ है। पार्टी ने पिछली बार 77 सीटें जीती थीं। इस बार उसे 17 सीटें ही मिली हैं। गुजरात में भाजपा की विराट जीत के बाद पीएम मोदी ने गुजरात की जनता को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, गुजरात आपका धन्यवाद। ऐसे नतीजे देखकर मैं अभिभूत हूं। लोगों ने विकास की राजनीति को अपना आशीर्वाद दिया है और यह भी बता दिया है कि वे इस विकास को और भी तेज गति से जारी रखना चाहते हैं। मैं गुजरात की जन-शक्ति के आगे सिर झुकाता हूं।

गुजरात में गुरुवार सुबह आठ बजे से पहले आधे घंटे में पोस्टल बैलेट्स की गिनती के बाद ईवीएम से काउंटिंग शुरू हुई थी। गुजरात भाजपा प्रमुख सीआर पाटिल ने बताया कि 12 दिसंबर को दोपहर दो बजे गुजरात के नए मुख्यमंत्री शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे।

**1985 में कांग्रेस को 149 सीट मिली थीं** | **भूपेंद्र पटेल 12 दिसंबर को लेंगे शपथ**



### गुजरात विधानसभा चुनाव परिणाम

कुल सीट 182 — भाजपा की रिकार्ड जीत — बहुमत 92

| भाजपा | कांग्रेस | आप | अन्य |
|---|---|---|---|
| 156 | 17 | 05 | 04 |

**ओवैसी के सभी 13 कैंडिडेट चित भाजपा के बागी हारे**

**असदुद्दीन** ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम ने पहली बार गुजरात विधानसभा चुनाव में हिस्सा लिया था। एआइएमआइएम ने कुल 13 में से दो हिंदू कैंडिडेट भी मैदान में उतारे थे। पार्टी के सभी कैंडिडेट चुनाव हार गए। वडोदरा की वाघोडिया सीट से भाजपा के बागी मधु श्रीवास्तव भी चुनाव हार गए हैं। निर्दलीय और अन्य कैंडिडेट्स ने चार सीटें जीत ली हैं।

सीएम भूपेंद्र पटेल ने कहा कि गुजरात विधानसभा चुनाव का जनादेश अब स्पष्ट हो चुका है, यहां की जनता ने मन बना लिया है कि दो दशक से चली आ रही गुजरात की इस विकास यात्रा को अविरल चालू रखना है। यहां के लोगों ने एक बार फिर भाजपा पर अटूट भरोसा दिखाया है। आम आदमी पार्टी गुजरात में महज पांच सीटें जीत सकी है। उसके तीनों बड़े नेता चुनाव हार गए हैं। इनमें मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार इसुदान गढ़वी, प्रदेश अध्यक्ष गोपाल इटालिया और पाटीदार नेता अल्पेश कथीरिया शामिल हैं। इसके बावजूद वोट शेयर के आधार पर आप को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल गया है। अब पार्टी पूरे देश में अपने नाम और चुनाव चिह्न के साथ लड़ सकेगी।

## हिमाचल में कांग्रेस ने 40 सीट जीतीं भाजपा 25 पर सिमटी



हिमाचल के शिमला स्थित रिज मैदान पर लोगों ने टीवी स्क्रीन लगाकर और चुनावी परिणाम देखे।

### भाजपा के 10 में से आठ मंत्री चुनाव हारे

**एजेंसी।** शिमला

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा चुनाव में एक बार फिर जनता ने रिवाज कायम रखते हुए राज बदल दिया है। यानी, हर चुनाव की तरह इस बार भी सत्ता बदली है। राज्य की 68 सीटों पर वोटों की गिनती समाप्त हो गई है। अंतिम नतीजों में कांग्रेस ने बहुमत के लिए जरूरी 35 सीटों का आंकड़ा पार कर लिया है। कांग्रेस 40 सीटें जीत चुकी है। वहीं, भाजपा 25 सीटों पर सिमट गई। 2017 के मुकाबले उसे 19 सीटों का नुकसान हुआ। तीन सीटों पर निर्दलियों ने जीत दर्ज की है। एमसीडी चुनाव में भाजपा को हराने वाली आम आदमी पार्टी पहाड़ में खाता भी नहीं खोल पाई। माना जा रहा है कि यदि देवभूमि के लोग आम आदमी पार्टी के झांसे में आते तो निश्चित तौर पर यहां भी कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ सकती थी। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने नतीजों के बाद इस्तीफा दे दिया। इधर, कांग्रेस ने नए सरकार के गठन के लिए चंडीगढ़ में निर्वाचित विधायकों की बैठक आज बुलाई है।

हिमाचल में हर चुनाव में 45 से 75 फीसद मंत्रियों के चुनाव हारने का रिकॉर्ड है। इस बार भी जयराम ठाकुर कैबिनेट के 10 में से आठ मंत्री चुनाव हार गए। चुनाव हारने वाले मंत्रियों में सुरेश भारद्वाज, रामलाल मारकंडा, वीरेंद्र कंवर, गोविंद सिंह ठाकुर, राकेश पठानिया, डॉ. राजीव सैजल, सरवीण चौधरी, राजेंद्र गर्ग शामिल हैं। जयराम ठाकुर के अलावा बिक्रम ठाकुर और सुखराम चौधरी ही चुनाव जीत पाए। पिछले चार चुनाव का रिकॉर्ड देखें तो हर बार करीब आधे या उससे ज्यादा मंत्री चुनाव हार गए हैं। 2017 के चुनाव में कांग्रेस के सीएम वीरभद्र सिंह कैबिनेट के 11 में से पांच मंत्री चुनाव हार गए। 2012 में भाजपा सरकार में सीएम प्रेम कुमार धूमल के 10 में से चार मंत्री चुनाव हार गए थे।

सूत्रों के मुताबिक, हिमाचल में जीत के बाद कांग्रेस में सीएम चेहरे को लेकर मंथन शुरू हो गया है। नई सरकार के गठन को लेकर कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक शुक्रवार को चंडीगढ़ में रखी गई है। इसमें हिमाचल प्रभारी राजीव शुक्ला और छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के लिए हिमाचल कांग्रेस की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुखविंदर सिंह सुक्खू के नाम पर विचार किया जा रहा है। प्रतिभा सिंह पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी हैं और मंडी लोकसभा सीट से सांसद भी हैं। सराज सीट से सीएम जयराम ठाकुर ने कांग्रेस के चेतराम ठाकुर को रिकॉर्ड 20 हजार से ज्यादा वोटों से हरा दिया है। वे रिकॉर्ड सातवीं बार जीते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी की हार पर कहा, भाजपा को स्नेह, समर्थन के लिए हिमाचल की जनता का धन्यवाद। हम राज्य की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए काम करते रहेंगे, जनता के मुद्दे उठाएंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, हिमाचल प्रदेश हम जीते हैं उसके लिए मतदाताओं का धन्यवाद करता हूं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बोले, हिमाचल प्रदेश में बड़ी जीत हुई है।

### हिमाचल विधानसभा चुनाव परिणाम

कुल सीट 68 — कांग्रेस ने जीत हासिल की — बहुमत 35

| कांग्रेस | भाजपा | आप | अन्य |
|---|---|---|---|
| 40 | 25 | 00 | 03 |



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को जीत की बधाई देने पहुंचे हिमाचल के प्रभारी राजीव शुक्ला।

# गुजरात की नौ हॉट सीट, जिन पर भाजपा ही विजयी रही

**एजेंसी।** अहमदाबाद

### घाटलोडिया (अहमदाबाद) से सीएम भूपेंद्र पटेल जीते



गुजरात को दो मुख्यमंत्री (भूपेंद्र पटेल और आनंदीबेन पटेल) देने वाली घाटलोदिया सीट से इस बार राज्य के सीएम भूपेंद्र पटेल मैदान में उतरे। पाटीदार वोटर्स के असर वाली इस सीट पर कांग्रेस ने राज्यसभा सांसद अमी बेन याग्निक को टिकट दिया था। आप से विजय पटेल चुनाव लड़ रहे थे।

### राजकोट वेस्ट से भाजपा की दर्शिता शाह जीतीं



राजकोट-पश्चिम से नरेंद्र मोदी ने 2002 में अपना पहला चुनाव लड़ा था। पिछले चुनाव में गुजरात के सीएम रहे विजय रूपाणी ने यहां से 53 हजार वोटों से जीत दर्ज की थी। इस बार उनकी जगह भाजपा ने दर्शिता शाह को मैदान में उतारा। यहां कांग्रेस से मनसुखभाई और आप से दिनेश जोशी लड़ रहे थे।

### जामनगर नॉर्थ से भाजपा की रिवाबा जडेजा जीतीं



यहां क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा भाजपा के टिकट पर मैदान में हैं। कांग्रेस से दिग्गज नेता बिपेंद्र सिंह जडेजा और आप के कर्सन करमोर चुनाव लड़ रहे हैं। खास बात यह है कि रिवाबा की ननद नयनाबा उनके खिलाफ प्रचार कर रही थीं। वे जामनगर जिला कांग्रेस की महामंत्री हैं। रिवाबा के ससुर अनिरुद्ध जडेजा भी कांग्रेस कैंडिडेट के समर्थन में ही प्रचार कर रहे थे।

### विरमगाम (अहमदाबाद) से भाजपा के हार्दिक पटेल जीते



कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हार्दिक पटेल विरमगाम सीट से कैंडिडेट थे। पिछले दो टर्म से इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा है। 2002 और 2007 में यह सीट जीतने वाली कांग्रेस ने पुराने दिग्गज लाखाभाई भारवाड़ को टिकट दिया था। आप ने अमर सिंह ठाकोर को चुनाव में उतारा था।

### मोरबी से भाजपा के कांति लाल अमृतिया जीते



कांति लाल अमृतिया साल भाजपा के टिकट पर मोरबी से पांच बार जीत चुके हैं। 2017 में उन्हें कांग्रेस के बृजेश मेरजा ने हराया था। चुनाव के बाद मेरजा विधायकी छोड़कर भाजपा में आ गए थे। इस वजह से 2018 में उपचुनाव हुए। इसमें मेरजा ही जीते। इस बार भाजपा ने उनका टिकट काटकर एक बार फिर अमृतिया को मैदान में उतारा। मोरबी पुल हादसे के वक्त वे लोगों की जान बचाने के लिए मच्छू नदी में कूदे थे। कांग्रेस ने जयंति पटेल और आप ने पंकज रणसरिया को टिकट दिया था।

### मणिनगर (अहमदाबाद) से भाजपा के अमूल भट्ट जीते



गुजरात के सीएम रहते हुए मोदी 2007 और 2012 के चुनाव अहमदाबाद की मणिनगर की सीट से जीते थे। इस सीट पर पिछले आठ चुनाव से भाजपा का कब्जा है। पार्टी ने यहां से अमूल भट्ट को टिकट दिया। आप ने विपुलभाई पटेल और कांग्रेस ने सीएम राजपूत को मैदान में उतारा था।

### नारणपुरा (अहमदाबाद) से भाजपा के जितेंद्र पटेल जीते



अहमदाबाद की नारणपुरा विधानसभा सीट 2008 में हुए परिसीमन के बाद 2012 में अस्तित्व में आई। पहली बार यहां से अमित शाह ने बड़ी जीत दर्ज की थी। इसके बाद 2017 में बीजेपी के कौशिकभाई पटेल ने यह सीट जीती। इस बार भाजपा ने जितेंद्र भाई पटेल को उतारा था। कांग्रेस से सोनल पटेल और आप से पंकज पटेल मैदान में थे।

### खंभालिया (द्वारका) से आप के इसुदान गढ़वी हारे



खंभालिया सीट इसलिए खास है, क्योंकि यहां आप के सीएम कैंडिडेट इसुदान गढ़वी चुनाव लड़ रहे थे। भाजपा ने मुलुभाई हरदासभाई बेरा और कांग्रेस ने सिटिंग एमएलए विक्रम माडम को टिकट दिया है। उन्होंने 2017 में भाजपा कैंडिडेट को 11046 वोटों से हराया था। ओवैसी की एआइएमआइएम ने भी यहां अपना कैंडिडेट उतारा था।

### बायड (अरावली) से शंकर सिंह वाघेला के बेटे हारे



यहां से पूर्व मुख्यमंत्री शंकर सिंह वाघेला के बेटे महेंद्र वाघेला मैदान में थे। महेंद्र सिंह ने 2012 का चुनाव कांग्रेस के टिकट पर जीता था। उन्होंने 2017 का चुनाव नहीं लड़ा था और भाजपा में शामिल हो गए थे। हालांकि तीन महीने बाद ही वे कांग्रेस में लौट आए थे। यहां भाजपा ने भीखीबेन परमार और आप ने चुनीभाई पटेल को टिकट दिया था।

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 26.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 12.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 9 बजे।
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 9 बजे।
- बीपीटीपी स्थित पार्क फ्लोर दो में प्रदर्शन जारी: सुबह 10 बजे।

## निवेश गुरु

**फंड** ऑफ फंड्स म्यूचुअल फंड की ऐसी स्कीम्स हैं, जो दूसरी म्यूचुअल फंड स्कीम्स में निवेश करती हैं। लेकिन यह इंडेक्स फंड्स और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स तक सीमित नहीं है। उदाहरण के लिए अगर फंड मैनेजर सोने में निवेश करना चाहता है तो वह सोने में निवेश करने वाली गोल्ड स्कीम में पैसा लगाएगा, फंड मैनेजर जिस भी स्कीम में पैसा लगाना चाहे लगा सकता है।

## यूटीलिटी न्यूज

### विद्यालय भाखड़ी की बदलेगी सूरत



**फरीदाबाद।** बच्चों को बेहतर माहौल देने और उनके भविष्य को देखते हुए भाखड़ी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को नया लुक दिया जाएगा। जिसके तहत विद्यालय के प्रांगण में जर्जर विद्यालय भवन को तोड़ने की नीलामी की गई। जिसमें सैकड़ों स्थानीय ग्रामवासियों की उपस्थिति में 18 बोलीदाताओं ने निर्धारित धरोहर राशि को जमा करके टोकन व्यवस्थापूर्वक 12 जर्जर कमरों की बोली लगाई। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाकरी की प्रधानाचार्य सीमा बत्रा इस समूचे कार्यक्रम को डॉ. जीवन ज्योति हिन्दी प्रवक्ता के माध्यम से संचालित कर रही थी। पुलिस विभाग की मौजूदगी में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से आए जेई एवं प्रमुख लिपिक ने बोली की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया। समस्त स्टॉफ सदस्यों ने विद्यालय में बोली की व्यवस्था कार्यक्रम प्रशंसनीय योगदान दिया।

## क्विक न्यूज

### लापता लड़की को किया असम पुलिस के हवाले

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्रइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने असम से लापता एक 18 वर्षीय लड़की को तलाश कर असम पुलिस के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिह ने बताया कि लड़की 06 नवम्बर को अपने घर से बिना किसी को बताए निकल गई थी। जिसकी सूचना परिजनों ने असम के थाना रंगापुरा को दी। जिसमें गुमशुदगी की धाराओं में मामला दर्ज कर लड़की की तलाश की जा रही थी। जिसकी सूचना फरीदाबाद पुलिस को भी मिली जिस पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट टीम ने 8 दिसम्बर को लड़की को थाना सैन्ट्रल एरिया से सकुशल बरामद कर असम पुलिस को सूचना देकर हवाले कर दिया है। लड़की को तलाश करने में फरीदाबाद पुलिस ने असम पुलिस टीम व मिशन मुक्ति फाउंडेशन के डायरेक्टर के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई की है। असम पुलिस टीम ने लड़की के तलाश करने पर फरीदाबाद पुलिस का धन्यवाद किया है।

# सब गोलमाल है : विवेकाधीन अनुदान के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग?

### सरकार द्वारा दिये गए 424 अनुदान में से मात्र 26.5 का दिया संस्थाओं ने हिसाब

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**शहर** के विकास और आम लोगों की दुख तकलीफों को कम करने के लिए सरकार की तरफ से विभिन्न तरह की कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। ताकि समाज के सबसे पिछड़े पायदान पर खड़े लोगों तक भी लाभ पहुंचाया जा सके। जिसे ध्यान में रखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पहली बार सरकार बनाते ही विभिन्न तरह के सामाजिक एवं धार्मिक कार्य कर रही संस्थाओं को विवेकाधीन अनुदान देने की घोषणा की थी।

विवेकाधीन अनुदान देने की पावर मुख्यमंत्री, प्रदेश के मंत्रियों और संसदीय सचिवों को दी गई थी। नियमों के मुताबिक अनुदान लेने के निश्चित समय के बाद संस्थाओं को इन पैसों के खर्च का पूरा विवरण अपने क्षेत्र के एसडीएम कार्यालय में जमा करवाना होता है। इस योजना के तहत एक अक्टूबर 2014 से तीन सितंबर 2021 तक सरकार द्वारा शहर की सौ से ज्यादा संस्थाओं को करोड़ों रुपये के 424 विवेकाधीन अनुदान दिये गए, लेकिन सरकार द्वारा दिये गए इन अनुदानों में से मात्र 26.5 अनुदानों का हिसाब संस्थाओं द्वारा जमा करवाया गया है। अनेक हिसाब न देने वाली संस्थाओं एक बार नहीं बल्कि कई बार अनुदान दिया गया है। लेकिन इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा कभी ध्यान ही नहीं दिया गया।



सेक्टर 12 स्थित लघुसचिवालय का भवन।



बल्लभगढ़ स्थित एसडीएम कार्यालय।

### छह प्रतिशत का मिला हिसाब

**प्रदेश** सरकार के गठन के बाद अगले करीब सात साल तक जिले अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं को 424 विवेकाधीन अनुदान के रूप में करीब करोड़ों रुपये वितरित किये गए हैं। विवेकाधीन अनुदान की रकम संस्थाओं को उनके कार्य क्षेत्र के मुताबिक कार्य करने अथवा निर्माण आदि करवाने के लिए दिये जाते हैं। अनुदान की राशि को संबंधित कार्य पर खर्च करने के बाद उसका हिसाब अपने क्षेत्र के एसडीएम कार्यालय में जमा करवाना होता है। इस हिसाब-किताब के साथ खर्च किये गए रकम के बिल भी संलग्न होते हैं। ताकि इन बिलों की जांच पड़ताल कर संबंधित अधिकारी यह पता लगा सके कि सरकार द्वारा दिये गए अनुदान की रकम का सदोपयोग हुआ है या नहीं। लेकिन इस आरटीआइ का जवाब आने पर पता चला कि ज्यादातर संस्थाओं ने अनुदान की रकम लेने के बाद हिसाब देने की जरूरत ही महसूस नहीं की। सिर्फ 26.5 अनुदान का हिसाब संस्थाओं द्वारा संबंधित अधिकारी के कार्यालय में जमा करवाया है। लेकिन फिर भी किसी ने ध्यान नहीं दिया।

### जनता के पैसों का दुरूपयोग तो नहीं ?



एनएच पांच स्थित जिला रजिस्ट्रार कार्यालय।

**शहर** में अनेक सामाजिक संस्थाओं द्वारा आम जनता के लिए कई तरह के कल्याणकारी कार्य करवाए जा रहे हैं। कोरोनाकाल के दौरान जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए शहर की कुछ संस्थाओं ने अहम भूमिका भी निभाई थी। जिनकी वजह से अनेक जरूरतमंद परिवार मुसीबत का दौर किसी तरह गुजार पाए थे। लेकिन शहर में दिखावे के लिए बनाई गई सामाजिक संस्थाओं की कोई कमी नहीं है। यह दिखावटी संस्थाएं काम करने वाली संस्थाओं की आड़ में अपने स्वार्थों की सिद्धि करती रहती हैं। इस तरह की अनेक संस्था अपनी पहुंच और राजनेतिक जान पहचान का फायदा उठाकर सरकार से अनुदान लेने में कामयाब हो जाती है। इस आरटीआई का जबाव मिलने के बाद ऐसी अनेक संस्थाओं के नाम सामने आए हैं, जो काम करती हुई कहीं नजर नहीं आती। इनमें ऐसी संस्थाएं भी हैं, जिन्होंने कुछ समय तक दिखावा करने के बाद काम करना बंद कर दिया। लेकिन अनुदान लेने के प्रयास में रहती हैं। ऐसी कई संस्थाओं को सरकार द्वारा एक से अधिक बार अनुदान दिया गया है। जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग हो सकता है।

### आरटीआई से हुआ खुलासा

**प्रदेश** में सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री समेत मंत्री और संसदीय सचिवों ने जिले की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं को करीब 27 करोड़, 54 लाख 98 हजार 50 रुपये का अनुदान दिया है। इस बात का खुलासा समाजसेवी आनंदकांत भाटिया द्वारा दायर की गई एक आरटीआइ का जबाव मिलने के बाद हुआ है। इस आरटीआइ में उन्होंने पूछा था कि एक अक्टूबर 2014 के बाद आरटीआइ दायर करने तक सरकार द्वारा जिले की सामाजिक संस्थाओं को विवेकाधीन कोष से कितनी रकम दी गई है। यह रकम किस तरह के कार्य करने के लिए दी गई। किस संस्था को किस व्यक्ति की अनुशंसा पर अनुदान दिया गया। एक ही संस्था को इस समय अवधि के दौरान कितनी बार अनुदान दिया गया। यह अनुदान संबंधित संस्था को किस कार्य के लिए दिया गया। इनमें कितने अनुदानों का संबंधित संस्थाओं द्वारा हिसाब संबंधित अधिकारी के कार्यालय में जमा करवा गया। इसके अलावा अन्य कुछ सवालों का जबाव गोलमोल और कुछ सवालों का जबाव नहीं दिया। प्रथम अपील में आज तक उन्हें नहीं बुलाया गया।

### गोलमोल दिया जबाव



**समाजसेवी** आनंद कांत भाटिया ने बताया कि उनके द्वारा दायर की गई आरटीआई के जबाव से जिले की संस्थाओं को मिले अनुदान का खुलासा हुआ है। लेकिन उनके द्वारा पूछे गए कई सवालों का गोलमोल जबाव दिया गया है। जिसके कारण उन्होंने प्रथम अपील में याचिका दायर की थी। लेकिन कई महीने बाद भी उन्हें प्रथम अपील में सुनवाई के लिए नहीं बुलाया गया।

# तीन दिवसीय यूथ फेस्टिवल का हुआ समापन



पंडित एलआर कालेज ऑफ टेक्नोलाजी में आयोजित यूथ फेस्टिवल के समापन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का दीप जला कर शुभारंभ करते अतिथि।



पंडित एलआर कालेज आफ टेक्नोलॉजी में आयोजित युथ फेस्टिवल के समापन अवसर पर कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पंडित** एलआर कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी फरीदाबाद में चल रहे तीन दिवसीय यूथ फेस्टिवल का गुरुवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर राजबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पंडित एलआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन लखमी चंद भारद्वाज ने पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर प्रोफेसर राजबीर सिंह का स्वागत सत्कार किया

फेस्टिवल के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विजेता रही टीमें अब इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल में हिस्सा लेंगी, जो रोहतक स्थित यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित होगा।

फेस्टिवल के अंतिम दिन मुख्य स्टेज पर कव्वाली व ग्रुप डांस हरियाणवी आकर्षण का केंद्र रहे। छात्राओं ने हरियाणवी गीतों पर जमकर ठुमके लगाए। स्टेज नंबर दो पर ग्रुप सॉन्ग हरियाणवी का मंचन किया गया। वहीं, तीसरे स्टेज पर क्विज और चौथे स्टेज पर फोटोग्राफी व रंगोली का इवेंट हुआ। फेस्टिवल के तीनों दिनों में कुल 42 इवेंट हुए। सभी इवेंट्स में तीन पुरस्कार दिए गए। पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर आने वाली टीमों को मंच से सम्मानित किया गया। एमडी यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर यूथ वेलफेयर डॉ जगबीर राठी ने बताया कि हर इवेंट में पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल में हिस्सा लेंगी। इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल की तारीखों की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

# डीआईपीआरओ व सहायक प्रोफेसर सम्मानित

### गीता जयंती समारोह को बेहतरीन बनाने के पुलिस आयुक्त ने किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



जिलासूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम को सम्मानित करते पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा।

**पुलिस** कमिश्नर विकास अरोड़ा ने अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम में बेहतरीन कार्य करने के लिए जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी फरीदाबाद राकेश गौतम को क्लास वन कमेंडेशन सर्टिफिकेट प्रदान किया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गुरुवार को आज पुलिस आयुक्त कार्यालय में विकास अरोड़ा पुलिस आयुक्त ने जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम को बधाई देते हुए कहा कि तीन दिवसीय इस आयोजन के प्रबंधन में बेहतरीन कार्य किया। इसके साथ ही उन्होंने बेहतरीन मंच संचालन के लिए अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ की सहायक प्रोफेसर सुप्रिया ढांडा को भी सम्मानित किया।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता का संदेश हरियाणा की धरती से निकला है। उन्होंने कहा कि कर्म के इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव जैसे कार्यक्रम एक बेहतरीन मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि जिला उपायुक्त विक्रम सिंह व अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता के नेतृत्व में तीन दिवसीय यह बेहतरीन कार्यक्रम फरीदाबाद में आयोजित किया गया।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में सभी लोगों ने बेहतरीन कार्य किया है और शहर के विभिन्न सामाजिक धार्मिक संगठनों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में बेहतर प्रबंधन में सहायता के लिए आज जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम को बेहतर प्रबंधन के लिए और अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ की सहायक प्रोफेसर सुप्रिया ढांडा को इस कार्यक्रम के दौरान बेहतरीन मंच संचालन के लिए कमेंडेशन सर्टिफिकेट है पांच 5000 रुपये की नगद राशि से सम्मानित किया गया है। पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा ने पुलिस प्रशासन की ओर से शुभकामनाएं भी दीं।

# ग्रेटर फरीदाबाद के शिव मंदिर में हुआ भूमि पूजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ग्रेटर** फरीदाबाद के भारत कॉलोनी में पदम नगर एरिया में शिव मंदिर की स्थापना के उपलक्ष में भूमि पूजन का आयोजन किया गया। जिसमे पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि पहुंचकर भूमि पूजन किया ओर मंदिर की नींव रखी। इस मोके पर कॉलोनी वासियों ने पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल का फूल मालाओं से स्वागत भी किया।

पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने अपने संबोधन में सभी पदम नगर कालोनी वासियों का कार्यक्रम में आमंत्रित करने पर धन्यवाद किया ओर मंदिर के नवनिर्माण की शुभकामनाएं दी। पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने इस अवसर पर कहा की मंदिर को बहुत ही भव्य बनाया जायेगा ओर जो भी सहयोग पहले किया है, उसके अलावा आगे भी जरूरत हुई तो मंदिर के लिए जरूर किया जायेगा। पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा की ग्रेटर फरीदाबाद में भारत कॉलोनी के लिए उन्होंने अपने कार्यकाल में लगभग सौ करोड़ रुपये से ज्यादा के विकास कार्य करवाए थे जिनमे से काफी तो पूर्ण हो गये थे ओर बाकी अब तक भी चल रहे हैं परन्तु उन्हें अच्छे से मालूम है अभी भी कुछ कमी है। पूर्व मंत्री ने इस मौके पर लोगों से समय आने पर ओर अधिक विकास करवाने का वायदा करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता उनके लिए सिर्फ वोटर नहीं है बल्कि उनका परिवार है ओर परिवार के लोगों की सेवा करना उनका कर्तव्य है,जिसका उन्होंने पहले भी निर्वहन किया है व आगे भी मौका मिलते ही करेंगे ओर जो भी विकास कार्य रह गये है या अधूरे पड़े है उन्हे तेजी से पूरा करायेगे। पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि आने वाले चुनाव में निवर्तमान पार्षद नरेश नंबरदार को चुनकर दोबारा से जिम्मेदारी देना बाकी विकास करवाने की जिम्मेदारी उनकी खुद की रहेगी।



नहरपार पदम नगर में पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल शिव मंदिर का भूमि पूजन करते हुए।

# सराय ख्वाजा विद्यालय का प्रशंसनीय प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**राजकीय** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद के विद्यार्थियों का ब्लॉक लेवल लीगल लिटरेसी कंपटीशन में प्रशंसनीय प्रदर्शन रहा। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा के निर्देशानुसार विद्यालय के विद्यार्थियों ने सभी दस प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता की। उल्लेखनीय है कि डिबेट, पावर प्लांट प्रेजेंटेशन, डॉक्यूमेंट्री फिल्म, क्विज, पोस्टर मेकिंग, स्किट, भाषण, कविता गायन, पेंटिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रति वर्ष आयोजित किया जाता है।

गत वर्ष भी प्राचार्य मनचंदा के पूर्व विद्यालय के विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में प्रशंसनीय और उल्लेखनीय प्रदर्शन किया था। इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने दस में से सात इवेंट्स में प्रथम और दो इवेंट्स में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य मनचंदा ने विद्यालय के विद्यार्थियों और अध्यापकों को इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों का सर्वांगीण और चहुंमुखी विकास करना ही हमारा प्रमुख ध्येय है। शिक्षा विभाग द्वारा समय समय पर दिए गए निर्देशों के अंतर्गत विद्यार्थियों को इन प्रतियोगिता में प्रतिभागिता के लिए प्रेरित किया जाता है। विद्यालय की छात्राओं और छात्रों को ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन के उपरांत डीएवी स्कूल सेक्टर 14 फरीदाबाद में जिला स्तरीय विधिक साक्षरता प्रतियोगिता में प्रतिभागिता का स्वर्णिम अवसर प्राप्त होगा। प्राचार्य और अध्यापकों ने छात्रा मोनिका, दिव्या यादव, रानी कुमारी, करिश्मा, नेहा, अर्चना, छात्र त्रंबकेश्वर, जीत, अभय, प्रियांशु, अक्षय, सूरज पुरी, डिंपल, गुनगुन और राजन सहित सभी को सम्मानित किया। प्राचार्य मनचंदा ने प्राध्यापिका प्रज्ञा, बबीता, रजनी कपूर, धर्मपाल, अजय गर्ग, राजेश भाटी, किरण, गीता सहित विद्यार्थियों दिव्या यादव, त्र्यंबकेश्वर राय तथा सभी का सहयोग देने और विद्यालय के लिए सम्मान प्राप्त करने के लिए स्वागत, अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया।



सराय के सरकारी स्कूल में आयोजित ब्लाक स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी मुख्य अतिथि के साथ।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

## नज़रिया



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

**पहाड़ों में ये क्रमानुसार ही तो हाथ जीता है**
**भतीजे की विजय में ये चचा का साथ जीता है**
**तुम्हारा हित हमारा हित, हमारा हित तुम्हारा हित**
**किसी ने जीत ली दिल्ली कोई गुजरात जीता है**

# कार्यशाला में रेडियो, साक्षात्कार, उद्घोषणा का ज्ञान दिया

### दो दिवसीय कार्यशाला में मीडिया विद्यार्थियों ने सीखीं रेडियो रिकॉर्डिंग की बारीकियां

### जेसी बोस विवि के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग ने कराई रेडियो कार्यशाला संपन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



जेसी बोस विश्व विद्यालय में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते मुख्य वक्ता पार्थ सराथी थपलियाल।

**जेसी** बोस विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दो दिवसीय रेडियो कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ऑल इंडिया रेडियो के पूर्व कार्यकारी कार्यक्रम प्रस्तोता पार्थसारथी थपलियाल ने मीडिया के विद्यार्थियों को रेडियो कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया।

कार्यशाला में रेडियो विशेषज्ञ एवं मुख्य वक्ता के रूप में ऑल इंडिया रेडियो के पूर्व कार्यकारी कार्यक्रम प्रोस्ता पार्थसारथी थपलियाल थे। जिन्हें रेडियो रिकॉर्डिंग का 38 साल का अनुभव हैं। थापलियाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 182 कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग करने का अनुभव है। थपलियाल का विभाग अध्यक्ष एसोसिएट प्रो डॉ पवन सिंह ने स्वागत किया और सहायक प्राचार्य डॉ सुभाष गोयल और डॉ तरुणा नरूला ने स्मृति चिंह भेंट कर अभिनंदन किया। ऑल इंडिया रेडियो के पूर्व कार्यकारी कार्यक्रम प्रस्तोता पार्थसारथी थपलियाल ने कार्यशाला के पहले दिन मीडिया विद्यार्थियों को रेडियो कार्यक्रम, शब्द उच्चारण, साक्षात्कार, उद्घोषणा का व्यावहारिक ज्ञान दिया। साथ ही अपने अनुभव साझा किए। दूसरे दिन विद्यार्थियों को दिए गए असाइनमेंट को जांचा और उसमें सुधार के साथ साथ कुछ सुझाव भी छात्रों को दिए। उसके उपरांत विश्वविद्यालय के रेडियों रूम में रिकॉर्डिंग की बेसिक जानकारी दी। संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा डिजिटल मीडिया स्टूडियो में दो दिवसीय रेडियो कार्यशाला सहायक प्राचार्य डॉ तरुणा नरूला की देखरेख में संपन्न हुई। जिसमें मीडिया के विद्यार्थियों ने रेडियो कार्यक्रम, स्वर ज्ञान, शब्द उच्चारण, साक्षात्कार, उद्घोषणा की बारीकियों के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया।

# 71वें राज्य पुलिस गेम में जीता सिल्वर मेडल

### सीपी ने जवान मनीष को दिया प्रथम श्रेणी का प्रशंसा पत्र और पांच हजार रुपये

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



पुलिस गेम में सिल्वर मेडल जितने सिपाही मनीष को प्रशंसा पत्र दे कर सम्मानित करते पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोडा।

**पुलिस** प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि मनीष का जन्म उसके पिता अजमेर सिंह के घर 1 मार्च 1998 हुआ था। मनीष रोहतक जिले के गांव सिंहपुरा खुर्द का रहने वाला है। पुलिसकर्मी की शिक्षा बीए है।

मनीष हरियाणा पुलिस में वर्ष 2019 के 2 मार्च को भर्ती हुआ था। मनीष ने पुणे में होने वाले 71 वें पुलिस गेम की प्रतियोगिता में 85 किलोग्राम में सिल्वर मेडल जीता है। मनीष ने प्रथम प्रतियोगिता में राजस्थान के खिलाड़ी को तथा दूसरी प्रतियोगिता में एसएसबी मिजोरम के साथ जीत दर्ज की है। फाइनल मुकाबला केरला के खिलाडी के साथ हुआ था। मनीष इससे पहले भी सिल्वर और ब्रोस मेडल वर्ष 2018 और 2019 में पढाई के दौरान जीत चुका है। उन्होंने बताया है मनीष अभी एसजीएम नगर पुलिस थाना में तैनात है। आज पुलिस आयुक्त ने अपने कार्यालय में मनीष को सम्मानित करते हुए 5000/-रुपये नगद व प्रथम श्रेणी का प्रशांसा पत्र दिया है।

# फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी अंधेरे में काम करने को मजबूर

**कविता । फरीदाबाद**

**बीके** सिविल अस्पताल परिसर में चल रहे जिला खाद्य एवं सुरक्षा प्राधिकरण के दफ्तर में बिजली की केबल जलने से पिछले 15 दिनों से बिजली गुल है, लेकिन शिकायतों के बाद भी बिजली शुरू नहीं की गई है। ऐसे में यहां तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

विभाग के सभी ऑनलाइन कार्य अधिकारियों को घर से लेपटॉप चार्ज कर दफ्तर में करने पड़ रहे हैं। वहीं विभाग ने गत नवंबर में 12 सैम्पल जांच के लिए भेजे हैं। जिनकी रिपोर्ट

## 226 में से 153 पास, 61 सैम्पल आए फेल और 12 की रिपोर्ट आनी बाकीः पृथ्वी सिंह

आनी है। वहीं सिंतबर और अक्टूबर माह में लिए गए 72 सैम्पलों में से अनसेफ, मिसब्रांड और सब स्टैंडर्ड पाए गए सैम्पलों के मालिकों को विभाग ने नोटिस भेजा है। यदि वह रिपोर्ट पेश नहीं करते तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाही कर जाएगी। यह बात जिला खाद्य एवं सुरक्षा प्राधिकरण के डेजीनेटीड ऑफिसर (पदनामित अधिकारी) पृथ्वी सिंह ने कही।



डेजीनेटीड ऑफिसर पृथ्वी सिंह।

उन्होंने कहा कि मिलावट खोरों से विभाग सख्ती से निपट रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले 11 माह में उन्होंने 226 सैम्पल जांच किए हैं। जिसमें से 153 सैम्पल पास पाए गए। वहीं 16 सैम्पल मिसब्रांड, 42 सैम्पल सब स्टैंडर्ड पाए गए और तीन मिसग्रांड पाए गए है। वहीं नवंबर में लिए गए 12 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी बाकी है।

**पांच जिले :** फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट में डेजीनेटीड ऑफिसर के पद पर नियुक्त पृथ्वी सिंह ने बताया कि वह प्रदेश में पांच जिले संभाल रहे हैं। जिसमें फरीदाबाद, पलवल, मेवात, रेवाडी, नारनौल जिले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिले में एफएसओ डॉ. सचिन भी तैनात हैं, वह पलवल और फरीदाबाद जिला संभाल रहे हैं। वहीं जब उनसे प्रदेशभर में मौजूद जिलों के विषय में बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रदेश के 22 जिलों में उनके समेत कुल 5 कंट्रोलर और 14 एफएसओ हैं। जिसे देखते हुए विभाग ने अब 41 भर्तियां निकाली है। ताकि प्रदेश में अधिकारियों की संख्या बढ़ सके।

**वर्ष 2022 में अब तक सैम्पल**

| माह | नमूने | पास | मिसब्रांड | सबस्टैंडर्ड | अनसेफ |
|---|---|---|---|---|---|
| जनवरी | 21 | 15 | 2 | 4 | 0 |
| फरवरी | 26 | 23 | 2 | 0 | 1 |
| मार्च | 15 | 07 | 3 | 5 | 0 |
| अप्रैल | 25 | 17 | 0 | 8 | 0 |
| मई | 09 | 05 | 0 | 3 | 1 |
| जून | 26 | 17 | 6 | 3 | 0 |
| जुलाई | 15 | 14 | 1 | 0 | 0 |
| अगस्त | 05 | 05 | 0 | 0 | 0 |
| सितम्बर | 32 | 15 | 1 | 16 | 0 |
| अक्टूबर | 40 | 35 | 1 | 3 | 1 |
| नवंबर | 12 | रिपोर्ट आना बाकी............ | | | |

# भाजपा जिला कार्यालय में गुजरात की जीत का मनाया गया जोरदार जश्न

## गुजरात की जनता ने मोदी के सुशासन और जनकल्याणकारी नीतियों पर फिर लगाई मुहर

**पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद**

**भाजपा** जिला फरीदाबाद कार्यालय अटल कमल में गुजरात विधानसभा चुनाव में फिर कमल खिलने पर जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल और आर एन सिंह के नेतृत्व में भाजपा जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा जश्न मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर और नाच कर जीत की खुशी का इजहार किया।

गुजरात चुनाव में भाजपा को 150 से ज्यादा सीटें मिलीं हैं और भाजपा ने कांग्रेस व दूसरी पार्टियों को धूल चटाई है। गुजरात की जनता ने देश हित में काम करने वाली सरकार, गरीब, दलितों और वंचितों के हित में कार्य करने वाली भाजपा सरकार की नीतियों और कार्यशैली पर पहले से ज्यादा विश्वास जताते हुए प्रचंड



बीजेपी कार्यालय पर गुजरात में पार्टी की जीत पर खुशी मनाते बीजेपी कार्यकर्त्ता।

बहुमत दिया है और भाजपा सरकार गुजरात के लोगों के लिए अब और अधिक ऊर्जा के साथ कार्य करेगी व लोगों की जन समस्यों एवं उम्मीदों पर खरा उतरने का कार्य करेगी। भाजपा जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल ने जीत पर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि गुजरात की जनता ने मोदी के सुशासन और जनकल्याणकारी नीतियों पर विश्वास जताते हुए भाजपा को अपना मत देकर प्रचंड बहुमत से जिताया है। पिछले 27 सालों में गुजरात का चहुंमुखी विकास हुआ है। देश का किसान, मजदूर, युवा सशक्त हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गुजरात देश का नम्बर वन विकास मॉडल बना है। वहां कि जनता ने इस विकास मॉडल पर फिर से मुहर लगाकर भाजपा में पूर्ण विश्वास जताया है। मूलचंद मित्तल ने गुजरात की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुजरात की जनता ने मोदी सरकार में अपना पूर्ण विश्वास दिखलाते हुए भाजपा को जिताकर गुजरात के विकास का मार्ग प्रशस्त किया है जनता ने गुजरात को जिताकर 2024 का ट्रेलर दिखा दिया है। मित्तल में कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि गुजरात प्रदेश की देवतुल्य जनता ने भाजपा को फिर पूर्ण बहुमत से जिताया जिसके लिए मैं वहां की जनता और कार्यकर्ताओं को बहुत बहुत बधाई।

जिला महामंत्री आरएन सिंह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व व नीतियों पर फिर एक बार अपना अटूट विश्वास जताते हुए-गुजरात की जनता ने विजय रूपी आशीर्वाद भाजपा को देकर एक बार फिर भाजपा की जीत पर मुहर लगाई है।

इस अवसर पर आज भाजपा फरीदाबाद के जिला कार्यालय अटल कमल पर हम सभी कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े पर नाच-गाकर व कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया है। इस जीत से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है और देश के सभी कार्यकर्ताओं को ऊर्जा मिली है। उन्होंने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम की जीत है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मान सिंह, पंकज पूजन रामपाल, मिडिया जिला सह संयोजक राजमदान, आईटी संयोजक सचेत जैन, मुकेश अग्रवाल, जिला विस्तारक मंजीत जांगड़ा, जिला कार्यलय सचिव सचिन गुप्ता, कुलदीप सिंघल, अश्वनी गुलाटी, महेशचन्द अग्रवाल, गिर्राज त्यागी, संदीप बंसल व अन्य वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# पति की हत्या के आरोप में महिला को उम्रकैद और जुर्माने की सजा



**फरीदाबाद।** गांव नेकपुर के निकट स्थित गड्ढा कालोनी में रहने वाली एक महिला को पति की हत्या करने के आरोप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवीर सिंह राठौर की अदालत ने उम्रकैद और दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह मामला पिछले करीब ढाई साल से अदालत में विचाराधीन चल रहा था।

अदालत में पेश मामले के मुताबिक राजस्थान के अलवर जिले में रहने वाले ओमप्रकाश ने दो जून 2020 को यह मामला थाना धौज में दर्ज करवाया था। जिसमें उसने कहा था कि उसके बड़े भाई 36 वर्षीय लखन का विवाह करीब 15 साल पहले मथुरा निवासी 30 वर्षीय मधु उर्फ राममूर्ति के साथ हुआ था। फिलहाल लखन के 11 वर्षीय और 8 वर्षीय दो बेटे हैं। दस साल तक लखन इधर-उधर किराए पर रहता रहा। करीब दो साल पहले लखन ने गड्ढा कालोनी में मकान बनाया था।

## मकान नाम न करने पर महिला ने की थी ढाई साल पूर्व पति की हत्या

परिवार के गुजारे के लिए लखन ड्राइवर का काम करता था। मधु यह मकान अपने नाम करवाना चाहती थी। जिसे लेकर वह आए दिन लखन से झगड़ा करती रहती थी। एक जून 2020 की रात को लखन काम से लौटते समय शराब पीकर घर आया था। तभी मधु फिर मकान अपने नाम करवाने की बात को लेकर लखन से झगड़ा करने लगी। उसी दौरान मधु ने गला घोट कर लखन की हत्या कर दी और परिजनों को सूचना दी कि शराब पीने से मौत हुई है। जांच में मामले का खुलासा हो गया था। बृहस्पतिवार को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने मधु को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है।

# एमआर कॉलेज के छात्र की ट्रेन से कटकर मौत

**पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद**

**हॉस्टल** से पार्टी में जाने के लिए कहकर गए मानव रचना शिक्षण संस्थान के एक छात्र का शव रेलवे लाईन से बरामद किया है। जीआरपी को छात्र का शव बृहस्पतिवार की सुबह फरीदाबाद रेलवे स्टेशन से नीलम फ्लाईओवर की ओर रेलवे लाइन से मिला है। शव की पहचान उसके फोन पर आए एक सहपाठी के जरिए हुई।

वहीं दूसरी तरफ जब इस मामले में सहपाठी को पता चला, तो उसने घटना की सूचना अपने प्रोफेसरों को दी। छात्र के सहपाठी और कॉलेज के प्रोफेसर मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने छात्र के शव की पहचान नागेंद्र नायडू के रूप में की और बताया कि मृतक छात्र मानव रचना शिक्षण संस्थान से बीटेक कर रहा है और आंध्रप्रदेश का निवासी था। जिस पर पुलिस ने आंध्रप्रदेश में परिजनों को इस घटना



के बारे में जानकारी दे दी है और परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पुलिस प्रथम दृष्टतया में इसे आत्महत्या का मामला मान रही है, क्योंकि छात्र पिछले दिनो घर से वापस आया है और सहपाठियों ने बताया कि उसके बाद से वह कुछ परेशान था। शव के पास मिले मोबाइल फोन की मदद से उसकी पहचान हो पाई। नागेंद्र मानव रचना शिक्षण संस्थान से बीटेक कंप्यूटर साइंस से कर रहे थे। परिजनों के आने के बाद उसका पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

# सामुदायिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए जागरुकता कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद**

**दक्षिणी** दिल्ली की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिऐशन (आरडब्ल्यूए) के साथ मिलकर राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआई) नीति बाग विभिन्न प्रकार के कैंसर से बचाव एवं सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य एवं कल्याण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है। विशेषतौर पर बुजुर्गों में होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर विमर्श किया जा रहा है।

आरजीसीआई नीति बाग के कंसल्टेंट मेडिकल ओंकोलॉजी डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली एवं नियमित जांच की मदद से प्रोस्टेट कैंसर से बचाव में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि बड़ी उम्र, मोटापा, ज्यादा बीएमआई, शारीरिक गतिविधि नहीं करने, धूम्रपान करने और परिवार में किसी को पहले से प्रोस्टेट कैंसर होने की स्थिति में किसी व्यक्ति में प्रोस्टेट कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। बड़ी उम्र में होने वाली सामान्य समस्या बीपीएच (प्रोस्टेट ग्लैंड का बढ़ना) के लक्षण काफी हद तक प्रोस्टेट कैंसर से ही मिलते-जुलते होते हैं। यूरिन में परेशानी होना, यूरिन ब्लेडर का पूरी तरह खाली नहीं हो पाना आदि इन लक्षणों में शुमार हैं। 50 साल से ज्यादा उम्र वाले करीब 50 प्रतिशत पुरुषों में बीपीएच के लक्षण दिखते हैं। अगर बीपीएच का इलाज न किया



जाए तो यूरिन इन्फेक्शन और यहां तक कि किडनी फेल होने तक का खतरा रहता है। अगर यूरिन करने में दिक्कत हो, तो प्रोस्टेट का अल्ट्रासाउंड और/या एमआरआई कराना होता है। इसके अलावा 50 साल से ज्यादा उम्र के पुरुषों को हर 2 से 3 साल में पीएसए और डिजिटल रेक्टल एक्जामिनेशन करा लेना चाहिए, जिससे शुरुआती स्टेज पर प्रोस्टेट कैंसर का पता लग सके। डॉ. मनीष शर्मा ने स्वास्थ्यपूर्ण भोजन, व्यायाम और वजन पर नियंत्रण रखने की सलाह दी, जिससे प्रोस्टेट कैंसर से काफी हद तक बचना संभव हो पाता है। आरजीसीआई नीति बाग में कंसल्टेंट इन-चार्ज, पेन एंड पैलिएटिव मेडिसिन डॉक्टर सन्नी मलिक ने कहा कि दर्द को मैनेज करने की नई तकनीकें बुजुर्गों में दर्द को कम करने में मददगार हैं। इनसे आर्थराइटिस के कारण घुटनों के दर्द से जूझ रहे मरीजों में सर्जरी और घुटना प्रत्यारोपण की जरूरत भी कम हो सकती है। 50 साल से ज्यादा की उम्र वाले लोगों में ऑस्टियोआर्थराइटिस की समस्या बहुत आम हो गई है। डॉ. सन्नी मलिक ने कहा कि घुटने की सर्जरी कराने से पहले किसी पेन स्पेशलिस्ट से मिल लेना चाहिए।

## उच्चतम न्यायालय के आदेशों की दृढ़ता से होगी पालना: डीएफओ

**फरीदाबाद।** डीएफओ राजकुमार (आईएफएस) ने बताया कि पंजाब भूमि संरक्षण अधिनियम पी0एल0पी0ए0 1900 की धारा 4 और / या 5 के तहत अधिसूचित भूमि पर गैर वानिकी गतिविधियों / अनधिकृत निर्माण करना गैर क़ानूनी है। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न पी0एल0पी0ए0 क्षेत्रों जैसे अनखीर, मेवला महाराजपुर, अनगपुर, लक्करपुर पर अनाधिकृत निर्माण है। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा ष्ठड्ढक्क 10294/2013 नरेंन्द्र सिंह और ओआरएस ड्ढह्य दिवेश भूटानी और ओआरएस के मामले में 21.07.2021 को दिए गये आदेश द्वारा वन क्षेत्र से सभी अनाधिकृत संरचनाओं को हटाने के लिए निर्देशित किया गया है। अत: सार्वजानिक नोटिस द्वारा वन भूमि से समस्त निर्माण / अनाधिकृत उपयोग को हटाने के निर्देश जारी किये जाते है। यदि वन भूमि में संचालित किसी गैर वानिकी गतिविधि या वन क्षेत्र के निर्माण के लिए किसी सरकारी विभाग / एजेंसी से अनुमति प्राप्त की गई है।

# पुलिस ने नशा तस्कर की अवैध कब्जा कर बनाई इमारत गिरायी

**पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद**

**सरकार** द्वारा नशा तस्करी और अपराधिक गतिविधियों में शामिल अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के दिए गए निर्देश पर जिला प्रशासन और फरीदाबाद पुलिस ने नशा तस्कर सत्यदेव के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया है। फरीदाबाद पुलिस ने नशा तस्कर सत्यदेव के द्वारा कृषि की जमीन पर अवैध कब्जा करके बनाई गई इमारत को ध्वस्त किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस ने बल्लभगढ़ के तिगांव के भैंसरावली रोड पर नशा तस्करी करके अर्जित की गई संपत्ति से बनाए गए दो मंजिल मकान को ध्वस्त किया जा रहा है। नशा तस्कर सत्यदेव फरीदाबाद के तिगांव का रहने वाला है। आरोपी पिछले 12 वर्षों से अवैध नशा तस्करी करती है और 38 वर्ष से क्राइम में संलिप्त है। आरोपी पर वर्ष 1984 में घर में चोरी का मुकदमा थाना छायंसा में दर्ज हुआ था। उसके खिलाफ फरीदाबाद में नशा तस्करी के 8 मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें 4 मुकदमे गांजा और चार मुकदमे शराब के थाना छांयसा और तिगांव में दर्ज है। आरोपी के खिलाफ थाना छायंसा में 6 मुकदमें तथा थाना तिगांव में 10 मुकदमे तथा थाना सिटी बल्लबगढ में एक मुकदमा दर्ज है। आरोपी ने वर्ष 1984 में चोरी के अपराध से क्राइम की शुरुआत की थी। आरोपी ने पैसे के लालच में आकर नशा तस्करी का काम शुरू कर दिया। नशा तस्करी से अर्जित की



## पुलिस ने बताया, सत्यदेव के खिलाफ अवैध नशे, चोरी व लडाई झगडे के 17 मुकदमे हैं दर्ज

गई अवैध संपत्ति से सत्यदेव ने तिगांव भैंसरावली रोड पर दो मंजिला इमारत बनाई हुई थी जिसमें आरोपी नशा तस्करी का काम करता था। आरोपी व्यक्ति को हुड्डा द्वारा कानून और नियमों की उल्लंघन करने पर नोटिस भी दिया गया था। आरोपी व्यक्ति द्वारा बनाई गई इस इमारत को फरीदाबाद पुलिस तथा जिला प्रशासन की टीमों द्वारा मिलकर ध्वस्त किया जा रहा है। तोड़फोड़ के दौरान एसीपी तिगांव सुखबीर और एसीपी क्राइम सुरेन्द्र श्योराण के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर मौजूद है जिनकी देखरेख में तोड़फोड़ की सारी कार्रवाई संपन्न करवाई जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने वाले अपराधियों की ओर भी सूचियां तैयार की जा रही है जिनके खिलाफ फरीदाबाद पुलिस की कार्रवाई इसी तरह जारी रहेगी।

## सीएम अनाउंसमेंट के कार्य समय में करें पूरा

**फरीदाबाद।** एडीसी अपराजिता ने जिला में चल रहे मुख्यमंत्री घोषणा के विकास योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली और संबंधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं का त्वरित लाभ आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित विकास परियोजनाओं को लेकर हर समय अपडेट रहें। सरकार और प्रशासन का प्रयास है कि अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिले।

एडीसी अपराजिता ने आज वीरवार को एफएमडीए, एचएसवीपी, पीडब्ल्यूडी बी एण्ड आर, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य कई विभागों के मुख्यमंत्री घोषणा के विकास कार्यों की एक एक करके विभागवार समीक्षा की। एडीसी अपराजिता ने समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा विकास कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए ताकि विकास कार्य प्रभावी रूप से हो सकें।

# संदिग्ध हालत में आग लगने से व्यक्ति झुलसा, गंभीर



**पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद**

**बाटा** चौक के निकट एसी नगर निवासी एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में आग से गंभीर रूप से झुलस गया। उसे तुरंत बीके अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद दिल्ली के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने एक सूदखोर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ है।

जानकारी के मुताबिक एसी नगर निगम राजकुमार के शरी बाटा चौक स्थित गगन सीनेमा के पास बृहस्पतिवार को अचानक आग लग गई। आसपास के दुकानदारों ने किसी तरह आग को बुझाकर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित व्यक्ति की पत्नी गीता और भांजे सोने ने बताया कि राजकुमार ने पांच साल पहले झाड़सेतली निवासी एक सूदखोर से 15 लाख रुपये उधार लिए थे। इसके बदले में राजकुमार 45 लाख रुपये दे चुका है, लेकिन सूदखोर 16 लाख रुपये और मांग रहा है। बृहस्पतिवार को सूदखोर ने राजकुमार को मिलने के लिए गगन सीनेमा के पास बुलाया था। उसी दौरान दुकानदारों ने देखा कि राजकुमार आग से झुलस रहा है। परिजनों का कहना है कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि आग राजकुमार ने खुद लगाई है या फिर सूदखोर ने उसे जलाया है।

# संक्षिप्त समाचार

## शुरू हुई दो दिवसीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप



**फरीदाबाद।** पीएससीबी (एनएचपीसी हरियाणा और पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड) के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-12 खेल परिसर में बृहस्पतिवार से दो दिवसीय 12वें इंटर सीपीएसयू एथलेटिक्स चैंपियनशिप की शुरुआत हुई। चैंपियनशिप को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह था। पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में बीबीएमबी के राहुल कुमार पहले स्थान पर रहे। पावरग्रिड के स्वप्निल चटर्जी दूसरे और बीबीएमबी के दीपक कुमार तीसरे स्थान पर रहे। वहीं महिलाओं में एनएचपीसी की कंचन देवी, पावरग्रिड की हिमांशी व सीईए की निधि चौहान क्रमश: पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। एनएचपीसी के डीजीएम पीआर मार्क लाकड़ा और संदीप वर्मा ने बताया कि सबसे पहले एनएचपीसी के वित्त निदेशक आरपी गोयल ने प्रतिभागी संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का उद्घाटन किया। टूर्नामेंट में विद्युत मंत्रालय, सीईए, बीबीएमबी, डीवीसी, एनएचपीसी, पावरग्रिड और आरईसी की टीम भाग ले रही हैं।

## चैंपियनशिप में उत्सव ने जीता गोल्ड मेडल

**फरीदाबाद।** रोहतक के दिल्ली पब्लिक स्कूल में चल रही सीबीएसई नॉर्थ जोन ताइक्कांडो चैंपियनशिप में फरीदाबाद के उत्सव गुप्ता ने उम्दा प्रदर्शन किया है। उत्सव ने अपने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी पर जबरदस्त प्रहार कर गोल्ड मेडल जीतने में कामयाबी पाई है। कोच कुमकुम ने बताया कि उत्सव ने यह कामयाबी अंडर-14 आयु वर्ग के 33 किलोग्राम वजन में पाई है। इस कामयाबी के बाद उत्सव गुप्ता नैशनल चैंपियनशिप के लिए सिलेक्ट हो गए हैं। इसके साथ ही सेक्टर-17 के मॉर्डन विद्या निकेतन स्कूल की प्रिंसीपल अगल्या वेंकटेश ने उत्सव गुप्ता की इस कामयाबी पर बधाई दी है। प्रिंसीपल ने मोबाइल पर बात करते हुए उत्सव का मनोबल बढ़ाते हुए नैशनल में पदक जीतने के लिए कहा। आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले उत्सव ने इस जीत का श्रेय स्कूल प्रबंधन के अलावा कोच कुमकुम को दिया है। चूंकि कोच बेहद मेहनत करती हैं और छोटी सी छोटी कमी को भी दूर कराती हैं, ताकि खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर सके।



उत्सव कोच कुमकुम के संग मैडल दिखाते हुए।

## ईयरफोन के कारण ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**फरीदाबाद।** बाबा हृदयराम कालोनी निवासी एक 21 वर्षीय युवक अपनी गलत आदत के कारण ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। युवक के कानों पर ईयरफोन लगा था, जिसके कारण उसे ट्रेन की आवाज नहीं आई और वह ट्रेन की चपेट में आ गया। हालांकि युवक को यात्रियों ने शोर मचाते हुए पत्थर फैंककर रोकने का काफी प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद भी वह ट्रेन की चपेट में आ गया। न्यू टाउन रेलवे स्टेशन से नीलम फ्लाईओवर की ओर कानों में ईयरफोन लगाकर मुजेसर स्थित बाबा हृदयराम कालोनी निवासी 21 वर्षीय शिवम ड्यूटी जा रहा था। थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि शिवम एक कंपनी में नौकरी करता था। वह अन्य दिनों की तरह बृहस्पतिवार को सुबह करीब 8.30 बजे कंपनी जा रहे था। कानों में ईयरफोन लगाकर न्यू टाउन स्टेशन के निकट रेलवे लाइन पार कर रहे था। उस दौरान दिल्ली की ओर से मथुरा की ओर जा रही ट्रेन की चपेट में वह आ गया और उसकी मौत हो गई। नरेन्द्र सिंह ने बताया कि मौके पर मौजूद यात्रियों की माने तो उन्होंने ट्रेन को देखकर शिवम को कई आवाजें लगाईं। शिवम को जब उनका शोर सुनाई नहीं दिया, तो एक यात्री ने उसकी ओर कई पत्थर फेंके, फिर भी शिवम का ध्यान ट्रेन की ओर नहीं गया। इसी बीच शिवम तेज गति से जा रही ट्रेन की चपेट में आ गया। यात्रियों ने मौके पर जाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना के बारे में पुलिस को जानकारी दी। जानकारी मिलने पर पुलिस ने उसके मोबाइल के आधार पर शव की पहचान की।

## शूटर सोनू ने जीता ब्रॉन्ज मेडल



**फरीदाबाद।** जिले के निशानेबाज सोनू चंदीला ने भोपाल में चल रही 65वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में टीम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीतने में कामयाबी पाई है। बृहस्पतिवार को फरीदाबाद पहुंचने पर कोच शांतनु ठाकुर ने सोनू चंदीला का स्वागत किया और भविष्य में भी शानदार प्रदर्शन करने की कामना की। सोनू ग्रेटर फरीदाबाद के बड़ौली गांव के रहने वाले हैं और उनके पिता सुखबीर किसान हैं। सोनू ने चार साल पहले शूटिंग को चुना था और तब से उन्होंने सेक्टर-12 खेल परिसर स्थित रॉयल शूटिंग अकैडमी में कोच शांतनु ठाकुर से ट्रेनिंग लेनी शुरू कर दी। शानदार प्रदर्शन के दम पर सोनू चंदीला को भोपाल में चल रही नैशनल चैंपियनशिप में खेलने का मौका मिला और उन्होंने 50 मीटर फ्री पिस्टल टीम प्रतिस्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीतने में कामयाबी पाई है। टीम में सोनू के साथ नितिन और कमलजीत थे। चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक राजस्थान व रजत पदक उत्तर प्रदेश की टीमों ने जीता। सोनू की उपलब्धि पर उसके पिता सुखबीर चंदीला समेत अन्य ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त की व भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने की कामना की। चैंपियनशिप का आयोजन भारतीय राष्ट्रीय निशानेबाजी संघ द्वारा मध्यप्रदेश राज्य निशानेबाजी अकैडमी में कराया जा रहा है।

## भाजपा की जीत का विधायक नरेंद्र गुप्ता ने मनाया जश्न

**फरीदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता के कार्यालय पर जश्न मनाया गया। इस मौके पर उत्साहित भाजपा नेताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ जीत का जश्न मनाया। एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर जीत की बधाई दी। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि हरियाणा में वर्ष 2024 में ऐसे ही भाजपा जीत हासिल करेगी। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने भाजपा नेताओं व कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गुजरात के परिणाम से भाजपा उत्साहित है। उन्होंने कहा कि गुजरात की जीत एतिहासिक जीत है और यह भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री, दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी के प्रति जनता का अथाह विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के गुड गवर्नेंस और विकास को जनता ने पुनः समर्थन दिया है। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में पार्टी की जीत का रथ आगे बढ़ रहा है। गुजरात की जनता ने भाजपा के विकास मॉडल को एक बार फिर अपनाया है। इस मौके पर भाजपा नेता आरएन सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, सचिव मुकेश अग्रवाल, मंडलाध्यक्ष नीरज मित्तल, वजीर सिंह डागर, अजीत नंबरदार, शिवकुमार वशिष्ठ, एमसी अग्रवाल, श्रीचंद गौतम सहित अनेक भाजपा नेता मौजूद रहे।

## महाकुंभ का निमंत्रण देने पहुंचे मीडिया कोऑर्डिनेटर

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ और युवा भाजपा नेता मनोज खंडेलवाल के नेतृत्व में मेवात के हिरमिथला गांव के नवनिर्वाचित सरपंच तौफीक खान के साथ 11 दिसंबर को करनाल में होने जा रहे सर्वधर्म समाज महाकुंभ की तैयारियों के बारे में चर्चा की। मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ ने विशेष रूप से मनोज खंडेलवाल को इस कार्यक्रम के प्रबंधन की जिम्मेदारी देते हुए खण्डेलवाल को मेवात क्षेत्र में रहकर कार्य करने के लिए तैनात किया है। खंडेलवाल पूर्व में एबीवीपी के जिला मेवात प्रमुख रहे हैं। गांव हिर मिथला में मुख्यमंत्री के मीडिया कोर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ और युवा भाजपा नेता मनोज खंडेलवाल के पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल माला और ढोल नगाड़े बजाकर उनका स्वागत किया।

# आने वाली पीढ़ी के लिए प्राकृतिक वस्तुओं और पर्यावरण को सुरक्षित करने की आवश्यकता : खट्टर

## कहा, गिरते भूजल स्तर को रोकने में प्रति वर्ष एक हजार तालाबों का पुनः निर्माण करना होगा

एन. रोहिल्ला। सोहना


मुख्यमंत्री के आगवन पर सीवन-1 नाव से झील में अभ्यास करते खिलाड़ी।


दमदमा झील में नौकायान करते खिलाड़ियों को देखते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।


मुख्यमंत्री के समक्ष बायोडायवर्सिटी पार्क को लेकर के बीच योजना पर हस्ताक्षर करते सीएसआर और गुरुग्राम उपायुक्त।

**प्रदेश** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए प्राकृतिक वस्तुओं और पर्यावरण को सुरक्षित करने की आवश्यकता है। मानव के साथ-साथ वन्य प्राणियों को सुरक्षित रखने के लिए जंगलों को बचाना होगा। गिरते भूजल स्तर को रोकने में प्रति वर्ष एक हजार तलाबों का पुन: निर्माण करना होगा।

गुरुवार को प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ग्राम पंचायत दमदमा, खेड़ला और अभयपुर की 500 एकड़ जमीन पर सीएसआर के माध्यम से बायोडायवर्सिटी पार्क का निर्माण किया जाएगा। जिसके निर्माण पर 70 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह पार्क चार चरणों में कार्य करके पूरा किया जाएगा। जिसमें 80 एकड़ जमीन पर दमदमा झील को विकसित करना है। झील का गिरते जलस्तर को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनाना शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिवर्ष भूजल का स्तर 5 से 10 फुट गिर रहा है। जिसके आधार पर 40 वर्ष बाद यह जलस्तर 100 फुट और गिर जाएगा। आने वाली पीढ़ी को पीने के लिए पानी नहीं मिलेगा। जल संरक्षण करना और गिरते भूजल स्तर को बचाने के लिए प्रदेश में अमृत सरोवर योजना के तहत प्रत्येक जिला में 75 तालाब विकसित किए जाने है। जिला गुरुग्राम में अभी तक 20 तालाबों को जल संरक्षण के उपयोग में लाया गया है। आने वाले समय में प्रतिवर्ष प्रदेश में 18 हजार तालाबों को हर वर्ष विकसित करना होगा। शहर व गांवों में जलापूर्ति के दौरान एक नहीं दो लाइनें बिछाई जाएगी।

एक लाइन से पीने का पानी आएगा तो दूसरी लाइन से घरों से उपयोगी पानी को वाटर ट्रिटमेंट प्लांट तक ले जाया जाएगा। जहां से पानी को खेती, गाड़ी धुलाई, कपड़ों की धुलाई आदि में उपयोग किया जा सके। बरसाती पानी को तालाब व बांधों में संरक्षित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा वर्तमान समय में मनुष्य को मानव जाति के साथ-साथ प्रकृति प्रेम के प्रति सजग करने की आवश्यकता है। जिससे दूषित होता पर्यावरण को बचाने के साथ-साथ वन्य प्राणियों को जीवनदान मिलेगा। दमदमा, खेलड़ा और अभयपुर की ग्राम पंचायत जमीन पर बनाएं जाने वाले बायोडायवर्सिटी पार्क से क्षेत्र के नागरिकों को रोजगार मिलने के साथ-साथ अपने आस पास शुद्ध वातावरण मिलेगा। इस अवसर पर सीएसआर और जिला उपायुक्त के बीच योजना पर संयुक्त रूप से समझौता पर हस्ताक्षर भी किए गए।

**दमदमा से 20 किमी दूर विकसित होगी जंगल सफारी :** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि दक्षिण हरियाणा को हरियाली और पर्यावरण दूषित होने से बचाने के लिए दमदमा झील से 20 किलोमीटर दूर सोहना से लगती अरावली पहाड़ी में जंगल सफारी विकसित की जाएगी। जिसमें गुरुग्राम और नूंह जिले की जमीन को शामिल किया है। इस जंगल सफारी के विकसित होने से वन्य प्राणियों को संरक्षण मिलेगा। इसके साथ पर्यावरण को शुद्ध करने का भारी मदद होगी।

**नौकायान संस्था की बल्ले-बल्ले :** दमदमा झील में नाकायान का अभ्यास करने वाली क्याकिंग एंड क्लोइंग संस्था को खिलाड़ियों की आर्थिक मदद के लिए सीएसआर के माध्यक से मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 21 लाख रुपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर मौजूद हल्का सांसद राव इन्द्रजीत सिंह ने भी सांसद कोटा से 11 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि देने की घोषणा की। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष श्योराज खटाना ने बताया कि वर्तमान समय में 100 के लगभग खिलाड़ी नौकायान का अभ्यास कर रहे है। उनके खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए 40 के लगभग मेडल जीते है।

# विधायक संग कार्यकर्ताओं ने गुजरात जीत की मनाई खुशी

## सैंकड़ों कार्यकर्ता विधायक संग पहुंचे दिल्ली

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला गुरुवार को सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ गुजरात चुनाव जीत की खुशी मनाने के लिए भाजपा के केंद्रीय मुख्यालय दिल्ली रवाना हुआ। इससे पहले उन्होंने अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं को जीत की खुशी सांझा करते हुए मिठाई बांटी। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुजरात की प्रचंड जीत के बाद यह साबित हो गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जलवा बरकरार है।

जनता उनमें, उनकी नीतियों में विश्वास करती है। जनता को बरगलाने वाली कांग्रेस और आप को गुजरात की जनता ने आइना दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि देश को विकसित देशों की सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाकर खड़ा कर दिया है। भारत को अब अमेरिका जैसे देश गंभीरता से लेते हैं। दुनिया को गिनती सिखलाने वाला भारत अब दुनिया में अहम स्थान रखता है। विधायक सुधीर सिंगला के साथ भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुंदरी खत्री, सरस्वती मंडल के अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, पार्षद सुभाष सिंगला, मनीष वजीराबाद, मंगतराम बागड़ी, पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, निगरानी कमेटी के पूर्व चेयरमैन सुमेर तंवर, अर्जुन मंडल उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता, सरस्वती मंडल महामंत्री स्वाति टंडन, अशोक डबास, मंडल सचिव अशोक सेन, कर्मवीर यादव, सीएम विंडो के सदस्य एवं रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य अमित गोयल, पंकज यादव, गगनदीप चौहान, सुनील नंबरदार, रघुवीर सरपंच, रामनिवास, हंसराज सरपंच, दीपक शर्मा, अभिषेक गौड़, आशीष गुप्ता, अनिल शर्मा, सिद्धू, आलोक तिवारी, लुभावन सोलंकी, रवि गुप्ता समेत अनेक लोग दिल्ली पहुंचे।


कार्यकर्ताओं के साथ गुजरात जीत की खुशी मनाते विधायक सुधीर सिंगला।

# अवैध फार्म हाउसों को रोकने को आगे आएं ग्रामीण : केंद्रीय मंत्री

## सांसद इंद्रजीत राव ने कहा, पेयजल संकट के लिए क्षेत्रवासी हैं जिम्मेदार

## अरावली में जलबहाव वाले रास्तों में बनते अवैध फार्म हाउस भी हैं जिम्मेदार

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


गुरुवार को दमदमा में बायोडायवर्सिटी पार्क आधारशिला अवसर पर बोलते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

**केन्द्रीय** मंत्री एवं हल्का सांसद राव इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि क्षेत्र में बनते अवैध फार्म हाउसों के निर्माण पर रोक लगाने के लिए क्षेत्र के ग्रामीणों को आगे आना होगा।

क्षेत्रवासी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलावाएं। जिससे उनका भविष्य उज्जवल बन सके। गुरुवार को दमदमा में बायोडायवर्सिटी पार्क की आधारशिला रखे जाने के मौके पर पहुंचे केन्द्रीय मंत्री एवं गुरुग्राम से सांसद राव इन्द्रजीत सिंह ने क्षेत्र में घटते भूजल स्तर पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने इस पेयजल संकट के लिए क्षेत्रावासियों को दोषी बताया। जिसका सबसे बड़ा कारण जलबहाव वाले रास्तों में बनते अवैध फार्म हाउसों का निर्माण है।

बरसात के दौरान अरावली पहाड़ी से धरातल पर आने वाला पानी को बीच रास्ते में ही रोकना। पानी के प्रकृति बहाव के रास्तों में बनें अवैध फार्म पर क्षेत्र के ग्रामीण रोक लगाने के लिए आगे आए। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आज अवैध फार्म हाउसा दिन प्रति दिन बढ़ रहे हैं। जिनका आम नागरिकों को कोई लाभ नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध फार्म हाउस का निर्माण करने वाले धनकुबेरों को अपनी जमीन न बेचें।

अवैध फार्म हाउसों पर राज्य सरकार तुरन्त प्रभाव से रोक लगाए। जमीन बेचने से आने वाला पैसे से ग्रामीण अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने का काम करें। जिससे उनका बच्चा अच्छी पढ़ाई करके कमाया गया पैसे का सदुउपयोग कर सके। केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि वर्तमान में दिल्ली से अच्छे नागरिक गुरुग्राम जिले में आकर निवास कर रहे हैं।

# पुलिस थानों में सीसीटीवी कमरे लगाने का कार्य शुरू

## ट्रांसलाइन टेक्नोलोजिज देगी पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण

**हिसार।** दिल्ली में पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। पुलिस की कार्य प्रणाली में सुधार लाने के लिये लाई जा रही इस महत्वाकांक्षी योजना को धीरे धीरे पूरे देश में लागू किया जायेगा। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने के बाद पुलिस की कार्य प्रणाली पर उठने वाले सवालों में काफी कमी आयेगी और जनता और पुलिस अधिकारियों का समन्वय बेहतर होगा। दिल्ली में 50 पुलिस थानों में आधुनिकरण करने की योजना के अन्तर्गत ट्रान्सलाइन टेक्नोलोजिज प्राइवेट लिमिटेड को सीसीटीवी् कैमरे के डिजाइन आपूर्ति लगाने एवं रखरखाव के कार्य दिया गया हैं। इसके साथ ही कम्पनी पुलिस थानों में सिस्टम इन्टीग्रेशन सॉफटवेयर को बेहतर करने का कार्य करेगी। ट्रान्सलाइन टेक्नोलोजिज इन कैमरों की तीन साल की ऑन साइट विस्तृत वारंटी



एवं 5 साल की ऑन साईट विस्तृत रख रखाव का कार्य करेगी। इस योजना के सम्बन्ध में ट्रान्सलाइन टेक्नोलोजिज प्राईवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अरूण गुप्ता ने बताया कि उनकी कम्पनी ने सीसीटीवी लगाने से सम्बन्धित कई बढ़ी योजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है और अब पुलिस थानों में सीसीटीवी लगाने की इस योजना को उनकी टीम बहुत ही गम्भीरता से ले रही है क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण योजना हैं। जो पुलिस और जनता के बीच बेहतरीन सम्बन्ध बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। इस योजना को पूरा करने के लिये उनकी कम्पनी स्थानीय निकायों जैसे डीडीएए नगर निगम पीडब्ल्यूडी एवं राजमार्ग प्राधिकरण आदि से जुड़ कर कार्य कर रही है।

# महंगी कारों के शहर गुरुग्राम में साइकिल चालकों के लिए जताई चिंता

## साइकिल चालकों की राह आसान करने पर हुआ मंथन

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**शहर** में इन दिनों साइकिलिंग के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे की जरूरत जैसे जरूरी विषय को लेकर गुरुवार को टू व्हील्स गुरुग्राम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम और कला प्रदर्शनी का आयोजन सस्टेनेबल मोबिलिटी नेटवर्क ने किया, जो 20 से ज्यादा ऐसे संगठनों का देशव्यापी नेटवर्क है। यह पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाने वाले परिवहन और यातायात के साधनों की दिशा में काम करते हैं।

इस कार्यक्रम में साइकिल चालकों और उनकी सुरक्षा को लेकर चर्चा को गति देने के लिए एक समूह चर्चा की गई। जिसमें सिटी मजिस्ट्रेट गुरुग्राम दर्शन यादव, राहगिरी फाउंडेशन की सह-संस्थापक एवं ट्रस्टी सारिका पांडा भट्ट, सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट की कार्यकारी निदेशक अनुमिता रॉय चौधरी, परपज क्लाइमेट लैब के निदेशक हरप्रीत बग्गा, सेफ्टीपिन के सह-संस्थापक एवं सीईओ कल्पना विश्वनाथ ने भाग लिया। अपने संबोधन में सिटी मजिस्ट्रेट दर्शन यादव ने कहा कि किसी भी नियोजित शहर की योजना बनाने से पहले उसके बारे में एक स्पष्ट विजन होना जरूरी है। टू व्हील्स गुरुग्राम को साकार करने के लिए हमें संभावनाओं को समझना होगा और फिर उसके लिए एक आदर्श विजन तैयार करनी होगी। हमें गुरुग्राम में ऐसी कम से कम दस सड़कों की पहचान करनी होगी, जिन्हें बेहतर साइक्लिंग और वॉकिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है।


गुरुग्राम में साइकिल चालकों की राह आसान करने को लेकर चर्चा में शामिल अतिथि।

इसके बाद हम डिजाइनरों और आर्किटैक्ट्स को जोड़कर इन योजनाओं को साकार कर सकते हैं। समर्थयम नेशनल सेंटर फॉर एक्सेसिबल एन्वायरनमेंट्स की निदेशक निधि मदान ने कहा कि किसी भी सस्टेनेबल शहर की योजना बनाने के लिए हमें विभिन्न पहलुओं पर विचार करना चाहिए। यदि यह काम ठीक से हो गया तो हम न सिर्फ साइकिल फ्रेंडली शहर बना सकते हैं, बल्कि एक सस्टेनेबल और लिवेबल सिटी को भी तैयार करने में सक्षम बन जाएंगे।

सारिका पांडा भट्ट ने कहा कि हम पिछले कई वर्षों से गुरुग्राम को साइक्लिंग के लिहाज से सुरक्षित क्षेत्र बनाने के लिए काम कर रहे हैं। इस दिशा में कुछ प्रगति हुई है, लेकिन इतना ही काफी नहीं है। साइकिल सवारों का अपनी जान से हाथ धोना जारी है। शहर में अन्य रोड इंफ्रास्ट्रक्चर काफी प्रभावी है। अब समय आ गया है कि हम इस बात को स्वीकार करें कि शहर में साइक्लिस्टों की संख्या काफी है। उन्हें बेखौफहोकर शहर में यहां से वहां साइकिल की सवारी करने की आजादी मिलनी चाहिए। जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के मुताबिक सिर्फ 8 फीसदी भारतीय परिवारों के पास ही गाड़ियां हैं।

# मोदी लहर के बीच गुजरात चुनाव में बह गई कांग्रेस-आप

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**एक** बार फिर से मोदी लहर चली और गुजरात के चुनाव में कांग्रेस और आप को बहा ले गई। लगातार 7वीं बार जीतकर भाजपा ने इतिहास रच दिया है। सरकार बनाने के दावे करने वाले अरविंद केजरीवाल को गुजरात की जनता से आइना दिखा दिया। कांग्रेस ने भी गुजरात में मुंगेरीलाल के सपने देखे थे। जो सच होने ही नहीं थे। यह बात पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने गुजरात चुनाव पर खुशी मनाते हुए कही। इस खुशी में वे कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली में दीन दयाल उपाध्यय मार्ग स्थित भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय भी पहुंचे।


गुजरात की जीत पर दिल्ली जाकर खुशी मनाते नवीन गोयल।

नवीन गोयल ने कहा कि गुजरात के 2022 के विधानसभा चुनाव में वर्ष 1985 और 2002 का रिकॉर्ड टूटा है। साल 2002 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी ने 127 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी। बात करें गुजरात में नरेंद्र मोदी के राजनीतिक सफर की तो वर्ष 2001 में बीजेपी ने नरेंद्र मोदी को गुजरात का मुख्यमंत्री बनाया।

मोदी के मुख्यमंत्री बनने के बाद अगले ही साल 2002 में चुनाव हुए। मोदी के नेतृत्व में इस चुनाव में बीजेपी ने 127 सीटों पर जीत दर्ज की। अब 2022 में गुजरात में बीजेपी ने प्रचंड जीत के साथ इतिहास रच दिया है। नवीन गोयल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान ही तय हो चुका था कि कांग्रेस गुजरात में और ज्यादा पिछड़ेगी। हुआ भी वही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस रूपी नैया का अब कोई खेवैया नहीं रहा। कांग्रेस डूबता जहाज नहीं, बल्कि कांग्रेस का जहाज डूब चुका है। रही आम आदमी पार्टी की बात तो सरकार बनाने के दावे करने वाले केजरीवाल अब गुजरात में कुछ सीटें लेकर इतरा रहे हैं।

# नायका फैशन एंड एलबीबी पेश करते हैं फर्स्ट इन फैशन फेस्टिवल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**यह** साल भले ही खत्म होने को है, लेकिन फैशन के दिन कभी खत्म होने वाले नहीं हैं। नायका फैशन एलबीबी के साथ मिलकर नए जमाने के लाइफ स्टाइल का फैशन शॉपिंग अनुभव पेश कर रहा है। फैशन की नवीनतम शैलियों, अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों और फैशनेबल डिजाइनों के कपड़े निश्चित ही आपको खरीदारी से रोक नहीं पाएंगे!

इस फैशन फेस्टिवल का एक दिन यानी 10 दिसंबर शॉपिंग फेस्टिवल है, जो महरौली के शानदार एक एक्यू फार्म्स में एक छत के नीचे सज रहा है। फैशन के मुरीदों के लिए यहां कुछ बेहतरीन और सबसे स्टाइलिश ब्रांड हैं, जो निश्चित रूप से आपको जरूर पसंद आएंगे। इस फैशन फेस्टिवल में सिर्फ स्टाइलिश कपड़े ही नहीं, जूते, घर की सजावट का सामान और एफएंडबी में इंस्टा-फर्स्ट, इंटरनेशनल और पसंदीदा लेबल की एक बड़ी श्रृंखला होगी। इसे एलबीबी और नायका फैशन के निर्माताओं ने खास आपने लिए चुना है। सर्दियों के मौसम में लिए ये खरीदारी का अनोखा अनुभव होगा। यहां आपको 50 से अधिक विकल्पों में अपनी पसंद खोजने का बेहतरीन अवसर मिलेगा। इस फेस्टिवल को नए जमाने की फैशन के हिसाब से काफी सोच-समझकर बनाया गया है। जहां तक आपकी खरीदारी के अनुभवों की बात है, तो ये फैशन उत्सव आने वालों को वह सब कुछ उपलब्ध कराएगा जिसका उन्हें अब तक इंतजार रहा है। निश्चित रूप से यह दिन उनके लिए आनंददायक भी होगा। दिल में उतर जाने वाले पेय से लगाकर तृप्त करने वाले निबल्स तक का अनुभव वास्तव में अलग ही होगा। माहौल को खुशबूदार बनाने के लिए यहां फूलों की भी व्यवस्था होगी। सहयोगी के साथ कभी न भूलने वाले मजेदार अनुभव के लिए यहां कलरबार ने टाइटन और 'को-अर्थ' जैसे प्रायोजक रखे हैं। इसके अलावा 'वेगा' और सेंको जैसे कुछ चुनिंदा नाम भी यहां मौजूद हैं।

नायका फैशन के प्रवक्ता ने इस फैशन फेस्टिवल के बारे में बताया कि जब अलग-अलग फैशन अनुभवों की बात आती है, तो नायका फैशन के




खरीदार इस बात को जानते हैं कि यह मंच सबसे स्टाइलिश, प्रतिष्ठित और अनोखी पेशकश वाला होता है। यहां आप कुछ ज्यादा की उम्मीद कर सकते हैं। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि हम फर्स्ट इन फैशन फेस्टिवल हैं। साथ ही अब हम इसे आगे भी बढ़ा रहे हैं। खरीदारों की पसंद का अनुभव हम जानते हैं। हमारे सहयोगी एलबीबी हर फैशन प्रेमी की पसंद के बेहतरीन ब्रांड और छिपे हुए रत्नों के जुनून को साझा करने में कोई कसर भी नहीं छोड़ते!

# एजेंसी कर्मचारी उड़ा रहे एनजीटी के आदेशों की धज्जियां

## नगर परिषद के कर्मचारी से लेकर अधिकारी देखकर भी कर रहे अनदेखा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना में डोर टू डोर कूड़ा लेकर जाते समय एजेंसी कर्मचारी एनजीटी के आदेशों को धज्जियां उड़ाते हुए।

**नगर** परिषद सीमा क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली एजेंसी कर्मचारी एनजीटी के आदेशों की सरेआम धज्जियां उड़ाने में लगे हैं। वहीं नगर परिषद के छोटे कर्मचारी से लेकर उच्चाधिकारी एजेंसी कर्मचारियों द्वारा बरती जा रही लापरवाही को नजरअंदाज करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है।

सोहना नगर ने इसी साल नये सिरे से 12 अगस्त को पूजा कंश्यूलेशन एजेंसी को नगर परिषद के सभी 21 वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा उठाने का ठेका दिया था। यह ठेका दो करोड़ 92 हजार रुपये एक साल के लिए दिया था। जिसके अनुसार हर माह 15 लाख रुपये परिषद एजेंसी को डोर टू डोर कूड़ा उठाने का भुगतान करेगी। जिसमें एजेंसी के 30 रिक्शा, 18 टिप्पर, 5 ट्रैक्टर और 2 जेसीबी पर 81 कर्मचारी तैनात रहने का तय किया था। साथ में एनजीटी की शर्तों का पालन करने के विशेष रुप से निर्देश दिए गए थे, लेकिन बीते करीब ढाई माह में नगर परिषद अधिकारी और एजेंसी के बीच हुए समझौता कागजों मे सिमट कर रह गए है। एजेंसी के जो वाहन डोर टू डोर कूड़ा उठाने में लगे हैं। उन पर तैनात कर्मचारी एनजीटी के आदेशों की जमकर धज्जियां उड़ाने में लगे हैं। एक भी वाहन चालक कूड़ा को निस्तारण केन्द्र तक लेकर जाते समय त्रिपाल का उपयोग नहीं करते है। जिससे कूड़ा वाहन से सड़क पर जाते समय बिखरता जाता है। कूड़ा से उठती बदबू साथ में से निकलने वाले वाहनों में सवार नागरिकों के मनमस्तिक को खराब कर देते हैं। जबकि एजेंसी कर्मचारियों की इस लापरवाही को उसके सुपरवाइजरों से लेकर नगर परिषद के सफाई इंस्पेक्टर और अधिकारी देखकर भी अनदेखा कर रहे है। बीते ढाई माह में एक भी चालन नगर परिषद की तरफ से एनजीटी के आदेशों की पालन न करने पर काटा गया है। एक कूड़ा उठाने वाले वाहन पर तैनाम कर्मचारी ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ठेकेदार की तरफ से उन्हें त्रिपाल लगाने के लिए न तो दिए गए हैं और दिए भी गए हैं तो उनका कम से कम उपयोग करने को कहा गया है।

> **नगर** परिषद के जेई ओम प्रकाश ने कहा कि सफाई इंस्पेक्टर की ड्यूटी लगाई हुई है। उनकी संज्ञान में एजेंसी कर्मचारियों बरती जा रही लापरवाही का मामला नहीं आया है। भविष्य में इस पर गोर किया जाएगा।
>
> **ओमप्रकाश**
> **( जेई नगर परिषद )**

**ठेकेदार राजनीति पकड़ होने करता है दावा :** जानकारी के अनुसार ये एजेंसी मालिक अपने अपनी राजनीति में ऊंची पहुंच होने का दावा करता है। सूत्रों ने बताया कि कई बार इसी राजनीति पहुंच के चलते परिषद के अधिकारियों तक फोन कराए गए है। ताकि कोई अधिकारी एजेंसी मालिक या उसके कर्मचारी को कुछ न कह सके।

# अमेजन फैशन पर वार्डरॉब रिफ्रेश सेल का 11वां संस्करण 9 से 14 दिसंबर 2022 तक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अमेजन** फैशन ने अपने सबसे बड़े शॉपिंग इवेंट वार्डरॉब रिफ्रेश सेल के 11वें संस्करण को सबसे पसंदीदा फैशन और ब्यूटी ब्रांड्स के विस्तृत चयन पर विशेष डील्स के साथ शुरू करने की घोषणा की है। अब जैसे कि वर्ष 2022 समाप्त होने वाला है, तो ये समय है पुरानी यादों को ताजा करने और संडे ब्रंच, वेडिंग सीजन, हाउस पार्टी या न्यू ईयर ईव को अपने प्रियजन के साथ अपने सबसे फैशनेबल परिधान के साथ जश्न मनाने का। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी क्या योजना है, हम आपको अपैरल, शूज, हैंडबैग, वॉचेज, ज्वेलरी, किड्स वियर, ब्यूटी उत्पादों, लग्जरी ब्यूटी आदि सहित फैशन और ब्यूटी कैटेगरी के विस्तृत चयन उपलब्ध कराएंगे। ग

ग्राहक शुक्रवार, 9 दिसंबर से शुरू होने वाले और 14 दिसंबर 2022 तक चलने वाले पांच दिवसीय शॉपिंग इवेंट के दौरान 50 प्रतिशत से लेकर 80 प्रतिशत तक की छूट हासिल कर सकते हैं। यहां आपके पास अपने वार्डरॉब को पूरी तरह से बदलने और लेटेस्ट ट्रेंड्स और डिजाइन के साथ एक नया रूप प्रदान करने का अवसर है।



उपभोक्ता वैन हुसैन, बीबा, लविाइस, वेरोमोडा, ओनली, एलेन सॉली, पूमा, एडिडास, ऑले, बेला वीटा, मेबलीन, झावेरी पर्ल्स, जीवा, टाइमेक्स, फास्ट्रैक, अमेरिकन टूरिस्टर, लैवी आदि सहित 1000 से अधिक टॉप ब्रांड्स के 9 लाख से ज्यादा स्टाइल में से चुनकर खरीदारी कर सकते हैं। ग्राहक अपने पसंदीदा ब्रांड्स जैसे टॉमी हिलफिगर, कोलम्बिया, माइकल कोर्स, एम्पोरियो अरमानी, मोकोबारा, डीकेएनवाई, हाईडिजाइन, एल्डो आदि के प्रीमियम कलेक्शन की खरीदारी 50-80 प्रतिशत डिस्काउंट पर कर सकते हैं।

# हिमाचल : कांग्रेस की जीत पर नूंह के पिनगवां में बांटे गए लड्डू

## ओबीसी मोर्चा के हिमाचल प्रभारी मुबारिक मलिक चेयरमैन ने कहा, पार्टी के शीर्ष नेतृत्व जाता है श्रेय

## कहा, हिमाचल के चुनाव परिणामों का असर हरियाणा की राजनीति पर भी जरूर पड़ेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

**हिमाचल** प्रदेश में कांग्रेस की जीत से नेता व कार्यकर्ता गद्‌गद् हैं। ओबीसी मोर्चा कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर एवं हिमाचल के ओबीसी कांग्रेस के प्रभारी मुबारिक मलिक चेयरमैन ने लड्डू बांटकर कार्यकर्ताओं के साथ जीत की खुशी का जश्न मनाया।


हिमाचल जीत के बाद कार्यकर्ताओं को लड्डू खिलाते ओबीसी हिमाचल प्रभारी मुबारिक मलिक चेयरमैन।

ओबीसी मोर्चा के हिमाचल प्रभारी मुबारिक मलिक चेयरमैन ने कहा कि इस जीत का श्रेय पार्टी के तमाम शीर्ष नेतृत्व के अलावा हिमाचल कांग्रेस के नेताओं व मेहनती कार्यकर्ताओं को जाता है। जिनकी बदौलत हिमाचल में पूर्ण बहुमत की सरकार कांग्रेस बनाने जा रही है। ओबीसी प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस के लिए आज खुशी मनाने का दिन है की भाजपा से हिमाचल प्रदेश छीनकर वहां कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जो वादे हिमाचल प्रदेश की जनता से किए थे, उन पर पूरी तरह से कांग्रेस खरा उतरेगी। मुबारिक मलिक चेयरमैन ने कहा कि हिमाचल के चुनाव परिणामों का असर हरियाणा की राजनीति पर भी जरूर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस 2024 में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी । कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा से भी कांग्रेस को लोगों का विशेष प्यार मिल रहा है। जिस राज्य से भी राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा निकल रही है। उसमें अपार जनसमूह उमड़कर यात्रा का स्वागत कर रहा है। आगामी 21 दिसंबर को भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान से हरियाणा के नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका विधानसभा में प्रवेश करेगी। जहां बड़ी तादाद में कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ताओं के अलावा कांग्रेस के समर्थक राहुल गांधी का भव्य स्वागत करेंगे। इसको लेकर कांग्रेस ने तैयारी शुरू कर दी है।

मुबारिक मलिक चेयरमैन ने कहा कि वे जल्द ही हिमाचल का दौरा करेंगे और ओबीसी कांग्रेस के नेताओं के साथ बड़ी बैठक करेंगे। मुबारिक मलिक चेयरमैन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही सभी 36 बिरादरी को साथ लेकर चल सकती है। भारतीय जनता पार्टी के दिन अब लद चुके हैं। ना केवल हिमाचल के चुनाव में उसे हार का सामना करना पड़ा है बल्कि कई राज्यों में हुए उपचुनाव में भी भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है। इस अवसर पर बाबूलाल सरपंच, सहाबुद्दीन कुरैशी, एक्स मेंबर इस्लाम, तैयब बदरपुर, अकरम सैफी, राहुल मलिक, पप्पू मलिक, सलीम वकील, असलूप मलिक पूर्व जिला पार्षद, डॉ फखरुद्दीन अल्वी इत्यादि मौजूद रहे।

# बेटियों के स्वर्णिम भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना कारगर

## एडीसी रेनु सोगन का आह्वान योजना का लाभ उठाएं अभिभावक

**मेवात।** अतिरिक्त उपायुक्त रेनु सोगन ने कहा कि बेटियां समाज का गौरव है और बेटियों को बेहतर शैक्षणिक एवं सुरक्षित माहौल प्रदान करने में सरकार सजगता से अपना दायित्व निभा रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से बेटी बचाओ. बेटी पढ़ाओ राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं को लागू करते हुए क्रियांवित किया गया है।

एडीसी ने सरकार की योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए वरदान है। इस योजना में जमा की गई राशि भविष्य में बेटियों को उच्चतर शिक्षा दिलवाने व उनकी शादी में आर्थिक रूप से मददगार साबित हो रही है। ऐसे में सभी पात्र व्यक्तियों को इस योजना के तहत अपनी बेटी का खाता खुलवाना चाहिए। सुकन्या समृद्धि खाता योजना बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ अभियान का ही एक भाग है। घरेलू बचत के लिए भी सरकार की यह एक अच्छी पहल है। उन्होंने बताया कि सुकन्या समृद्धि खाता एक डाकघर से दूसरे डाकघर में नि:शुल्क ट्रांसफ र किया जा सकता है। जमा राशि पर लगने वाला ब्याज पूर्णत: कर रहित है। इसमें आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत छूट भी प्राप्त है।

एडीसी ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत माता-पिता या कानूनी अभिभावक दो लड़कियों के लिए यह खाता खुलवा सकते हैं। बेटी के जन्म से 10 वर्ष तक की उम्र में सुकन्या समृद्धि अकाउंट खोला जा सकता है। यह खाता लडक़ी के नाम से ही खोला जा सकता है। जमाकर्ता माता-पिता, अभिभावक में से एक होगा जो नाबालिग लड़की की ओर से पैसा जमा करेगा। उन्होंने कहा कि मात्र 250 रुपये से खाता खोला जा सकता है, लेकिन साल में कम से कम एक हजार रुपये हर खाते में जमा होने चाहिए, अधिकतम एक लाख 50 हजार रुपये वर्ष में जमा किए जा सकते हैं। एक वित्त वर्ष में पैसे नकदए चेक या ड्राफ्ट के जरिए कितनी बार ही जमा किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुकन्या समृद्धि खाता योजना में जमा राशि पर ब्याज की गणना सालाना की जाती है। अभिभावक इस खाते में 14 साल तक ही पैसे जमा करवा सकते हैं और 21 वर्ष में यह खाता परिपक्व हो जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## गुरुग्राम विवि में छात्रों ने सीखा फिल्म बनाने का कौशल


गुरुग्राम विवि में हरियाणा फिल्म महोत्सव-2023 का पोस्टर जारी करते कुलपति व अन्य सदस्य।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विवि के मीडिया अध्ययन विभाग द्वारा गुरुवार को विश्वविद्यालय परिसर में फिल्म निर्माण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने मुख्य अतिथि एवं सीबीएफसी (सेंसर बोर्ड) के सदस्य हरिओम कौशिक और विकास कुमार ने फिल्म निर्माण विशेषज्ञ के रूप कार्यक्रम में शिरकत करते हुए छात्रों को फिल्म निर्माण की रोचक बारीकियों से अवगत कराया। इस दौरान छात्रों ने एक्टिंग और डायरेक्शन से लेकर प्रोडक्शन, सिनेमैटोग्राफी, स्क्रीन राइटिंग, साउंड रिकॉर्डिंग और फिल्म एडिटिंग तक से संबंधित अनेक सवाल पूछे, जिसका अतिथियों ने जवाब दिया। इस मौके पर अतिथियों द्वारा विश्व संवाद केंद्र हरियाणा, एवं सिने फाउंडेशन द्वारा हिसार के गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस और टेक्नोलॉजी में आयोजित होने वाले हरियाणा फिल्म महोत्सव का पोस्टर भी जारी किया गया। कार्यशाला में मीडिया विभाग के डीन डॉ. राकेश कुमार योगी समेत बड़ी संख्या में छात्रों के साथ ही शिक्षकों ने भी भाग लिया।

## भोंडसी से 19 वर्षीय युवती संदिग्ध हालात में लापता

**सोहना।** भोंडसी की सियाराम इंकलेब कॉलोनी में रहने वाली 19 वर्षीय युवती संदिग्ध हालत में लापता हो गई। लापता युवती के पिता ने स्थानीय भोंडसी थाना में अपनी शिकायत दर्ज कराई है। पिता की शिकायत पर पुलिस ने युवती के लापता होने का मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि उसके तीन बेटियां है। बीच वाली बेटी की उम्र 19 वर्ष है। बुधवार की दोपहर एक बजे उसकी बेटी बिना किसी को कुछ बताएं घर से बाहर चली गई। जिसे अपने स्तर पर तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लगने के बाद उन्होने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद लापता हुई युवती की तलाश शुरू कर दी है।

## नूह से सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष चुने हतोड़ी सरपंच खेड़ला



**मेवात।** हाल ही में हुए पंचायतों के चुनाव को तीन चरणों मैं संपन्न कराया गया है। हरियाणा प्रदेश की 6200 पंचायत और जिला नूंह में 297 पंचायतों से सरपंच चुने गए हैं। जिला व खण्ड नूहं के गांव खेड़ला के सरपंच ने खण्ड नूह के सभी सरपंचों ने अपने निवास स्थान पर चाय पर आमंत्रित किया। सभी सरपंच साहेबान का खेड़ला गांव की तमाम सरदारी की तरफ से चौ रफीक हतोड़ी प्रधान द्वारा अपने निवास पर फूलमाला व पगड़ी पहनकर स्वागत किया। नवनिर्वाचित सरपंचों की इस बैठक में गांवों के विकास, एकजुटता, गांवों में भाईचारे पर आगामी रणनीति तैयार की। जिसके उपरांत सभी नवनिर्वाचित सरपंचों ने सर्वसम्मति से सरपंच खेड़ला चौधरी रफीक हतोड़ी प्रधान को ब्लॉक नूह का अध्यक्ष चुना। बैठक में सभी सरपंचों को सम्बोधित करते हुए रफीक हतोड़ी ने कि आप सभी सरपंचों ने मुझे जो मान सम्मान के साथ सर पर ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में पगड़ी बांधकर जिम्मेदार सौंपी है। इंशाल्लाह में इसको पूरी शिद्‌दत के साथ निभाऊंगा और एकजुटता के साथ गांव-गांव विकास की बात होगी, भाईचारे की बात होगी और सबके अधिकारों की बात होगी।

## भिवानी में जेजेपी की रैली के साक्षी बनेंगे हरियाणावासी

**मेवात।** भिवानी के सेक्टर 13 के मेला ग्राउंड में आज होने वाली जेजेपी जन सम्मान दिवस रैली की तैयारियां जोरों पर है। जिसके तहत गुरुवार को मेवात से कार्यकर्ताओं की एक टीम युवा जिलाध्यक्ष वसीम अहमद व युवा प्रदेश महासचिव लुकमान खान तथा जेजेपी प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन के साथ भिवानी के लिए रवाना हुई। जहां पहुंच कर वॉलंटरी की जिम्मेदारी संभाली। जेजेपी प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से हरियाणा में सबसे बड़ी व ऐतिहासिक रैली का रिकॉर्ड जननायक जनता पार्टी ही बना रही है। इस अपने ही रिकॉर्ड को ध्वस्त कर इस बार फिर नौ दिसंबर को भिवानी में जेजेपी को और अधिक मजबूती देने तथा जन सम्मान दिवस को ऐतिहासिक व यादगार रैली का रूप देने हरियाणा के लाखों लोग मेला ग्राउंड, भिवानी में एकत्रित होंगे। इसके अलावा मेवात के तीनों विधानसभा नूंह, फिरोजपुर झिरका और पुनहाना से वरिष्ठ नेतागण भी अपने क्षेत्रों में जाकर लोगों को रैली का न्योता दे रहे हैं। आशा के अनुरूप अनेक कार्यकर्तागण 9 दिसंबर को ही भिवानी रैली स्थल पर पहुंचेंगे। इसके लिए मेवात के रैली जिला प्रभारी पूर्व मंत्री हर्ष कुमार ने सभी नेतागण व पदाधिकारियों तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं को उचित व आवश्यक दिशा निर्देश दिए हुए हैं।

# हाईवे पर दुघर्टना की वजह बन रहे आवारा पशु


हाईवे सड़क पर विचरण करती आवारा गोवंश, उपमंडल नागरिक अधिकारी दीपक बाबूलाल कारवां ।

## पशु पालक सुबह दूध निकल हाईवे रोड पर छोड़ देते हैं खुला

## सरकार पशु पालकों को भी अपने ही घरों में पशुओं को रखने के निर्देश दे

**पायनियर समाचार सेवा।** फिरोजपुर झिरका

**कई** वर्षों से गुरुग्राम अलवर हाईवे रोड पर आवारा पशुओं यानी कि गोवंश खतरों का सबब बनते जा रहे हैं। जिसकी वजह से बस स्टैंड स्थित स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं हाईवे पर तेज रफ्तार के साथ चलने वाले टू व्हीलर, फोर व्हीलर वाहन चालकों को भी इन सभी आवारा गोवंश से खतरा बना हुआ है। चालकों को डर रहता है कि आवारा पशु तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों की चपेट में न आ जाएं। वहीं शहर के कुछ दुकानदार इलियास अहमद, फकरू, पूर्ण चंद, आजाद, आस मोहम्मद का कहना है कि कुछ पशुपालक इन सभी आवारा गोवंश को शाम को अपने घर ले जाते हैं।

सुबह दिन निकलते ही दूध निकालकर हाईवे रोड की तरफ खुला छोड़ देते हैं। लेकिन सवाल इस बात का उठता है। अगर यह आवारा गोवंश किसी मोटर वाहन, फोर व्हीलर गाड़ी के नीचे आते हैं, तो इस बात का जिम्मेदार स्वयं गाड़ी चालक बन जाता है। वह अपनी बचाव के लिए थाने-चौकी के चक्कर काटने पर मजबूर हो जाता है। जब प्रदेश सरकार गोवंश सुरक्षा के लिए गो एक्ट नियम कानून बना रही है तो ऐसे में भी जिम्मेदार नागरिक को भी इन सभी आवारा गोवंश की हिफाजत करनी चाहिए। जबकि तीन चार महीने पहले बरसात के दिनों में लाइट के खंभों में करंट बनने के कारण एक गोवंश की मौत हो गई थी। ऐसे में पशुपालक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने पालतू पशुओं को घरों के आंगन में लगे खुटे में ही बांधना उत्तम रहेगा। ऐसे में स्थानीय प्रशासन को भी सड़क सुरक्षा के नियम को देखते हुए। पशु पालकों को भी अपने ही घरों में पशुओं को रखने के निर्देश देने चाहिए।

**ऐसा कहते हैं उपमंडल नागरिक अधिकारी :** उपमंडल नागरिक अधिकारी दीपक बाबूलाल कारवां का कहना है कि शहर के समस्त पशु मालिकों से अनुरोध है कि सभी अपने गोवंश को हाईवे पर खुला ना छोड़े और उन्हें अपने ही घरों में खूटें पर बांधे। जिससे हाईवे पर चलने वाले किसी भी वाहनों को नुकसान ना पहुंचे। अगर कोई भी इन सभी बातों को अनदेखा करता है तो उपरोक्त व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# जंगली सूअरों के आतंक से हजारों एकड़ फसल प्रभावित

## कई गांवों के किसानों की प्याज की फसल को उजाड़ रहे जंगली सूअर

**पायनियर समाचार सेवा।** फिरोजपुर झिरका


जंगली जानवरों द्वारा बिगाड़ी गई प्याज की फसलें।

**फिरोजपुर** झिरका के गांव पाठखोरी, चैनपुरी कुबडा बास (रावली) के जंगल में जंगली सूअरों के आतंक से किसानों की गेहूं, सरसों, प्याज टमाटर की फसल को रात के समय खा रहे हैं। रात के समय में जंगली सूअरों का लगभग 25-30 के झुंड में ग्रामीणों द्वारा देखा गया है।

जंगली सूअर को भगाने का ग्रामीण भरपूर प्रयास कर रहे हैं लेकिन इसके चलते कई बार रात के समय किसानों पर चोरों द्वारा जानलेवा हमला किया जा चुका है। जिससे डर की वजह से ग्रामीणों की फसल को लगातार नष्ट कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जंगली सूअर रात होते ही करीब 9.00 बजे रात्रि आ जाते हैं और रात भर फसलों में नुकसान करते हैं और सुबह अजान लगते ही अरावली पर्वत में छुप जाते हैं।

पाठखोरी निवासी साजिद हुसैन, इलाउदिन, साबिर, अनीस ने बताया कि उसने डेढ़ एकड़ में प्याज की फसल बोई थी जिसमें लगभग साठ हजार रुपये का खर्चा हुआ था। जंगली सूअरों ने मेरी फसल में 50 प्रतिशत नुकसान एक दिन में किया है कुबड़ा बास (रावली) निवासी रेशम ने बताया कि मैंने दो एकड़ में प्याज व एक एकड़ में सरसों की फसल बोई थी।

जिसमें लगभग 70 हजार रुपये का खर्चा हुआ था लेकिन जंगली सूअरों के आतंक से मेरी फसल को दिन प्रतिदिन भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। चैनपुरी बास निवासी इस्लाम ने बताया की मैंने 6 एकड़ में प्याज की फसल बोई थी। प्रति एकड़ में 60 हजार रुपये का खर्चा हुआ था। जिसमें अब तक जंगली सूअरों द्वारा 40 प्रतिशत तक नुकसान पहुंचाया जा चुका है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की जंगली सूअरों द्वारा उनकी फसल को दिन प्रतिदिन भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस पर जिला प्रशासन रेस्क्यू टीम भेज कर जंगली सूअरों को पकड़वाने के लिए गांव में टीम भेजी जाए, ताकि किसानों की गेहूं सरसों प्याज टमाटर की फसल को जंगली सुअरों के आतंक से बचाया जा सके।

### ऐसा कहते हैं वन अधिकारी

**वन** राजिक अधिकारी अफजल खान का कहना है कि यह मामला मेरे संज्ञान में है। लेकिन जीव जंतु विभाग की टीम इस कार्य को कर रही है। जल्दी ही ग्रामीणों को इन सभी जंगली जानवरों से छुटकारा दिलाया जाएगा।

# तीन खंड के 70 डेमो स्कूलों के हेड मास्टरों का हुआ प्रशिक्षण

**मेवात।** नई शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत निपुण भारत कार्यक्रम में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के संबंध में जिला मौलिक शिक्षा विभाग और कैवल्या एजुकेशन फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से कार्यक्रम चला रहा है।

नीति आयोग द्वारा चलाए जा रहे आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत नूंह जिले के पुन्हाना, नगीना और फिरोजपुर झिरका खंड के सभी 70 डेमो स्कूलों के हेड मास्टर की एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। इसमें एफएलएन, आधारभूत मूल्यांकन, डेमो स्कूल की अवधारणा और नेतृत्व कौशल विकास के संबंध में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत गांधी फेलो दुर्गेश सिंह ने चेतना गीत के माध्यम से किया और उसके बाद सभी ने निपुण भारत अभियान शपथ ली।

# बीएड का ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित हुआ

## एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में चैयरमेन डा. पुनीत गोयल ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**पलवल** स्थित शिक्षण संस्थान एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में बीएड का ओरिएंटेशन प्रोग्राम किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन डॉ पुनीत गोयल के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष मनोज जायसवाल द्वारा बीएड के पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी छात्रों को दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज की चैयरपर्सन डॉ पूनम गोयल ने अपने उद्‌बोधन में छात्रों को भावी शिक्षक होने की शुभकामनाएं दीं।

जिनका स्वागत संस्था की प्राचार्या प्रो. लक्ष्मी शर्मा द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। कॉलेज के उच्च प्रशानिक अधिकारी डॉ सुनील दलाल ने छात्रों को जीवन में शिक्षा के साथ संस्कारों को आत्मसात करके आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. लक्ष्मी शर्मा ने छात्रों द्वारा अपने जीवन में शिक्षण व्यवसाय को चुनने पर विद्यार्थियों की सराहना की। मेहनत करके उच्च कोटि के शिक्षक बनकर देश की सेवा करने को कहा।

कॉलेज के अध्ययन कर रहे विभिन्न छात्रों चंचल, ऋतु, तन्वी, भावना, अभिषेक आदि विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा नवीन विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस शुभ अवसर संस्थान के प्रमुख गणमान्य लोग प्राचार्य एआइटीएम डॉ आरआर पांडेय, प्राचार्या एआईपी डॉ अर्पणा राणा, रजिस्ट्रार दिव्या वर्मा, आशुतोष सिंह के साथ-साथ अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# आईफोम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की पहचान बनाई

## जकार्ता में हुए अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में आईफोम की छह इकाइयों ने प्रतिभाग किया

## अध्यक्ष श्याम सुंदर कपूर बोले, डेलीगेशन का नेतृत्व राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार चौधरी ने किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


अनिल चौधरी एमएसएमई।

**मैन्यूफेक्चरिंग** इंडोनेशिया अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला जकार्ता में संपन्न हुआ। चार दिवसीय इस व्यापार मेले में भारत से मात्र 40 इकाइयों का ही भाग लेने के लिए चयन किया गया था। इसमें आल इंडिया फोरम ऑफ एमएसएमई (एआईएफओएम) की 6 इकाइयों ने भाग लिया। एआईएफओएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर कपूर ने बताया कि इन सभी उद्यमियों के भारतीय डेलीगेशन का नेतृत्व एआईएफओएम के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार चौधरी ने किया। जो कि अन्तराष्ट्रीय स्तर पर एमएसएमई के विशेषज्ञ हैं तथा पूर्व में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग में

वरिष्ठ अधिकारी रहे हैं। श्याम सुंदर कपूर ने यह भी बताया की एआईएफओएम के सदस्य इस व्यापार मेले में प्राप्त सफलता से अति उत्साहित हैं। उन्होंने यह भी बताया की एआईएफओएम शीघ्र ही आईईएसएस, चेन्नई एवं हानोवर मेसी, जर्मनी में आयोजित अन्तराष्ट्रीय व्यापार मेलों में भी बढ़चढ़ कर भाग लेने जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया की इंडोनेशिया में भारतीय राजदूत मनोज कुमार भारती ने एआईएमओएम के सदस्यों के साथ एक बैठक की। इंडोनेशिया से व्यापार करने में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। एआईएफओएम के डेलिगेशन ने कादिन इंडोनेशिया नामक चैम्बर आफ कॉमर्स के साथ भी बैठक की। व्यापार मेले में फरीदाबाद की इकाई टासा माइक्रो एसपीएम प्रालि के मालिक अशोक कुमार सेन, देवाशीष इंजीनियरिंग प्राडक्टस लिमिटेड के मालिक डीके मिश्रा, गौरव इंडस्ट्रीज के मालिक मनीष मल्होत्रा, आरवी इंडस्ट्रीज प्रालि के मालिक जय नायर ने भारतीय राजदूत को काफी सुझाव दिए।

फरीदाबाद के एक अन्य इकाई बेल्ज इंस्ट्रूमेंट प्रालि के मालिक अशोक नेहरा ने बताया कि वे अगले वर्ष भी इस व्यापार मेले में भाग लेंगे। गाजियाबाद की इकाई बेस्टेक इंजीनियरिंग प्रालि के मालिक राज कुमार शर्मा ने बताया की उन्हें इस व्यापार मेले में उम्मीद से अधिक लाभ हुआ है। एआईएफओएम के राष्ट्रीय महासचिव एवं भारतीय दल के संयोजक अनिल कुमार चौधरी ने मेले के आयोजकों ईईपीसी इंडिया एवं भारतीय दूतावास के अधिकारियों का धन्यवाद किया है।

# शिक्षा से ही हम बन सकते हैं जागरुक नागरिक : कुसुम मलिक

## मुख्य अतिथि व जिला कोऑर्डिनेटर, शिक्षा विभाग कुसुम मलिक ने मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के समापन पर कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

**भारत** सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो चंडीगढ़, क्षेत्रीय कार्यालय नारनौल व जिला प्रशासन नूंह के सहयोग से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर तीन दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी न्यू बस स्टैंड नूंह का समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला कोऑर्डिनेटर, शिक्षा विभाग कुसुम मलिक रहीं। उन्होंने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही हम जागरुक नागरिक बन सकते हैं। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि सभी लोग शिक्षित रहे खास तौर पर बालिकाओं की शिक्षा की आवश्यकता बारे में उन्होंने विस्तार से बताया।

अल्पसंख्यक वर्ग को दी जा रहीं सुविधाओं व शिक्षा संबंधी क्षेत्र में दी जा रही स्कॉलरशिप स्कीम के बारे में उन्होंने विस्तार से बताया। विशेष अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास कल्याण अधिकारी ग्रामीण सुदेश रहीं। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कासिम खान जिलाध्यक्ष हरियाणा यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स ने चित्र प्रदर्शनी में उपस्थित सभी लोगों और बच्चों का धन्यवाद किया। कहा कि केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदर्शित की गई है, जो निश्चय ही आम जन को योजनाओं से अवगत कराएगी। प्रदर्शनी में स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया, महिला सशक्तिकरण, नमामि गंगे, स्वच्छ भारत मिशन, मेक इन इंडिया, जनधन योजना, उज्जवला योजना, मुद्रा योजना, अटल पेंशन योजना, जननी सुरक्षा योजना, मातृ वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, विकास कार्यों संबंधी आंकड़े इत्यादि के बारे में जानकारी प्रदर्शित की गई है। लोगों को सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों संबंधी प्रचार सामग्री का भी वितरण किया गया। कमलेश नागर गीत व नाटक पार्टी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से मनोरंजन के साथ-साथ जानकारियां भी लोगों तक पहुंचाई गई। कुसुम मलिक ने अपील की कि नए भारत के निर्माण में सब लोग आगे आएं।

पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Jitender S/o Sohan Lal R/o H. No. 1D/101, NIT, Faridabad, have changed my name to Jitender Kumar Virmani S/o Sohan Lal Virmani.

बेदखली सूचना

मैं, शैंटी धिंगड़ा पत्नी संजय धिंगड़ा निवासी मकान नं0 5एन-18, एन आई टी फरीदाबाद, हरियाणा (आधार नं0 4428 4925 3215) अपने पति संजय धिंगड़ा (पुत्र श्री जगदीश धिंगड़ा) को अपनी चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल करती हूं, जो कि मेरी आज्ञा में नहीं है। उनके द्वारा किए गये किसी सम्बन्ध, कार्य, पुराना व नया पैसे का लेन-देन, झगड़ा, मार-पीट, पुलिस केस, कोर्ट केस आदि से मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई सरोकार नहीं होगा। हमारा कोई कानूनी नहीं होगा।

सार्वजनिक सूचना

नगर निगम फरीदाबाद के भवन कर रिकार्ड में यूनिट प्रॉपर्टी आई0डी0 नंबर- व मकान नंबर. 1BGCHULI फरीदाबाद के अनुसार श्री Mahesh Sharma के नाम दर्ज है। श्री Sharda Rani की मृत्यु दिनांक 24.12.2017. के पश्चात जो कि इस भवन की वसीका रजिस्ट्री शुदा दिनांक 7692 से मालिक था, के बारे में प्रार्थी Manish, Pradeep, Mamta, Veena ने आवेदन किया है कि यूनिक प्रॉपर्टी आई0डी0 नंबर- 1BGCHULI व मकान नंबर- 1423/बी फरीदाबाद की मंजूरशुदा विरासत दिनांक 21.06.2022 से कानूनी मालिक है। मलकियत प्रार्थीगण के नाम दर्ज की जावे।

यदि इस मलकियत जिसका यूनिक प्रॉपर्टी आई0डी0 नंबर- 1BGCHULI व मकान नंबर- 1423/बी फरीदाबाद प्रार्थीगण Manish, Pradeep, Mamta, Veena नाम दर्ज करने हेतु किसी भी व्यक्ति को कोई एतराज है तो वह दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र में प्रकाशित होने के 30 दिन (1 माह) के भीतर अपना एततराज अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दे सकता है। समयावधि समाप्त होने उपरांत भवन कर रिकार्ड में प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर स्थानान्तरण कर दिया जाएगा। नगर निगम फरीदाबाद इसका उत्तरदायी नहीं होगा।

{k=; , oav f/kdkjh&III
uxj fuxe Qjhnkckn

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# इक्ज़िट पोल
## उम्मीद के अनुसार

**इक्ज़िट पोल** के नतीजों ने कोई आश्चर्यजनक अनुमान नहीं लगाया है और इनके अनुसार भाजपा व 'आप' विजेता होंगे, जबकि कांग्रेस की करारी हार होगी। गुजरात व हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों तथा दिल्ली में नगर निगम चुनाव के एक्जिट पोल उम्मीद के अनुसार हैं। अधिकांश रिपोर्टों तथा विशेषज्ञों की राय के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गृह राज्य गुजरात में भाजपा अपनी संख्या बढ़ा कर 182 सीटों में 99 से अधिक पर विजय प्राप्त कर सकती है। यह उपलब्धि 27 साल के शासन के बाद सत्ता-विरोधी रुझान व मोरबी दुर्घटना में मीडिया द्वारा भाजपा की खिंचाई के बावजूद मिलेगी। गुजरात चुनाव के 9 एक्ज़िट पोल ने भाजपा को औसतन 132 सीट का अनुमान लगाया, जबकि कांग्रेस को 38 व आम आदमी पार्टी को आठ सीटें मिल सकती हैं। हिमाचल प्रदेश में भी जहां मतदाता हर पांच साल पर राज्य सरकार बदल देते हैं, भाजपा ने अपनी विजय के लिए कठोर परिश्रम किया है। एक वीडियो वाइरल हुआ जिसमें स्वयं प्रधानमंत्री अपने एक विद्रोही उम्मीदवार को नाम वापस लेने के लिए समझाते दिख रहे हैं। हालांकि, एक्ज़िट पोल ने हिमाचल प्रदेश में 'कांटे की टक्कर' का अनुमान लगाया है, लेकिन 68 विधानसभा सीटों पर हुए चुनाव में उन्होंने भाजपा को औसतन 35 तथा कांग्रेस को 30 सीटें दी हैं, जबकि उनके अनुमान से 'आप' का खाता भी नहीं खुलेगा। केवल आजतक-एक्सिस माई इंडिया ने कांग्रेस को 30-40 सीटों और भाजपा को 24-34 सीटों का अनुमान लगाया है। इस पोल से लगता है कि हिमालयी राज्य में देश की सबसे पुरानी पार्टी की सत्ता में वापसी हो सकती है। लेकिन जहां तक एमसीडी चुनाव का सवाल है, सभी चार एक्ज़िट पोल ने 'आप' को अच्छे बहुमत तथा औसतन 154 सीटों का अनुमान लगाया है, जबकि उन्होंने भाजपा को 84 तथा कांग्रेस को 6 सीटें दी हैं।




यदि एक्ज़िट पोल मोटेतौर से सही सिद्ध होते हैं तो वे कुछ तथ्य उजागर करते हैं। पहला, भाजपा की चुनाव मशीनरी का कोई मुकाबला नहीं है। भाजपा-विरोधी भले ही आरोप लगाएं कि उसने भारी मात्रा में पैसा एकत्र किया है तथा वह अपने चुनावी उद्देश्य पूरा करने के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो व प्रवर्तन निदेशालय जैसी कानून-व्यवस्था एजेंसियों का दुरुपयोग करती है, लेकिन इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि उसके तथा आरएसएस के कार्यकर्ता किसी भी चुनाव में घोर परिश्रम करते हैं। वे कोई भी चीज संयोग पर नहीं छोड़ते हैं, मोरबी दुर्घटना या कहीं भी विद्रोही उम्मीदवार मैदान में उतरने से निराश नहीं होते हैं और अपने प्रयास पूरी ताकत से जारी रखते हैं। दूसरी ओर कांग्रेस में जैसे इच्छाशक्ति और क्षमता या दोनों चीजें मर गई हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा के मुकाबले आज कांग्रेस के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। राहुल गांधी देश जोड़ने में व्यस्त हैं, जबकि उनकी अपनी पार्टी बिखर रही है। हालांकि, उनकी बहन प्रियंका गांधी ने हिमाचल में काम किया, लेकिन यह पार्टी नेताओं की इच्छाओं के अनुरूप नहीं था। एक समय कांग्रेस हिमाचल में विजय आसान मानती थी, पर बाद में वह विवादों में घिर गई। इन परिस्थितियों में 'आप' एमसीडी चुनावों में विजेता दिख रही है। पिछले 15 साल से भाजपा का इस पर शासन रहा है, कुछ समय पहले तक दिल्ली में तीन नगर निगम थे जिनको मिला कर एक कर दिया गया है। हालांकि, भाजपा ने एमसीडी चुनाव जीतने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी, चुनाव प्रचार अभियान हाई-प्रोफाइल था और आम आदमी पार्टी के कद्दावर नेता सत्येन्द्र जैन के कई विवादास्पद टेप भी सामने आए थे, लेकिन शायद उसे इसका लाभ नहीं मिला। वैसे भी दो राज्य विधानसभा चुनावों में पार्टी का शानदार प्रदर्शन इस नुकसान की भरपाई कर देता है, लेकिन कांग्रेस को सांत्वना देने के लिए कुछ नहीं है।

# भारत के अनाम नायकों की स्मृति

6 दिसंबर को देश ने बाबा साहेब अंबेडकर की पुण्य तिथि पर उनको याद किया। यह अवसर भारत के अनाम नायकों की स्मृति का भी है।



**अरुण राम मेघवाल**
(लेखक, संस्कृति व संसदीय मामलों के राज्य मंत्री हैं।)



**छियत्तरवें** स्वतंत्रता दिवस के सवेरे ने जिस युग का प्रारम्भ किया है उसे 'अमृत काल' कहा जाता है। ब्रिटिश राज के खिलाफ अनेकानेक संघर्षों के बाद हमें स्वतंत्रता मिली जो असंख्य अनाम नायकों के बलिदानों का भी परिणाम थी। इस महान गाथा में 75वीं वर्षगांठ मनाने का नाम अमृत महोत्सव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' की कल्पना स्वतंत्र भारत की 75 साल की यात्रा को ध्यान में रख कर की है। आजादी के अमृत महोत्सव में जनता की लगातार बढ़ती सहभागिता से इस आयोजन में अनेक चीजें जोड़ी हैं जिससे मूल्य-संचालित भारत की राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक प्रगति और तेज होगी।

स्वतंत्र भारत के जन्म के बाद इतिहास के पन्नों में जाने अनजाने कुछ विशेष विचारों व आदर्शों को अनदेखा किया गया, जबकि उन्होंने ऐसे भारत की नीव डाली जिसमें हम आज सांस ले रहे हैं। राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं व पक्षपात के कारण अनेक राष्ट्रनिर्माताओं का योगदान अस्वीकार कर दिया गया। इस प्रकार का अपारदर्शी आदर्शवाद भले ही तत्कालीन निर्णय लेने वालों के अल्पकालीन एजेंडे की पूर्ति करता रहा हो, पर इसने दीर्घकालीन रूप से अनेक लोगों को भावनात्मक चोट पहुंचाने का काम किया।

ऐसे ही एक सबसे कद्दावर राष्ट्रनिर्माता डा. भीमराव अंबेडकर थे जिनको बाद की सरकारों ने समग्र रूप से स्वीकार नहीं किया। उन्होंने अंबेडकर के योगदान तथा उनके शुभचिन्तकों व अनुयाइयों में उनके प्रति व्याप्त भावनाओं की अनदेखी की। यह स्पष्ट तथ्य है कि उनके निधन के 34 साल बाद बाबा साहेब को 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया और यही स्थिति केन्द्रीय हाल में उनका चित्र लगने को लेकर थी, जबकि उन्होंने भारत का संविधान तैयार किया था। केन्द्रीय हाल में अंबेडकर का चित्र नए उभरते स्वतंत्र भारत में सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक न्याय का प्रतीक है।

प्रत्येक अंबेडकरवादी के लिए संसद के केन्द्रीय हाल में उनका आदमकद चित्र एक हार्दिक भावना का प्रतिनिधित्व करता है। सरसरी तौर से रिकार्ड देखने पर पता चलता है कि उस समय क्या दु:खद घटनायें घट रही थीं। डा. अंबेडकर ने 6 दिसंबर, 1956 को अंतिम सांस ली और उसके बाद से ही सेंट्रल हाल में उनका चित्र लगाने की मांग उनके अनुयायी करते रहे। लेकिन जवाहरलाल नेहरू ने डा. अंबेडकर का चित्र लगवाने से इनकार किया और उनके बजाय मोतीलाल नेहरू का चित्र 30 मार्च, 1957 को लगाया गया। जवाहरलाल नेहरू के इरादे और उनमें गहराई तक बैठा श्रेष्ठता का भाव 23 जुलाई, 1957 को प्रांतीय जाटव सभा, ग्वालियर द्वारा अंबेडकर का चित्र लगाने की मांग पर उनके बयान से स्पष्ट होता है।

नेहरू ने कहा था, 'जहां तक अंबेडकर के चित्र का सवाल है, मुझे उसे पुस्तकालय या किसी अन्य स्थान पर लगाने में कोई आपत्ति नहीं है, बशर्ते की वह तुलनात्मक रूप से छोटा और अच्छा हो।' बाद में यही मांग 26 अगस्त, 1965 को तत्कालीन जवाहरलाल नेहरू पोर्ट्रेट पार्लियामेंटरी कमेटी ने खारिज कर दी थी और इसके लिए सेंट्रल हाल में जगह की कमी को बहाना बनाया गया था। विडंबना है कि जगह की कमी की यही बात 5 मई, 1966 को उस समय भी आई जब केन्द्रीय हाल में पंडित जवाहरलाल नेहरू का पोर्ट्रेट लगाया गया। उस समय देश डा. अंबेडकर की 75वीं जन्म जयंती मना रहा था। केन्द्रीय हाल में चित्र लगाने की इस मांग के बदले 15 पैसे का स्मारक सिक्का जारी किया गया। डा. अंबेडकर के अनुयाइयों की इस मांग के प्रति कांग्रेस सरकार की संवेदनहीनता के नतीजे में मांग और तेज हो गई। इस प्रमुख विचार से अलग हटते हुए डा. बाबा साहेब मेमोरियल कमेटी से प्राप्त अंबेडकर की कांसे की मूर्ति 2 अप्रैल, 1967 को आयरन गेट नं. 3 पर लगाई गई। लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने मूर्ति अनावरण समारोह में भाग नहीं लिया था। 19 नवंबर, 1987 को इंदिरा गांधी का चित्र सेंट्रल हाल में लगाया गया। इस चरण पर फिर बाबा साहेब का चित्र लगाने की मांग ने जोर पकड़ लिया। बड़ी संख्या में दलित सांसदों ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी का ध्यान बाबा साहेब को भारत रत्न से सम्मानित करने और उनका चित्र केन्द्रीय हाल में लगाने की ओर आकर्षित किया। इस दबाव में राजीव गांधी सरकार ने पोर्ट्रेट लगाने की अनुमति दी और तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ ने केन्द्रीय हाल में 9 अगस्त, 1989 को बाबा साहेब का चित्र लगवाय जो अंबेडकर विचार मंच से दान में प्राप्त हुआ था। इन घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया कि यह कदम पसंद के बजाय दबाव के कारण था। यह जान कर और दु:ख होता है कि कांग्रेस नेताओं के दबाव में डा. अंबेडकर का चित्र वहां से हटा लिया गया। इस चित्र को केन्द्रीय हाल से हटा कर संसद के संग्रहालय में अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के साथ लगाया गया। इस पूरे प्रकरण से बाबा साहेब के अनुयाइयों व प्रशंसकों को गहरा धक्का लगा। अनेक अंबेडकरवादी संगठनों व दलित सांसदों ने कांग्रेस सरकार के इस अशोभनीय कृत्य का विरोध किया। विपक्ष के मुखर स्वर के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी ने बाबा साहेब के चित्र के बारे में हो रही यह सारी राजनीति देखी।

व्यापक रूप से माना जाता था कि केन्द्रीय हाल में केवल उसी व्यक्ति का चित्र लग सकता है जिसका चित्र या मूर्ति पहले से पार्लियामेंट इस्टेट में न लगा हो, लेकिन नेहरू परिवार तथा बाद की कांग्रेस सरकारों ने इसका घोर उल्लंघन किया। विडंबना है कि अपवादों के बावजूद केन्द्रीय हाल में बाबा साहेब का चित्र लगाने के मामले में यही तर्क दिए गए। आश्चर्यजनक रूप से डा. अंबेडकर के अनेक समर्थक कांग्रेस-नीत व्यवस्था की इस लंबे समय से चल रही संवेदनहीनता पर खामोश रहे। 1989 में जब बाहर से भाजपा द्वारा समर्थित वीपी सिंह सरकार सत्ता में आई तब अटल बिहारी वाजपेयी ने लंबे समय से व्याप्त यह समस्या हल करने की ओर कदम बढ़ाए। उस समय लिए निर्णय से अंबेडकरवादियों की आकांक्षाओं के अंधेरे जीवन में उजाले की किरण आई और डा. अंबेडकर का चित्र केन्द्रीय हाल में फिर लगाया गया। प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने 12 अप्रैल, 1990 को बाबा साहेब के आदमकद चित्र का अनावरण किया जिसे कलाकार जेबा अमरोहवी ने बनाया था तथा उसे 'डा. बीआर अंबेडकर विचार मंच' ने दान दिया था। यह कार्यक्रम अंबेडकर की जन्म जयंती के शताब्दी समारोह के अंतर्गत हुआ था। पुरानी सरकारों द्वारा राष्ट्रनायक अंबेडकर व उनके महत्वपूर्ण योगदान के प्रति व्यक्त पूर्वाग्रह व संवेदनहीनता से हमें उस समय के इतिहास को बहु-प्रतीक्षित रूप से सही करने की आवश्यकता उजागर होती है। समाज के दलित-वंचित तबकों की आकांक्षाओं के प्रति की गई अनदेखी और संवेदनहीनता के कटु यथार्थ को सामने लाना बहुत बड़ा काम है। प्रतीक के रूप में अज्ञात लोगों के प्रयासों व बलिदानों को समुचित रूप से प्रस्तुत करने पर अतीत की बेहतर समझ विकसित होगी तथा भावी पीढ़ियों के समक्ष तार्किक चिंतन के नए आयाम खुलेंगे।

वर्तमान समय में जारी 'आजादी का अमृत महोत्सव' मोदी सरकार की एक उचित पहल है। इससे हमें उन महान आत्माओं व सभी पक्षों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर मिलता है जिनके असाधारण प्रयासों को दर्ज नहीं किया गया। इससे हम जनता की महत्वाकांक्षायें पूरी करने के मामले में अटूट व अडिग रूप से आगे बढ़ सकेंगे तथा उनकी पूरी क्षमता विकसित कर सकेंगे। यह भावी पीढ़ियों को मूल्य-संचालित भारत बनाने की यात्रा है। इस समारोही आयोजन ने हमें एक बार फिर व्यापक पैमाने पर स्वतंत्रता की भावना जीने का अवसर दिया है। बाबा साहेब की पुण्य तिथि के अवसर पर हमें इस आयोजन का लाभ उठाते हुए भारत के अनाम नायकों को पहचान देने तथा उनके अनाम योगदान को सामने लाने के प्रयास करने चाहिए। हमें उनके बारे में वे जानकारियां सामने लानी चाहिए जिनका अब तक किसी को पता नहीं है। 'अमृत महोत्सव' की भावना को पूरे देश में हर व्यक्ति तक पहुंचाना और उसे नई ऊंचाइयों तक ले जाना होगा।

# डिजिटल इंडिया के लिए डिजिटल शिक्षा

**साक्षी सेठी**
(लेखिका शिक्षक हैं)



**प्रौद्योगिकी** हमारी दुनिया के प्रमुख शब्दों में से एक है, फिर भी यह कुलीन और व्यवस्थित ज्ञान के सबसे भ्रमित रूपों में से एक है। 20वीं शताब्दी के बाद से इस शब्द का प्रयोग बहुत बदल गया है, और समय के साथ इसका विकास जारी है, जिससे न केवल व्यावसायिक उद्यमों और व्यक्तियों की उत्पादकता में सुधार करने में मदद मिली है बल्कि इसने मानव सभ्यता के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि प्रौद्योगिकी ने कई परिचालन क्षेत्रों में क्रांति लाई है - चाहे वह गैजेट्स हों या संचार के तेज साधन या यहां तक कि शिक्षा क्षेत्र भी। कोविड-19 महामारी के प्रकोप के परिणामस्वरूप पारंपरिक शिक्षा प्रणाली में जबरदस्त बदलाव आया है, जिसमें ऑनलाइन कक्षाओं की अवधारणा और लैपटॉप के उपयोग ने कक्षाओं में और किताबों के माध्यम से पढ़ाने के पारंपरिक तरीके को बदल दिया है। भारत में डिजिटल शिक्षा जो महामारी के दौरान देश में छात्रों के लिए सीखने का एकमात्र स्रोत था। आज, एक बटन के क्लिक के साथ, छात्रों के पास दुनिया भर में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण जानकारी तक तत्काल पहुंच और विशेषाधिकार है। वे व्यावहारिक और तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। अभिनव ऑडियो-वीडियो सुविधाएं उनके संज्ञानात्मक स्तर को बढ़ा सकती हैं, अध्ययन सामग्री को भविष्य के संदर्भ के लिए डाउनलोड और सहेजा जा सकता है। शिक्षक भी इलेक्ट्रॉनिक (ई) कक्षाओं के माध्यम से छात्रों के साथ तालमेल कर सकते हैं और ज्ञान प्रदान कर सकते हैं और अपने विचारों और संसाधनों को साझा कर सकते हैं और अपने विभिन्न परियोजना कार्य, अनुसंधान आदि के लिए इंटरनेट पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर सकते हैं। यह अक्सर कहा जाता है, कि प्रौद्योगिकी पंख बन जाएगी जो शैक्षिक दुनिया को पहले से कहीं अधिक तेजी से उड़ान भरने का अवसर देगी। ऑनलाइन शिक्षा ने शिक्षा संबंधी हमारी धारणा को बदल दिया है, समय के साथ शिक्षा क्षेत्र में सुधार हुआ है और हमारे जीवन में आराम का कारक जुड़ गया है। भारत सरकार ने समाज के विभिन्न वर्गों से संबंधित छात्रों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से अपने शिक्षा अभियान के हिस्से के रूप में कई पहलकदमियों की घोषणा की है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय



(एमएचआरडी) ने आत्म निर्भर भारत कार्यक्रम के तहत पीएम ई-विद्या के हिस्से के रूप में ज्ञान साझा करने के लिए एसएचए डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर की शुरुआत की, जो 'वन नेशन, वन डिजिटल प्लेटफॉर्म' है जिसका उद्देश्य शिक्षा के प्रति ऑनलाइन, डिजिटल और ऑन-एयर शैक्षिक माध्यम जैसे प्रयासों को एक साथ लाना है। यह भारत भर के स्कूलों के लिए एक राष्ट्रीय मंच है, जिसमें शिक्षकों और छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी और पाठ्यक्रम शामिल हैं। इसी तरह, इस मंच के तहत विद्यादान, स्वयं, ई-पाठशाला, शिक्षा वाणी और कई अन्य प्रौद्योगिकी आधारित पहलों ने देश के लोगों के जीवन में एक बड़ा बदलाव लाया है। सरकार की ये पहलकदमियां शैक्षिक संसाधनों का शक्तिशाली भंडार हैं जिन्हें छात्रों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं और अभिभावकों द्वारा अपनी सुविधा अनुसार कभी भी एक्सेस किया जा सकता है। इन पोर्टल्स के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि ये उपयोगकर्ता के अनुकूल हैं और विभिन्न भाषाओं - अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू और संस्कृत में उपलब्ध हैं, जो उन्हें ज्ञान का पावरहाउस बनाते हैं जो अखिल भारतीय आधार पर उपयोगी है क्योंकि विभिन्न भाषाओं को बोलने वाले लोग उनका उपयोग कर सकते हैं और सुधार कर सकते हैं। सूचित और बेहतर इंसान बनने के लिए उनकी सीख और क्षमताएं। उपयोगकर्ता इन पोर्टलों/प्लेटफार्मों से प्रासंगिक शैक्षिक सामग्री डाउनलोड कर सकते हैं और बाद में अपनी सुविधा के अनुसार उनका उपयोग कर सकते हैं। रेडियो के माध्यम से प्रसारण दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों को ज्ञान प्राप्त करने में भी मदद करता है। सांकेतिक भाषा के साथ डीटीएच चैनल - डेजी बधिर छात्रों के लिए भी उपलब्ध है। शिक्षा के क्षेत्र में इन नवीनतम तकनीकी बदलावों ने भारत को एक उच्च पायदान पर खड़ा कर दिया है। भारत वैश्विक शिक्षा उद्योग मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और आने वाले वर्षों में इसके सबसे बड़े वैश्विक प्रतिभा प्रदाताओं में से एक बनने की उम्मीद है। हालांकि, यह सुनिश्चित करना समय की मांग है कि हमारे छात्रों को व्यावहारिक अनुभव के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिले। हमारे पाठ्यक्रम को कौशल-केंद्रित, अधिक वैयक्तिकृत और अद्यतित होने की आवश्यकता है। डिजिटल शिक्षा के माध्यम से डिजिटल चपलता समय की मांग है। डिजिटल शिक्षा को सफल बनाने के लिए शिक्षकों को पर्याप्त और कुशल प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ताकि वे शिक्षा के इन नए युग के तरीकों में सहज हो सकें। यह, अच्छी तरह से सुसज्जित बुनियादी ढांचे और इंटरनेट कनेक्शन के साथ देश के दूरस्थ क्षेत्रों में उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि शिक्षा के इस तरीके का सही लाभ प्राप्त किया जा सके। समाज के कमजोर वर्गों के लिए सस्ती कीमत पर इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और तकनीक उपलब्ध कराई जानी चाहिए, जिससे डिजिटल लर्निंग लागत प्रभावी हो और सभी को समान अवसर मिले। इस विधा के माध्यम से, शिक्षार्थी और शिक्षक के बीच शिक्षण को अधिक संवादात्मक और आकर्षक बनाया जा सकता है। डिजिटल शिक्षा भारत की विशाल सांस्कृतिक और भाषा विविधता को संबोधित करने में अत्यधिक मदद करेगी। भारत शिक्षा के डिजिटलीकरण के लाभों को प्राप्त करने के लिए अनुकूल स्थिति में है जो हम 'कैसे और क्या' सीखते हैं, उसे बदल सकता है और निश्चित रूप से निकट भविष्य में शिक्षक और छात्र के बीच के संवादात्मक अंतर को पाटने में मदद करेगा। हालांकि, उपयोगी होने के लिए, डिजिटल शिक्षा को शारीरिक शिक्षा के पारंपरिक तरीके का पूरक होना चाहिए और इसकी कीमत पर नहीं होना चाहिए। शारीरिक शिक्षा के लाभों को कम नहीं आंका जा सकता क्योंकि व्यक्तिगत स्पर्श और बातचीत भी बच्चों के विकास में बड़ी भूमिका निभाते हैं। इन दोनों विधाओं को एक दूसरे का पूरक होना चाहिए। तभी देश छात्रों की शिक्षण क्षमता में नाटकीय रूप से सुधार करके और भारत को गौरव के पथ पर ले जाकर डिजिटल शिक्षा का सही लाभ उठा पाएगा।

## आप की बात

### बाबरी पर विलाप

**कुछ** लोग सोशल मीडिया में 6 दिसम्बर को काला दिवस कह रहे हैं। यह वही तारीख है जब राम मंदिर आंदोलन के चलते कारसेवकों ने बाबरी मस्जिद को जमींदोज कर दिया था। इस मस्जिद को मुग़ल आक्रांता एवं लुटेरे बाबर ने मंदिर को तोड़कर बनवाया था, और भारतीय समाज के मनोबल को तोड़ने के लिए देश के आराध्य की जन्मभूमि पर अतिक्रमण कर मस्जिद निर्माण किया था। हालांकि लगभग तीस वर्ष तक पक्ष, विपक्ष अपने दावे और प्रमाण पेश करते रहे और वैज्ञानिक परिक्षण में मस्जिद के नीचे की भूमि में मंदिर के प्रमाण मिले, न्यायालय ने लम्बी सुनवाई और साक्ष्यों के आधार पर फैंसला किया जो कि सर्वमान्य होना चाहिए। न्यायालय के आदेश पर संदेह और विदेशी आक्रमणकारी बाबर का समर्थन करते लोगों को शर्म आनी चाहिए और तथ्यों का ध्यान रखते हुए हिन्दू पक्ष की भावनाओं की कद्र करनी चाहिएए क्योंकि मुग़लकाल में मंदिर तोड़कर जब मस्जिद निर्माण हो रहा होगा तो अपने आराध्य का अपमान देखकर कितना दुखी हुआ होगा समाज। इस पर भी ध्यान देना चाहिए और बाबरी एक़ अतिक्रमण सिद्ध हो चुका है अत: तर्क-वितर्क का कोई औचित्य नहीं है।

**मनोज**, मेरठ

### फिल्मों की जरूरत

**ब्लैक एंड वाइट** की फिल्में बिना इफेक्ट की होती थी। जिनमें अभिनय करने वाले अभिनय में जान डाल देते थे। मधुर संगीत, शूटिंग स्थल, पारंपरिक नृत्य, गीत के बोल जो आज भी पसंद किए जाते है। इसी को मद्देनजर पुरानी हिट फिल्मों को कलर में भी किया गया। निर्देशन बहुत ही शानदार रहता था। धीरे धीरे विदेशों से स्पेशल इफेक्ट, थ्रीडी, आदि का प्रयोग कर दर्शकों को बांधने की कोशिश की गयी। इन प्रयोगों से कुछ ही फिल्में जिनकी लागत करोड़ो में थी ही हिट हो पाई। महज गानों, फिल्मांकन से सफलता की अपेक्षा की जाती।पुराने जमाने मे फ़िल्म की कहानी ही फ़िल्म का मुख्य आधार रहती थी। दर्शक मंत्र मुग्ध होकर फिल्म की कहानी का आनन्द लेते थे। उस समय चलचित्र एक मात्र मनोरंजन का साधन था। अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव में चयनित हुई फिल्मों का दूरदर्शन पर प्रसारण किया जाना चाहिए, ताकि दर्शक राष्ट्र की संस्कृति एवं ज्ञानार्जन में उपयोगी पटकथाओं, फिल्मांकन एवं अभिनय की नवीन विचारधाराओं से परिचित हो सकें। ये फ़िल्में मन को प्रभावित करने वाली होती हैं।

**संजय वर्मा**, मनावर

### संसद से उम्मीद

**संसद** का महत्वपूर्ण सत्र शुरू हो रहा है और निसंदेह विपक्ष को सत्ता पक्ष को घेरना चाहिए और गंभीर मुद्दों पर चर्चा करके उनका समाधान ढूंढ़ने की कोशिश करनी चाहिए। लेकिन ऐसा न हो कि इस प्रक्रिया में वाक आउट होते रहें और सत्र में जरूरी विषय और बिल पर चर्चा ही न हो पाए जैसा कि हमने पिछले कुछ सत्रों में देखा है। ऐसे में सरकार का भी कर्त्तव्य बनता है की वह न केवल जरूरी बिल प्रस्तुत करके उनपर खुले दिल से विपक्ष के साथ चर्चा करे बल्कि विपक्ष के प्रश्नों का उत्तर देकर उनको संतुष्ट करने की पूरी-पूरी कोशिश करे और सही माहौल में शीतकालीन सत्र चले। हंगामे और शोरशराबे की भेंट एक और सत्र न चढ़ जाए उसके लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को साथ मिलकर कार्य करना होगा। जनता को संसद और अपने सांसदों से बहुत उम्मीद होती है। यह उम्मीद पूरी न होने पर मतदान में उनकी दिलचस्पी समाप्त होने लगती है। हालिया चुनावों में गिरते मतदान से सभी पार्टियों के राजनेताओं को सतर्क होकर अपनी जिम्मेदारी पूरी करने पर ध्यान देना चाहिए।

**बाल गोविंद**, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**जी20** की अध्यक्षता पूरे देश की है। इससे हमें अपनी संस्कृति प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

- **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**मैंने** संविधान नहीं पढ़ा है, लेकिन मुझे बताया गया है कि यह कागज की बरबादी है।

- **डोनाल्ड ट्रंप**
पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति



**संविधान** किसी भी राष्ट्रपति से बड़ा है।

- **इलोन मस्क**
ट्विटर प्रमुख

# किसान को अब खाद के लिए घंटों लाइन में लगने की जरूरत नहीं

## खाद एक्सप्रेस : 31680 कट्टे यूरिया लेकर मालगाड़ी पहुंची शाहाबाद

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र /शाहाबाद



शाहाबाद रेल हेड पहुंची मालगाड़ी से यूरिया को ट्रक में लोड करते कर्मचारी।

**ब्लॉक** शाहाबाद में यूरिया संकट अब ज्यादा नहीं रहेगा। वीरवार अलसुबह 31,680 कट्टे यूरिया से भरी मालगाड़ी शाहाबाद रेलवे स्टेशन पहुंची है। प्रभारी रेल हेड शाहाबाद ने बताया कि इन 31680 कट्टों में शाहाबाद के 6760 कट्टे हैं, जबकि बाकी के कट्टे थानेसर, बाबैन, लाडवा, इस्माइलाबाद, झांसा, पिहोवा और ठोल के हैं। वीरवार अलसुबह यह 58 बीसीएनएचएल फर्टिलाइजर रैक शाहाबाद रेल हेड पर पहुंचा। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश प्रवक्ता राकेश बैंस ने समस्त किसानों को सोशल मीडिया पर लाइव होकर इसकी जानकारी दी।

वीरवार सुबह हरियाणा शुगरफैड के चेयरमैन एवं विधायक रामकरण रेल हेड पहुंचे और भारतीय खाद्य निगम द्वारा भेजी गई यूरिया के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से शाहाबाद के किसानों को यूरिया के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ रहा था, जिसके लिए उन्होंने एक पत्र के द्वारा भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों को अवगत कराया था। उन्होंने बताया कि शाहाबाद पहुंचे इन 6760 यूरिया कट्टों से कुछ राहत मिलेगी और आने वाले पांच दिनों में और यूरिया शाहाबाद मंगवा कर इस किल्लत को जड़ से खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने किसानों से वायदा किया कि यूरिया की सप्लाई अब डबल होगी और स्टॉक भी खत्म नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है अब किसान भाइयों को यूरिया के लिए लंबी लाइनों में नहीं लगना पड़ेगा।

### विधायक रामकरण सुस्त, सुधा चुस्त : बैंस

रेल हेड पर यूरिया पहुंचने के बाद राकेश बैंस ने कहा कि आज के रेक में 31680 कट्टे यूरिया आने के बावजूद शाहाबाद के किसानों के लिए मात्र 6760 कट्टे दिए गए हैं, जबकि थानेसर में कुल 12432 कट्टे भेजे गए हैं। राकेश बैंस ने कहा कि खुद को किसान नेता बताने वाले विधायक रामकरण सुस्त हैं, जबकि थानेसर के विधायक सुभाष सुधा हमेशा की तरह आज भी चुस्त रह कर अपने हलके के किसानों के लिए अधिक यूरिया ले गए।

### किसान करें शिकायत, हाथों हाथ होगी कार्रवाई

बुधवार को किसानों द्वारा यूरिया के लिए विवाद के बाद आज कृषि विभाग के एसडीओ जितेंद्र मेहता ने किसानों से कहा कि शाहाबाद में यूरिया की किल्लत नहीं है। रोजाना रेल रैक यूरिया के आ रहे हैं और किसानों को भी यूरिया रोजाना दी जा रही है। मेहता ने कहा कि उन्हें विभाग से सख्त निर्देश हैं कि अगर कोई डीलर अपने पास यूरिया का स्टॉक रखता है और उसका डिस्प्ले न करके ब्लैक करता है, तो किसान उस डीलर की शिकायत करें। हम हाथों हाथ टीम भेज कर उस डीलर के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

# धार्मिक आयोजनों से युवा पीढ़ी में पनपते हैं संस्कार : जैन



मूर्ति स्थापना के दौरान भाजपा नेता को स्मृति चिह्न देते मंदिर के पदाधिकारी।

## खाटू नरेश के चरणों में अरदास लगाने से होती है पूरी मनोकामना

**गोहाना।** बुटाना गांव के मंदिर में खाटू नरेश की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान, यज्ञ एवं पूजा अर्चना के साथ धूमधाम से हुई, मूर्ति स्थापना से पूर्व महिलाओं ने पूरे गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली।

मूर्ति का लोकार्पण करते हुए भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि खाटू नरेश के चरणों में जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से अरदास लगाता है उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है। इसलिए उन्हें हारे का सहारा नाम से पुकारा जाता है। उन्होंने मूर्ति की स्थापना के लिए मनजीत जांगड़ा परिवार को बधाई दी और कहा कि धार्मिक कार्यों को जीवन में करने से मानव जीवन सार्थक होता है। राजीव जैन ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से युवा पीढ़ी में नैतिक संस्कार पनपते हैं जो समाज में भाईचारे, प्रेम की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि संस्कार और संस्कृति के सहारे ही आज भारत विश्वगुरु बनने की तरफ अग्रसर है। उन्होंने कहा कि अमेरिका, चीन, जापान, जर्मनी जैसे देश विकसित होकर भी सामाजिक रूप से पिछड़ते जा रहे हैं क्योंकि इन देशो के नागरिकों में संस्कार नाम की कोई चीज नहीं है और इन देशों में संस्कृति का ह्रास होता जा रहा है। इस अवसर पर मंदिर कमेटी द्वारा गांव की दोनों पंचायतों के नव निर्वाचित सरपंच मनोज कुण्डु तथा रामनिवास सांगवान का शॉल भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में रणबीर सांगवान, राज सिंह जांगड़ा, सतपाल, मनजीत जांगड़ा, मनजीत, सुनील कुंडू, भोला काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# संक्षिप्त-समाचार

## नौ दिवसीय अलविदा तनाव शिविर आज से



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवा केंद्र शाहाबाद की प्रभारी बीके नीति बहन ने बताया कि नौ दिवसीय अलविदा तनाव शिविर का शुभारंभ नौ दिसंबर को ब्रह्माकुमारीज प्रभु अनुभूति भवन, अटारी कॉलोनी में होगा। विस्तृत जानकारी देते हुए बीके नीति बहन ने बताया कि 3-11 सितंबर को लगे अलविदा तनाव शिविर में इंदौर से पधारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने अपनी सेवाएं दी थीं, जिससे नगर के सैकड़ों लोग लाभान्वित हुए हैं। इस शिविर से वंचित रहे अनेक शहर वासियों और केंद्र से जुड़े श्रद्धालुओं की पुरजोर मांग पर अब शिविर का रिवीजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर का समय प्रतिदिन प्रात: 7 बजे से 8 बजे तक रहेगा। उन्होंने सभी नगरवासियों से आग्रह किया कि वे इस अलविदा तनाव शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर अपने जीवन को खुशनुमा बनाएं।

## पुष्प वर्षा और आतिशबाजी कर प्रभातफेरी का किया स्वागत



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** गुरु गोबिंद सिंह साहिब महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में वीरवार को निकाली गई प्रभातफेरी गुरुद्वारा श्रीगुरु नानक दरबार साहिब से आरम्भ होकर कमेटी बाजार होते हुए गुरुद्वारा नानक झीरा साहिब पहुंची। यहां पहुंचने पर संगत ने पुष्प वर्षा और आतिशबाजी कर प्रभातफेरी का स्वागत किया। प्रभातफेरी में इंटरनेशनल कथा वाचक ज्ञानी साहिब सिंह ने सिख संगत को गुरु गोबिंद सिंह साहिब महाराज के जीवन इतिहास के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद गुरुद्वारा श्रीगुरु नानक दरबार साहिब के हजूरी रागी भाई अमरजीत सिंह एवं साथियों और बीबी शरणजीत कौर के शब्दी जत्थे ने गुरबाणी कीर्तन कर संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा साहिब के हैड ग्रंथी भाई सुबेग सिंह ने सरबत के भले के लिए श्रीगुरु ग्रंथ साहिब महाराज के चरणों में अरदास की। मंच संचालन प्रसिद्ध शायर कुलवंत सिंह रफीक ने किया। प्रभातफेरियों के इंचार्ज नरिंदर पाल सिंह ने बताया कि शुक्रवार की प्रभातफेरी कल्याण सिंह सरपंच के निवास, गांव राम नगर और शनिवार की प्रभातफेरी बलबीर सिंह के निवास, नजदीक पंजाब नेशनल बैंक पहुंचेगी। भगवंत सिंह ने बताया कि प्रकाश पर्व को समर्पित 29 दिसंबर को विशाल दीवान गुरुद्वारा श्रीगुरु नानक दरबार शाहाबाद में सजाया जाएगा। इस मौके पर प्रधान सुखचैन सिंह, दर्शन सिंह सैनी, शरणदीप कौर, रणबीर सिंह, गुरजोत सिंह, बलजीत कौर, सुदेश कौर के अलावा सिख संगत मौजूद रही।

## गीता महोत्सव के हर पहलू की प्रधानमंत्री ने ली फीड बैक : सैनी



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल को बधाई दी है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के हर पहलू को जानने का प्रयास किया। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कुरुक्षेत्र के विशेष स्मृति चिह्न भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप को भी भेंट किया है। सांसद नायब सिंह सैनी ने वीरवार को दूरभाष पर बातचीत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के लाखों लोगों की आवाज और भावनाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष रखने के लिए दिल्ली में विशेष मुलाकात की है। इस मुलाकात में सबसे पहले कुरुक्षेत्र वासियों की तरफ से भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप को स्मृति चिह्न के रूप में भेंट किया है। इसके बाद कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की गई और कई छोटी और बड़ी परियोजनाओं को प्रधानमंत्री के समक्ष रखा गया। उन्होंने कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र की सभी योजनाओं को बड़े ध्यान से सुना। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## रक्तदान शिविर में 34 यूनिट रक्त एकत्रित



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मारकंडा नेशनल कॉलेज में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, कॉलेज की यूथ रेडक्रॉस यूनिट तथा एचडीएफसी बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने रिबन काटकर किया। शिविर में ब्लड बैंक सिविल अस्पताल अंबाला कैंट से डॉ. धर्मवीर, डॉ. सिमरनजीत कौर व प्रवीण कुमार टीम ने 34 यूनिट रक्त एकत्रित किया। रक्तदाताओं को बैच लगाकर प्रोत्साहित करते हुए मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि रक्तदान तब होता है जब एक स्वस्थ व्यक्ति अपनी स्वेच्छा से रक्तदान करता है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की प्रेरणा देते हुए कहा कि युवाओं को समाजसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य अनमोल माहना ने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी की तरफ से जिले भर में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मौके पर प्रो. सिद्धांत, डॉ. अजय कुमार अरोड़ा, डॉ. चूहड़ सिंह, डॉ. शालिनी शर्मा और एचडीएफसी बैंक से सोहैल, विवेक कुमार, मनोज खेत्रपाल, यशपाल व मनोज गोयल सहित रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य मौजूद थे।

## अवैध हथियार सहित एक काबू

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** शाहाबाद में बराड़ा रोड चौक पर पुलिस ने एक व्यक्ति को एक अवैध देसी पिस्तौल 12 बोर व एक कारतूस सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान अजय कुमार पुत्र जोगिंद्र राम निवासी गांव मुगल माजरा शाहाबाद के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने बताया कि अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी प्रतीक कुमार के मार्ग निर्देश में हवलदार राम कुमार, अरविन्द कुमार, महेश कुमार व गाड़ी चालक हवलदार संदीप कुमार की टीम ने शक के आधार पर बराड़ा रोड चौक पर खड़े एक युवक की जब तलाशी ली, तो उसके कब्जे से एक देसी कट्टा 12 बोर और एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस टीम ने आरोपी अजय कुमार को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ थाना शाहाबाद में मामला दर्ज करके उसे अदालत में पेश कर दिया है।

# डीएलएसए द्वारा आयोजित किए जाएंगे जागरुकता कैंप

**सोनीपत।** मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव रमेश चन्द्र ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा लोगों को कानूनी सेवाओं के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 09 दिसंबर प्रात: 11 बजे से एक बजे तक मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में स्थित डॉ0 बीआर अंबेडकर राष्ट्रीय लॉ यूनिवर्सिटी में जागरूकता कैंप का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ने बताया कि 10 दिसंबर प्रात: 10 बजे से 11 बजे तक हिन्दू ब्वाय कॉलेज, 14 दिसंबर सुबह 09:30 बजे से 10:30 बजे तक राजकीय सीनियर सैकेण्डरी स्कूल गांव गढ मीरकपुर, 15 दिसंबर सुबह 09:30 बजे से 10:30 बजे तक राजकीय कन्या सीनियर सैकेण्डरी स्कूल गांव जाखौली, 16 दिसंबर सुबह 09:30 बजे से 10:30 बजे तक राजकीय सीनियर सैकेण्डरी स्कूल गांव जाखौली, 18 दिसंबर सुबह 09 बजे से 10 बजे तक कबीरपुर स्थित लेबर कॉलोनी, 19 दिसंबर सुबह 09:30 बजे से 10:30 बजे तक राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव मुरथल, 20 दिसंबर सुबह 09:30 बजे से 10:30 बजे तक राजकीय हाई स्कूल गढ़ी घसीटा सोनीपत में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

डीएलएसए सचिव रमेश चंद्र ने बताया कि 21 दिसंबर सुबह 09:30 बजे से 10:30 बजे तक महलाना रोड़ स्थित हैप्पी चाईल्ड नर्सिंग संस्थान, 22 दिसंबर सुबह 09:30 बजे से 10:30 बजे तक गुड मंडी स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय जागरुकता कैंप का आयोजन किया जाएगा।

# बैठक में बिना अनुमति गैरहाजिर रहने पर होगी कार्रवाई

## प्रदेश के शहरी क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए पार्किंग के लिए होगी मार्किंग : कमल गुप्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



जिला कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता।

### जन प्रतिनिधियों का फोन न उठाना माना जाएगा क्राइम

**शहरी** स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि अधिकारियों को अपने मोबाइल में जनप्रतिनिधियों के मोबाइल नंबर फीड करने होंगे। जब भी जनप्रतिनिधि फोन करेगा तो उस फोन का रिस्पांस देना होगा। अगर किसी अधिकारी ने फोन नहीं उठाया और रिस्पांस नहीं दिया तो इसे बड़ा क्राइम समझा जाएगा। यह जन प्रतिनिधि के विशेषाधिकार का हनन माना जाएगा। इसलिए सभी अधिकारियों को जन प्रतिनिधियों के फोन उठाकर उसका पूरा रिस्पांस देना होगा।

**हरियाणा** के शहरी स्थानीय निकाय एवं हरियाणा आवास मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में ट्रॅफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए पार्किंग के लिए मार्किंग करने के आदेश दिए गए हैं। यह मार्किंग उपायुक्त कार्यालय के साथ-साथ सभी सरकारी भवनों के परिसरों में तथा शहरी क्षेत्र के सड़कों के दोनों तरफ पार्किंग करने के लिए निशान लगाए जांएगे। यह निशान चार पहिया वाहन के लिए आठ गुणा 16 फीट तथा दोपहिया वाहन के चार गुणा आठ फीट निर्धारित होगा। इस निशानदेही के बाहर खड़े वाहनों को पुलिस द्वारा क्रेन से उठा लिया जाएगा। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता वीरवार को पंचायत भवन के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे।

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि गीता स्थली कुरुक्षेत्र में लोगों की समस्याएं सुनने का सौभाग्य मिला है। इस पहली बैठक में 14 में से 11 समस्याओं का समाधान कर दिया है। इस समिति की बैठक में लोगों की शिकायतों को सुनकर उनका समाधान किया जाता है। इसलिए अधिकारियों को बैठक की गंभीरता को समझना चाहिए और बैठक शुरू होने से 10 मिनट पहले पहुंचना सुनिश्चित करना होगा। उनके बैठक में आने के बाद किसी भी अधिकारी को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही बैठक में सभी एचओडी को उपस्थित रहना होगा। अगर कोई जरूरी काम या कार्यालय से संबंधित कार्य है, तो उसके लिए उपायुक्त से अनुमति लेनी होगी। उन्होंने बिना अनुमति बैठक में गैरहाजिर रहने वाले एचओडी को नोटिस जारी करने के आदेश देकर सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिए हैं। इसमें लोक निर्माण विभाग, आरटीए, डीपीसी, पशुपालन विभाग, ट्रेजरी, सिंचाई विभाग, माइनिंग, सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड, खादी ग्रामोद्योग, महिला एवं बाल विकास विभाग शामिल है, के अधिकारियों को बिना अनुमति कष्ट निवारण समिति की बैठक से गैरहाजिर रहने पर उपायुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी करके सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा है। मौके पर पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया, एडीसी अखिल पिलानी, घुमंतू जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष जय सिंह पाल, भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान आदि अधिकारी मौजूद थे।

# लिटल एंजल्स में जितिन चावला की वर्कशॉप आयोजित

## कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, जरूरत है सच्ची लगन और मेहनत की

**रणबीर सिंह रोहिल्ला।** सोनीपत



वर्कशॉप के दौरान काउंसलर जितिन चावला के साथ स्कूली विद्यार्थी।

**लिटल** एंजल्स स्कूल में काउंसलर जितिन चावला की वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य आशा गोयल, उपप्रधानाचार्य गीता अरोड़ा, सीनियर कोआर्डिनेटर संगीता सेठी उपस्थित थे। इस वर्कशॉप में कक्षा दस व ग्यारह के बच्चों ने भाग लिया।

वद्यालय की प्रधानाचार्य आशा गोयल ने जितिन चावला को पुष्पगुच्छ देकर अभिनन्दन किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जलाकर किया गया। जितिन चावला एक करियर काउंसलर होने के साथ-साथ एक अच्छे शिक्षाविद हैं। इन्होंने कई टीवी चैनलों पर अनेक शो किए। साथ ही इन्होंने अनेक समाचार पत्रों व मैगजीन में भी लेख लिखे।

कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम जितिन चावला ने विभिन्न स्ट्रीम के अंतर्गत आने वाले उन क्षेत्रों की जानकारी दी, जिनमें प्रवेश पाने पर बच्चे अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। कम अंक लाने वाले बच्चों को भी ऐसे क्षेत्रों के बारे में बताया। जिनसे वे अच्छी नौकरी प्राप्त कर बेहतर तरीके से जीवन यापन कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने अच्छे अंकों से उत्तीर्ण व आईआईटी में सफलता प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों को भी विस्तृत जानकारी दी। उनके अनुसार सभी बच्चों को अपनी रुचि व योग्यता के अनुसार ही भविष्य के लिए कार्य निर्धारित करने चाहिए।

उन्होंने बताया कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, जरूरत है सच्ची लगन और मेहनत की। बच्चों ने जितिन चावला से प्रश्न पूछे व उनके सभी प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिए गए। विद्यालय अपने छात्रों के चहुंमुखी विकास के लिए समय-समय पर इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन करता रहा है, जो कि विद्यालय का एक सराहनीय प्रयास है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अभिभावकों ने भी विद्यालय द्वारा आयोजित इस वर्कशॉप के लिए विद्यालय प्रबंधन का धन्यवाद करते हुए अपना आभार प्रकट किया।

विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग व सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्रधानाचार्य आशा गोयल ने जितिन चावला को विद्यालय में आने एवं महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने सभी बच्चों को शिक्षा का महत्त्व समझाते हुए उन्हें एक अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

# मुख्यमंत्री के जन संवाद कार्यक्रम की तैयारियों का डीसी ने लिया जायजा

**सोनीपत।** जिला में 09 दिसंबर को लघु सचिवालय में होने वाले मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन संवाद कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ललित सिवाच ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। उन्होंने सभी तैयारियों का बारिकी से जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंजीकृत शिकायतकर्ता अपनी सुनवाई के लिए निर्धारित समय पर पहुंच जायें, ताकि आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण कर व्यवस्थित रूप में सुनवाई करवाई जा सके।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के लिए शिकायतकर्ताओं, मीडिया तथा अन्य वीआईपी के लिए पार्किंग की उचित व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं और कार्यक्रम स्थल शिकायतकर्ताओं तथा अधिकारियों के बैठने का स्थान और मीडिया गैलरी की अलग-अलग व्यवस्था करने के अलावा सभी प्रकार की तैयारियां आज की पूरी करवाएं।

उन्होंने मुख्यमंत्री के आगमन से लेकर उनके प्रस्थान तक की पूर्ण रूपरेखा पर मंथन करते हुए हर प्रकार की व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं आम जनमानस की समस्याओं की सुनवाई करने के लिए सोनीपत आ रहे हैं। मुख्यमंत्री के जन संवाद कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए तैयारियां पूरी की जा रही हैं। जन संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सीधे लोगों से रू-ब-रू होते हुए जन समस्याओं की सुनवाई करेंगे।

# जेएनयू दिल्ली में वैश्य, ब्राह्मण समाज पर टिप्पणी अशोभनीय : अजय गुप्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला एवं कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के महासचिव अजय गुप्ता।

**अग्रवाल** वैश्य समाज हरियाणा प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला एवं कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के महासचिव अजय गुप्ता ने जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में बनिया (वैश्य समाज) और ब्राह्मण समाज के बारे में दीवारों पर लिखी गई अशोभनीय बातों का कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह जातिवाद का जहर घोलने का प्रयास है। ऐसी बातें लिखने वालों को यह नहीं भूलना चाहिए कि देश को आर्थिक मजबूती देने में बनिया समाज का अहम योगदान है।

सिंगला एवं गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज शांति स्वभाव से काम करने का पक्षधर है। वह बिना किसी विवादों के अपना व्यापार करने में विश्वास रखता है। व्यापार के साथ उच्च पदों पर भी वैश्य समाज के अग्रणी लोग देश के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। वैश्य समाज देश की धुरी है। इसे ना तो कमजोर समझा जाए और ना ही कमजोर करने का कोशिश की जाए। वैश्य समाज ने सदियों से भारत को विकासशील बनाने में अपना सहयोग, समर्पण दिया है। दान देने में यह समाज सबसे अग्रणी रहता है। सिंगला एवं गुप्ता ने कहा कि अखंड भारत पर केवल वैश्य राजा ने ही राज किया है, अन्य किसी जाति ने नहीं। ईरान से लेकर कंबोडिया तक अखंड भारत पर राज करने वाले चक्रवर्ती वैश्य सम्राट समुद्रगुप्त की हम संतान हैं। भारत की आजादी में वैश्य समाज के क्रांतिकारियों ने जो बलिदान दिया है, वह भुलाया नहीं जा सकता। आर्थिक सहयोग के साथ व्यक्तिगत तौर पर वैश्य समाज के योद्धाओं ने आजादी की लड़ाई लड़ी। इस देश को अतुल्य भारत बनाने में वैश्य समाज की आजादी के आंदोलन से आज तक अग्रणी भूमिका रही है।

# बच्चों को ट्रैफिक नियमों से कराया अवगत

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर



बच्चों को यातायात के नियमों की जानकारी देते एसएचओ ट्रैफिक लोकेश राणा।

**यातायात** नियमों की पालना के बारे चलाए जा रहे हैं जागरुकता अभियान तहत एसडी पब्लिक स्कूल जगाधरी के बच्चों को ट्रैफिक नियमों से करवाया अवगत।

एसएचओ ट्रैफिक लोकेश राणा द्वारा वीरवार को एसडी पब्लिक स्कूल जगाधरी में सडक सुरक्षा पर लेक्चर दिया। लेक्चर के दौरान लोकेश राणा नें ट्रैफिक के बारे जानकारी देते हुए बताया कि लाखों लोग अपनी जिन्दगी को हर वर्ष सड़क दुर्घटना गवां देते हैं जिसका एक ही कारण, ट्रैफिक नियमों की पालना ठीक से नही करना या ट्रैफिक नियमों के प्रति लापरवाही, जिस लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटना में लाखों लोग मारे जाते हैं। हमें ट्रैफिक नियमों के प्रति सक्रिय होकर नियमों का पालन करना चाहिए। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस नियमों का उल्लंघन करनें पर सख्ती बरतते हुए चालान किये जा रहे हैं और चालान करने का मुख्य उद्देश्य यही है कि लोग ट्रैफिक नियमों के बारे में खुद को जागरूक करें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

लोकेश राणा नें जानकारी देते हुए कहा कि बताया कि माता-पिता 18 वर्ष से कम की आयु के बच्चों को मोटरसाइकिल आदि सार्वजनिक स्थान पर चलाने के लिए ना दें क्योंकि इससे आपको और बच्चों व दूसरे वाहन चलाने वालों को खतरा रहता है। ड्राइविंग सीखते समय अपनी कार के पीछे एल का निशान जरूर लगवायें। वाहन का प्रयोग करते समय दो पहिया वाहन पर हेलमेट और चार पहिया वाहन पर सीट बैल्ट का प्रयोग जरूर करें। क्योंकि यह दो सुरक्षा कवच वाहन चलाते समय किसी प्रकार से असुविधा के कारण दुर्घटना हो जानें पर अपनी जिन्दगी को बचाते हैं। अधिकतर इन दोनों सुरक्षा कवच से जिन्दगी बच जाती है।

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड
( पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात ) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 ''की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अत: आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13( 4 ) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
| --- | --- | --- |
| **मनजीत कुमार,** रामनिवास, श्रीमती शीला<br>खाता सं. LNBHI00620-210164525 | 7 दिसम्बर 2022<br>₹ 1580461/-<br>5 दिसम्बर 2022 | सम्पत्ति स्थित खेवत नं. 66, खाता नं. 67, खसरा नं. 77/1 ( 3-16 ), गांव - लोहबछ, तह. पाटोदी, जिला - गुरुग्राम, हरियाणा **क्षेत्रफल 12 मार्ला 6 सरसई** |

स्थान : जयपुर    दिनांक 09.12.2022    प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# प्रवासी पक्षियों के स्वर्ग ब्रह्मसरोवर कम्युनिटी रिजर्व को मेहमान परिंदों का इंतजार : डॉ. कौशिक

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**शरद** ऋतु में उत्तरी भारत में प्रवासी पक्षियों का आगमन एक बहुत ही महत्वपूर्ण नैसर्गिक प्रक्रिया है। शरद ऋतु में प्रवासी पक्षियों का दिखाई देना बहुत ही मनोरंजक दृश्य प्रस्तुत करता है। हरियाणा राज्य के विभिन्न जिलों के विभिन्न जलाशयों में प्रवासी पक्षियों का शीतकालीन प्रवास एक आम बात है।

जिला विज्ञान विशेषज्ञ एवं पूर्व वैज्ञानिक पक्षीविज्ञान, सलीम अली पक्षीविज्ञान एवं प्रकृति विज्ञान केंद्र कोयम्बटूर डॉ. तरसेम कौशिक ने बताया कि प्रवासी पक्षियों की दृष्टि से कुरुक्षेत्र जिले के पिहोवा तहसील के थाना ग्राम में एक बहुत बड़ा जलाशय है जो लगभग 80 से 100 एकड़ में फैला हुआ है। इस तालाब में विभिन्न प्रकार के प्रवासी पक्षी जैसे राजहंस, कॉटन टील, श्वेताक्ष पोचार्ड, ब्राह्मणी बत्तख, सूची पूछ बत्तख, सामान्य टील, नीलपक्ष टील, सिख पर बतख, बेखुर बतख, चेता बतख, नकटा, छोटी सिल्ही, मैलार्ड, गैडवल, विजियन, शिखी पोचार्ड, पिंक शीर्ष बत्तख, रक्तशिखी पोचार्ड, सरपट्टी सवन, सिलेटी सवन, तिदारी बत्तख, करछिया


थाना गांव के तालाब किनारे बैठे पक्षी।

बगुला, ग्लॉसी आईबिस, चमचा, घोंघिल आदि अपने शीतकालीन प्रवास करते हैं जोकि सुदूर प्रदेशों जैसे एशिया, रूस, साइबेरिया, कैस्पियन सागर, चीन तथा पश्चिम एशिया से यहां आते हैं।

डॉ. तरसेम कौशिक ने बताया कि थाना प्राकृतिक तालाब जो कि एक झील की भांति प्रतीत होता है उसके अंदर प्रवासी पक्षियों को अपनी तरफ आकर्षित करने की क्षमता है। इस तालाब का मुख्य पहलू यह है कि यह ग्राम की सीमा से थोड़ा दूर है तथा इस तालाब के अंदर बहुत सारे टापू हैं जिन पर बैठकर पक्षी दिन के समय आराम करते हैं तथा साथ ही विभिन्न प्रकार के प्राणियों से अपनी सुरक्षा भी करते हैं। ना प्राकृतिक तालाब जैव विविधता की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है क्योंकि इस तालाब में 100 से भी ज्यादा प्रजातियों के प्रवासी तथा स्थानीय पक्षी प्रवास करते हैं।

डॉ. तरसेम कौशिक ने बताया कि हरियाणा सरकार ने पिहोवा खंड में स्थित थाना गांव के प्राकृतिक तालाब को प्रथम कम्युनिटी रिजर्व घोषित किया था ताकि तालाब में पाई जाने वाली जैवविविधता को संरक्षित किया जा सके। इस प्राकृतिक तालाब को गोल्डन जुबली ब्रह्मसरोवर कम्युनिटी रिजर्व के नाम से नवाजा क्योंकि यहां के ग्रामीण इस प्राकृतिक तालाब को ही वास्तविक ब्रह्मसरोवर मानते हैं। यह तालाब आध्यात्मिक व जैवविविधता की दृष्टि से समृद्ध है।

# लोगों की छोटी से छोटी शिकायत को भी गंभीरता से लें अधिकारी : गुप्ता

## जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में 14 में से 11 समस्याओं का किया समाधान

### नाजायज कब्जे करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिए आदेश

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** के शहरी स्थानीय निकाय एवं हरियाणा आवास मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि अधिकारियों को लोगों की छोटी से छोटी शिकायत को गंभीरता से लेकर तत्परता के साथ समाधान करना होगा। इस विषय को सभी अधिकारी अपने जहन में रखकर लोगों की शिकायतों को ध्यान से सुनेंगे। इस मामले में जरा सी भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। इसके साथ ही जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में आने वाली शिकायतों पर भी गंभीरता से संज्ञान लेंगे और बैठक में आने से पहले पूरा होमवर्क करेंगे।

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता वीरवार को पंचायत भवन के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने सभी अधिकारियों को बैठक में अनुशासन बनाए रखने के आदेश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी समय से पहले सभागार में अपना-अपना स्थान लेना सुनिश्चित करेंगे। इतना ही नहीं हाउस की बैठक में केवल एचओडी शिकायतों पर होमवर्क कर के आएंगे ताकि मौके पर अधिक से अधिक समस्याओं का समाधान करके शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जा सके। उन्होंने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति के सदस्य मंदीप सिंह विर्क की शिकायत पर सुनवाई करते हुए कहा कि पंचायती जमीन से पेड़ काटने के मामले में अदालत का फैसला आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए ताकि अदालत के आदेशों की पालना होने के साथ-साथ दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा सके।

उन्होंने पिहोवा निवासी रतनगढ़ ककराली बंता राम की शिकायत पर कमेटी के दो सदस्यों जिनमें लाडीपाल और डॉ. शंकुतला शर्मा को जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी है। गांव सुलखनी निवासी खेमराज व अन्य लोगों की पानी निकासी से संबंधित समस्या का समाधान करने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गांव बारना निवासी सिंधु देवी की शिकायत पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विधायक सुभाष सुधा मौके पर जाकर मुआयना करेंगे और इसके बाद अपनी तरफ से कुछ ना कुछ आर्थिक सहायता देने का प्रयास करेंगे।

विधायक सुभाष सुधा ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में अधिक से अधिक समस्याओं का निपटान करके कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने एक अच्छी शुरुआत की है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने मेहमानों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया, एडीसी अखिल पिलानी, घुमंतू जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष जय सिंह पाल, भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद थे।


जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायतों का निवारण करते शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता।

### पहली बार कमेटी के सदस्यों को भी दिया सुझाव रखने का समय

**मंत्री** डॉ. कमल गुप्ता ने समिति की बैठक में पहली बार सभी सदस्यों को समाज से संबंधित समस्याओं और व्यवस्था को बेहतर बनाने से संबंधित बात रखने का समय दिया। इस व्यवस्था को देखकर समिति के सभी सदस्यों ने जमकर प्रशंसा की और सदस्य सुरेंद्र जैन ने शाहबाद से लाडवा रोड से अतिक्रमण हटाने, राजकुमार सैनी ने लाडवा में अतिक्रमण हटाने, मंदीप सिंह विर्क ने गांव में नाजायज रुप से कटे राशन कार्डों की जांच कर दोबारा राशन कार्ड बनवाने, रविंद्र सांगवान ने परिवार पहचान पत्र के साथ बुढ़ापा पेंशन के लिए शिविर लगाने के साथ-साथ सदस्य साधु सिंह, गुरनाम सिंह गजलाना, महेंद्र सिंह, डॉ. शंकुतला शर्मा ने भी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव दिए।

### अवैध रूप से बने गंदे पानी के तालाब की समस्या रखी हाउस के समक्ष

**लॉटस** ग्रीन सिटी सेक्टर-9 वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान डॉ. सुखबीर सिंह ने कष्ट निवारण समिति की बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के समक्ष सुदंरपुर से पलवल रोड पर अवैध रुप से बने गंदे पानी के तालाब की समस्या को रखा। उन्होंने बताया कि इस तालाब के कारण सड़क तालाब में बह चुकी है और आसपास के घरों को भी इसका नुकसान पहुंच चुका है तथा इससे बड़ी घटना के घटने से इंकार नहीं किया जा सकता। इस मामले के पूरे तथ्य हाउस में रखे। कैबिनेट मंत्री ने उपायुक्त शांतनु शर्मा को इस शिकायत पर संज्ञान लेने के आदेश दिए है।

# मंत्री कमलेश ढांडा ने निपटाएं 15 परिवाद



पायनियर समाचार सेव। यमुनानगर

**जिला** लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक जिला सचिवालय के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पहले से निर्धारित 19 परिवाद रखे गए जिनमें से महिला एवं बाल विकास मंत्री ने 15 परिवादों का मौके पर ही निपटान कर शेष चार परिवादों को आगामी बैठक तक करने के निर्देश दिए।

मंत्री कमलेश ढांडा ने जिन 15 परिवादों का मौके पर ही निपटान करके फाइल करने के निर्देश दिए उनमें परिवाद नम्बर-3 जिसमें स्थानीय भगवती कॉलोनी निवासी पूर्ण चंद ने प्रोपर्टी आईडी खसरा नम्बर-53, गोविन्दपुरी को अप्रूवड करने, परिवाद नम्बर-4 में गांव ममीदी निवासी रिंकू शर्मा ने गांव के पास कुएं व सड़क की जगह से अवैध कब्जा हटवाने के बारे में व पार्क का निर्माण कराने के बारे में, परिवाद नम्बर-5 में गांव कलावड़ निवासी रामपाल ने ट्यूबवेल कनेक्शन देने के बारे में, परिवाद नम्बर-6 में भोगपुर निवासी दलबीर सिंह ने हरिजन बस्ती के पास से शराब का ठेका हटवाने के बारे में, परिवाद नम्बर-8 में हमीदा निवासी रिआज ने मुस्तकीम व अन्य के विरुद्ध कार्रवाई करने, परिवाद नम्बर-9 में कमला रानी निवासी शिवपुरी कॉलोनी ने पुत्र व पुत्रवधु द्वारा परेशान करने के बारे में दिया।

परिवाद नम्बर-11 में उषा रानी निवासी गांव पांसरा ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के बारे में, परिवाद नम्बर-12 में गांव भंभौली निवासी वंदना रानी ने घर में बिजली का कनेक्शन देने, परिवाद नम्बर-13 में आहलूवाला निवासी अमित कुमार ने घर में बिजली का कनेक्शन, परिवाद नम्बर-14 में लाकड़मय प्रतापपुर निवासी अश्विनी कुमार ने टायरों को जलाने वाली फैक्ट्री बंद करने, परिवाद नम्बर-15 में गांव कलावड़ निवासी रामकुमार ने गांव में शराब का ठेका दूसरी जगह बदलने, परिवाद नम्बर-16 में सरोजनी कॉलोनी निवासी रविन्द्र त्यागी ने आयुषमान कार्ड के आधार पर ऑपरेशन पर खर्च राशि का, परिवाद नम्बर-17 में गांव कुलपुर निवासी बृजपाल ने राशन डीलर डिपो के खिलाफ कार्रवाई के लिए, परिवाद नम्बर-18 में गांव बिचपड़ी निवासी बाला देवी ने पुत्रवधु व पौत्र का नाम राशन कार्ड में दर्ज करवाने और परिवाद नम्बर-19 में ग्राम पंचायत घोड़ी पीपली के लिए बस चलवाने के बारे में प्रार्थना की गई थी जिनकी सुनवाई के उपरांत संबंधित विभागों द्वारा उक्त परिवादों के निपटान हेतु की गई कार्रवाई से संतुष्ट होकर महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने उक्त परिवादों को फाइल कर दिया।

### जला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक

**जिला** कष्ट निवारण समिति की बैठक में महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने अधिकारियों व कर्मचारियों को चेताया, सही बातचीत व व्यवहार न करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकारी व कर्मचारी लोगों की शिकायतें सुनते हुए सही ढंग से बात करें व बातचीत का व्यवहार ठीक रखें। यदि अधिकारी एवं कर्मचारी लोगों से सही ढंग से बातचीत नहीं करेंगे या बातचीत का ढंग गलत रखेंगे तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# चिरायु योजना अंत्योदय परिवारों के लिए साबित होगी मील का पत्थर : शांतनु

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की फ्लैगशिप आयुष्मान भारत योजना का विस्तार करते हुए हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई चिरायु योजना अंत्योदय परिवारों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। हरियाणा में हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले, इसके लिए सरकार द्वारा लगातार स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण और विस्तारीकरण किया जा रहा है।

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का मानना है कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं हर व्यक्ति का मूल अधिकार है, जो उसे अवश्य मिलना चाहिए। इसलिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने सराहनीय कदम आगे बढ़ाते हुए हरियाणा प्रदेश में एसईसीसी सूची में शामिल परिवारों के अलावा ऐसे सभी परिवारों, जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक है, उन्हें भी योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत हरियाणा के लाखों परिवारों को लाभ मिलेगा, जिसमें कुरुक्षेत्र जिले के भी हजारों परिवार शामिल है।



# किसानों को जागरूक करने के किए जा रहे हैं भरसक प्रयास : सुधा

**कुरुक्षेत्र।** विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक किसानों को इस ओर प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार भरसक प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा कई योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। इन्हीं योजनाओं का परिणाम है कि अब किसान रासायनिक खेती को छोड़कर प्राकृतिक खेती की ओर जा रहे हैं। विधायक सुभाष सुधा ने बातचीत करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती धीरे-धीरे समय की जरूरत बनती जा रही है। इस पद्धति से कम लागत के साथ किसान जैविक पैदावार बढ़ा सकता है और अपनी आय में भी वृद्धि कर सकता है।

# यौन उत्पीड़न भेदभाव का एक गंभीर रूप, इसे बर्दाश्त नहीं करना चाहिए : प्रो. शुचिस्मिता

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा गुरूवार को डॉ. आरके सदन में कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया।

कार्यक्रम की मुख्यातिथि केयू की आंतरिक शिकायत कमेटी की अध्यक्षा तथा संगीत विभाग की अध्यक्षा प्रो. शुचिस्मिता ने कहा कि यौन उत्पीड़न वैसे अवांछनीय यौन व्यवहार अथवा यौन प्रकृति वाले मौखिक या शारीरिक आचरण को कहते हैं, जिसके परिणामस्वरूप किसी व्यक्ति के काम काज में अनुचित हस्तक्षेप होता है या फिर काम का माहौल भयपूर्ण, शत्रुतापूर्ण या अपमानजनक बन जाता है। यौन उत्पीड़न भेदभाव का एक गंभीर रूप है, और इसे बरदाश्त नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह काम में समानता का अवमूल्यन है और काम करने वालो की इज्जत, गरिमा और सलामती के खिलाफ है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता समाज कार्य विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो. वनिता ढींगरा ने इस विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय लैंगिक संवेदनशीलता को गंभीरता से लेते हुए काम कर रहा है और लैंगिक समानता को बढ़ावा दे रहा है।


विद्यार्थियों को संबोधित करतीं संगीत विभाग की अध्यक्ष प्रो. शुचिस्मिता।

## संक्षिप्त समाचार

### गुजरात में भाजपा की जीत पर कोर्ट परिसर में बांटे लड्डू



**कुरुक्षेत्र।** सरस्वती हैरिटेज बोर्ड के वाइस-चेयरमैन धुम्मन सिंह किरमिच ने गुजरात में भाजपा की ऐतिहासिक विजय पर कोर्ट परिसर में लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक विजय दर्शाती है कि भाजपा सरकार ने गुजरात में विकास के जबरदस्त काम किए हैं। भाजपा सरकार की समाज एवं जनहित की नीतियों को इस विजय से गुजरात की जनता का भी अभूतपूर्व समर्थन मिला है।

### डॉ. दीप्ति को मिला पुस्तकालय प्रभारी का अतिरिक्त कार्यभार

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. बलदेव कुमार के निर्देशानुसार श्रीकृष्णा राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल की प्रो. डॉ. दीप्ति प्राशर को पुस्तकालय प्रभारी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। डॉ. दीप्ति पराशर रोग निदान विभाग में विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं वीरवार को कुलपति ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। जिस पर उन्होंने कुलपति का आभार जताया और कहा कि वे पूरी लगन व निष्ठा से इस जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगी व पुस्तकालय में आयुर्वेदिक चिकित्सा के साथ-साथ हर प्रकार का साहित्य उपलब्ध हो ऐसे उनके प्रयास रहेंगे। जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई में मदद मिलेगी।

### पार्कों को बेचने का निर्णय शर्मनाक : त्रिलोचन



**करनाल।** कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमन्त्री की नगरी करनाल में पार्कों को बेचने का सरकार का निर्णय शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि क्या सरकार इतनी कंगाल हो चुकी है कि अब पार्कों को बेचने की नौबत आ चुकी है। उन्होंने कहा कि शहर के पार्क सार्वजनिक संपत्ति है। लोगों की धरोहर है यह किसी की निजी सम्पत्ति नहीं है। सरकार एक तरफ फिजूलखर्ची कर रही है। दृष्टि हीन लोगों के लिए जो फुटपाथ करोड़ों की लागत से बनाये उनका कोई उपयोग नहीं है। प्रशासन ने लाखों खर्च कर राह धरी बनाई वह खराब पड़ी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी राज में अफसर और बीजेपी नेता दोनों हाथों से देश को लूट रहे हैं। करनाल नगरी में भ्रष्टाचार चरम पर है। बीजेपी राज अंधों और भृष्ट लोगों के हाथों में है। इनका अगर जोर चले तो यह लोग कफन और श्मशान भी बेच देंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमन्त्री मनोहर लाल और उनके नेताओं का जमीर मर चुका है। उन्होंने कहा की बीजेपी अब लूटने की चरम पर है। यहां सरकार अली बाबा चाली चालीस चोर की कहावत चरितार्थ कर रही है।

### एक जगह पर लगेगी प्रिकॉशन डोज

**कुरुक्षेत्र।** डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. अनुपमा सिंह ने कहा कि लोगों को कोरोना के संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिदिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा शेड्यूल जारी किया जा रहा है। जिले में नौ दिसंबर को एक स्थानों पर कोरोना वैक्सीनेशन की प्रिकॉशन डोज लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को कोरोना के संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिदिन शेड्यूल जारी कर लोगों को कोरोना की पहली व दूसरी डोज दी जा रही है। इसी कड़ी में अब जिले में आमजन को प्रिकॉशन डोज लगाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ जिले में विभिन्न सीएचसी, पीएचसी, सब सेंटर, राजकीय स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र सहित अन्य जगहों पर प्रिकॉशन डोज लगाने का कार्य किया जा रहा है, जिनमें एलएनजेपी अस्पताल के अंतर्गत एक स्थान में डोज लगाई जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे कोरोना की वैक्सीन की प्रिकॉशन डोज लगवा कर कोरोना की इस संक्रमण की कड़ी को तोड़ने में स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन का सहयोग करे।

### पूर्णिमा का व्रत रखने से भक्तों के सभी पाप धुल जाते हैं



**कुरुक्षेत्र।** राजेंद्र नगर स्थित श्री अद्वैत स्वरूप अनंत आश्रम नंगली वाली कुटिया में पूर्णमासी के मासिक सत्संग का आयोजन किया गया। प्रवचन करते हुए संत अगम पुरी ने कहा कि इस मास को भगवान श्रीकृष्ण का प्रिय महीना माना जाता है। इसलिए इस मास का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। शास्त्रों में बताया है कि मार्गशीर्ष मास में पूर्णिमा तिथि के दिन विशेष व्रत रखने से भक्तों के सभी पाप धुल जाते हैं। मंच का संचालन चन्द्र प्रकाश धमीजा ने किया। मौके पर संत निर्विकार पुरी, संत संतोष पुरी, संत वीणा पुरी, संत आनंद पुरी, संत सहज पुरी, संत वेदांत पुरी, संत आत्म विभोर पुरी पिहोवा, आश्रम के प्रवक्ता महात्मा दिव्यानंद, महात्मा गुरु सेवानंद, महात्मा गोपालानंद आदि संतों ने संगत का मार्ग दर्शन किया। पंडित अंकित शर्मा, गुलशन बजाज, वेद प्रकाश फौजी, बिट्टू गाबा, सुनील मेहता, राजीव चावला, विजय गाबा, विक्की सिंगला आदि भक्तजन मौजूद रहे।

### नशे के विरुद्ध 90वां एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम

**करनाल।** हरियाणा पुलिस के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, अम्बाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं हरियाणा एनसीबी के प्रमुख श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोंदर में एक दिवसीय 90वां नशे के विरुद्ध जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य त्रिलोचन सिंह की अध्यक्षता में गांव के सरपंच के पति मोहन शर्मा, सतीश गोंदर, भूदेव सहित अनेक युवाओं ने भागीदारी की। ब्यूरो के जागरुकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी एवं उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पधारे हुए थे। उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार ने कार्यक्रम के संचालन में सहभागिता की। ग्राम के विद्यालय में पहुंचने पर ब्यूरो अधिकारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा का गणमान्य लोगों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। ब्यूरो के जागरुकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने ग्रामीणों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ब्यूरो प्रमुख श्रीकांत जाधव साहब के आदेशानुसार हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए दो प्रकार से कार्य किए जा रहे हैं जिसमे प्रथम अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने से लेकर उनकी अवैध सम्पत्ति को नष्ट करने के साथ साथ जब्त भी किया जा रहा है। दूसरे गांव-शहर जाकर युवाओं और विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से परिचित कराया जा रहा है ताकि कोई व्यक्ति ज्ञान के आभाव में कुसंग के कारण नशे का शिकार न हो जाए।

# एमएचयू के स्टूडेंट पूरे देश में छाप छोड़ रहे हैं : प्रो समर सिंह

## एमएचयू के विद्यार्थियों ने नेशनल लेवल पर आयोजित हुई प्रतियोगिताओं में जीते मेडल

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**बागवानी** महाविद्यालय महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने अलग-अलग विश्वविद्यालय में आयोजित हुई प्रतियोगिताओं में मेडल जीतकर यूनिवर्सिटी का नाम देशभर में चमकाया है। मेडल जीतने पर एमएचयू कुलपति प्रो. समर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

बागवानी महाविद्यालय की छात्रा रितुल शर्मा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित हुए राष्ट्रीय एकता शिविर में नारा लेखन प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया। जबकि बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी में आयोजित हुई एनआईसी कैंप में आरजू ने तीसरा स्थान हासिल हर विश्वविद्यालय का नाम देश प्रदेश में रोशन किया। कुलपति प्रो. समर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि एमएचयू के स्टूडेंट देशभर में अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ रहे हैं। जहां भी प्रतियोगिता होती है, वहां पर एमएचयू के विद्यार्थी भागीदारी करते है ओर मेडल जीतकर लाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद प्रतियोगिताओं में भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और जो लक्ष्य विद्यार्थियों ने तय किए हैं। उन्हें पूरा करने में पूरी मेहनत करें। विद्यार्थी बागवानी क्षेत्र में अपना करियर बनाएं। महाविद्यालय प्रो. रंजन गुप्ता ने विजेता विद्यार्थियों को जीत की बधाई देते हुए कहा कि वे आगे भी सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले। क्योंकि हम सामाजिक कार्यों से जुड़कर ही लोगों के जुड़े रह सकते हैं, लोगों के समक्ष जो सामाजिक समस्याएं हैं। उन्हें दूर करने में सहयोग करें।


विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो समर सिंह।

### अक्षय मेहता ने पाया प्राइड ऑफ योगा हिदुस्थान अवार्ड

डॉ. अजय कुमार ने बताया कि एमएचयू के स्टूडेंट अक्षय मेहता ने प्राइड ऑफ योगा हिंदुस्थान अवॉर्ड से नवाजा किया। ये अवॉर्ड देशभर के करीब 30 विद्यार्थियों को मिला। बता दें कि अक्षय मेहता को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा एनएसएस नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। मौके पर डॉ. विजय अरोड़ा, एनएसएस प्रोगाम ऑफिसर डॉ. अजय कुमार, डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. सतेंद्र सिंह, डॉ. विमला, डॉ. सोनिया, डॉ. सहरून खान, डॉ. युवराज, डॉ. विजेंद्र और डॉ. शुभ्रन आदि मौजूद रहे।

# आज भिवानी रैली में उमड़ेगा जन सैलाब तोड़ेगी सभी रिकार्ड : अमनदीप चावला

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**नगरनिगम** पार्षद एवं जजपा के हल्का अध्यक्ष करनाल अमनदीप सिंह चावला ने कहा कि आज भिवानी में होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी और यह रैली सभी रिकार्ड तोड़ देगी। उन्होंने कहा कि भिवानी में जनसैलाब उमड़ेगा।

उन्होंने कहा कि जजपा ने अपने वादे अनुसार जहां युवाओं के लिए निजी औद्योगिक संस्थानों में 75 फीसदी आरक्षण देने की दिशा में मजबूत कदम उठाया है, वहीं महिलाओं के लिए राशन डिपो में 33 फीसदी व पंचायती राज में महिलाओं को 50 प्रतिशत और बीसीए वर्ग के लिए आठ फीसदी आरक्षण दिलवाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जजपा का एकमात्र ध्येय हरियाणा का चहुंमुखी विकास है और इस दिशा में पार्टी तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इसी का परिणाम है कि आज जजपा पूरे हरियाणा में सर्वाधिक तेजी से आगे बढ़ने वाली पार्टी बन गई है।



उन्होंने तमाम पदाधिकारियों व स्थानीय लोगों को आज नौ दिसंबर को जजपा के पांचवें स्थापना दिवस पर भिवानी में होने वाली रैली के लिए न्योता दिया। अमनदीप सिंह चावला ने कहा कि सरकार के पास विकासात्मक कार्यों के लिए कभी भी धन की कमी नहीं रही और भविष्य में भी नहीं रहेगी। कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत से जजपा ने प्रदेश में मजबूत संगठन खड़ा किया है। हरियाणा के अलावा दिल्ली, गुजरात, यूपी सहित अन्य राज्यों में भी जजपा अपने संगठन में निरंतर विस्तार कर रही है।



# कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति की हार : भाजपा

**182 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने किया अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**

**प्रवक्ता यमल व्यास बोले, यह भाजपा के डबल इंजन के विकास की जीत**

एजेंसी। अहमदाबाद

**गुजरात** विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ी जीत की ओर बढ़ रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह उसके विकास के एजेंडे की जीत और कांग्रेस के नकारात्मक राजनीति की हार है।

गुजरात की 182-सदस्यीय विधानसभा के लिए हुए चुनाव के तहत जारी मतगणना के रुझानों में भाजपा अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती दिख रही है। करीब 150 से अधिक सीटों पर उसके उम्मीदवार आगे थे। ये रूझान अगर नतीजों में परिवर्तित होते हैं तो गुजरात में भाजपा की लगातार सातवीं जीत होगी। जीत को लेकर आश्वस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाना भी शुरु कर दिया है। सैंकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गांधीनगर स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पहुंच चुके हैं और वहां उत्सव सा माहौल है। उन्होंने जमकर नृत्य किया और एक-दूसरे को मिठाइयां भी बांटी।

भाजपा की गुजरात इकाई के प्रवक्ता यमल व्यास ने कहा, यह भाजपा के डबल इंजन के विकास के एजेंडे की जीत है। भारी जनादेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के प्रति लोगों के विश्वास को दर्शाता है। भाजपा द्वारा राज्य में चलाए गए विकास के एजेंडे की यह जीत है। कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के बारे में व्यास ने कहा, कांग्रेस को सीख लेनी चाहिए कि नकारात्मक राजनीति से उसे कुछ भी हासिल नहीं होने वाला है। कांग्रेस को प्रदश की जनता ने पूरी तरह खारिज कर दिया है।

आम आदमी पार्टी के प्रदर्शन के बारे में भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि उनकी उपस्थिति सोशल मीडिया और शहरी मतदाताओं के एक वर्ग तक ही सीमित है।

## परिणाम सुन भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुरू कर दिया जश्न मनाना



## हाल ए कांग्रेस, प्रदेश में सबसे बुरे दौर में रही पार्टी



**भाजपा** की प्रचंड जीत से कांग्रेस की दो दशक बाद गुजरात की सत्ता में वापसी करने की उम्मीद को तो धक्का लगा ही है, राज्य में पार्टी के फिर से उभरने की उम्मीदें भी लगभग खत्म होती दिख रही हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के बीच ऐसी चर्चा है कि गुजरात में आम आदमी पार्टी (आप) के चुनावी मैदान में उतरने से कांग्रेस को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। इसका सीधा फायदा पिछले दो दशक राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा को मिला। कांग्रेस की 'शर्मनाक' हार को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा और बहस शुरू हो गई है।

### आप की एंट्री से मुकाबला त्रिकोणीय हो गया

**गुजरात** में अब तक केवल दो दल कांग्रेस और भाजपा, चुनाव में प्रमुख रूप से आमने सामने होते थे। लेकिन इस बार के चुनाव में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की एंट्री से मुकाबला त्रिकोणीय हो गया था। साथ ही आप ने चुनाव में पूरी ताकत झोंक दी थी। केजरीवाल ने न सिर्फ सभी 182 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, बल्कि बड़े पैमाने पर चुनाव रैलियां भी कीं। माना जा रहा है कि इसका सीधा असर कांग्रेस के वोट बैंक पर पड़ा। वहीं, भाजपा के परंपरागत मतदाता उसके साथ जुड़े रहे। कांग्रेस का वोट विभाजित होने से भाजपा की सीटें और बढ़ गईं।

### राहुल रहे भारत जोड़ो यात्रा में व्यस्त, गुजरात में नहीं चुना कोई सीएम चेहरा

**गुजरात** विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो यात्रा में ही व्यस्त थे। उन्होंने गुजरात में पार्टी के लिए चुनाव प्रचार न के बराबर किया। कांग्रेस ने अपने प्रमुख राहुल गांधी की राज्य में एक-दो जनसभाएं ही आयोजित की थी। इसके उलट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने गृह राज्य में डेरा डाल लिया था। गुजरात में पार्टी का कोई फायरब्रांड नेता या बड़ा चेहरा न होने का भी नुकसान कांग्रेस को हुआ। साथ ही पार्टी ने किसी नेता को सीएम पद का उम्मीदवार भी नहीं घोषित किया था। गुजरात में कांग्रेस लंबे समय आंतरिक कलह और संगठनात्मक चुनौतियों से जूझ रही है। विधानसभा चुनाव से पहले कई प्रमुख नेताओं ने कांग्रेस का साथ छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया था। इन नेताओं में युवा पाटीदार नेता हार्दिक पटेल, अल्पेश ठाकोर व अन्य शामिल थे। कांग्रेस के इन नेताओं को खोने से गुजरात में पार्टी संगठन को नुकसान पहुंचा।

### खड़गे की पीएम पर टिप्पणी बनी मुद्दा

**गुजरात** में दूसरे चरण की वोटिंग से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक विवादित टिप्पणी पर काफी विवाद हुआ था। भाजपा ने इस मुद्दे को जोरशोर उठाया और इसे प्रधानमंत्री मोदी की छवि व गुजरात से जोड़ कर पेश किया। जानकारों का मानना है कि खरगे की प्रधानमंत्री मोदी पर की गई टिप्पणी से पार्टी को नुकसान पहुंचा। खरगे ने कथित तौर पीएम मोदी की तुलना रावण से की थी।

### कांग्रेस ने एकमात्र ग्रामीण सीट भी गंवाई

**इस** बार के चुनाव में कांग्रेस पार्टी को सूरत शहर की एक मात्र सीट सूरत पूर्व और ग्रामीण इलाके की मांडवी सीट पर जीत की उम्मीद थी। सूरत पूर्व से कांग्रेस के उम्मीदवार असलम सायकलवाला 43 फीसदी मुस्लिम मतदाताओं के सहारे चुनावी मैदान में थे। लेकिन उन्हें भी हार का सामना करना पड़ा। पूरे सूरत शहर में कांग्रेस बीते 15 सालों से एक भी सीट नहीं जीत पाई है। 2002 में सूरत शहर में 6 सीटें थी। 2002 के विधानसभा चुनाव में सूरत पूर्व सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार मनीष गिलिटवाला ने जीत हासिल की थी। इसी तरह का कांग्रेस को सूरत ग्रामीण की मांडवी विधानसभा सीट पर जीत की उम्मीद थी। लेकिन इस सीट पर भी उसे हार मिली। यह सीट 2012 में अस्तित्व में आई। इसके बाद से ही यहां कांग्रेस का कब्जा रहा। विधानसभा चुनाव 2017 में कांग्रेस के चौधरी आनंद भाई मोहन भाई ने 50 हजार 776 वोट से जीत हासिल की थी। मांडवी में नगर निगम चुनाव 2021 में बीजेपी ने अच्छा प्रदर्शन किया था।

# गुजरात में सफलता का श्रेय जनता के विश्वास को जाता है : राजनाथ सिंह

**ट्वीट किया, ये ऐतिहासिक विजय विकास, सुशासन और जन कल्याण के लिए प्रतिबद्धता की जीत**

एजेंसी। नई दिल्ली



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुजरात विधानसभा चुनाव में पार्टी के ऐतिहासिक प्रदर्शन का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और उनकी साख को दिया।

भाजपा गुजरात में लगातार सातवीं बार ऐतिहासिक जीत की ओर अग्रसर है और राज्य में किसी विधानसभा चुनाव में सर्वाधिक सीट जीतकर पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ सकती है। सिंह ने ट्वीट किया कि गुजरात में भाजपा की ऐतिहासिक विजय विकास, सुशासन और जन कल्याण के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता की जीत है। उन्होंने कहा, इस जीत का सबसे बड़ा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता का भरोसा, उनकी लोकप्रियता और साख को जाता है। उन्हें बधाई और जनता का आभार। सिंह ने भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह पटेल और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सी आर पाटिल को भी राज्य में भाजपा के प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि इन सभी नेताओं के अथक परिश्रम के कारण भाजपा ने सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए नया इतिहास रचा है। मतगणना के रुझान में भारी बढ़त के साथ भाजपा 182 सीटों में से 150 से अधिक पर जीत हासिल कर चुकी है।

# गुजरात चुनाव में क्या भाजपा व आप के बीच मौन समझौता था : सांसद राउत

**कहा, लोगों में संदेह है कि ऐसा हुआ होगा कि आप दिल्ली ले ले और गुजरात भाजपा लिए छोड़ दे**

एजेंसी। मुंबई

**शिवसेना** के उद्धव ठाकरे नीत धड़े के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने बृहस्पतिवार को कहा कि गुजरात विधानसभा चुनाव के परिणाम उम्मीदों के अनुरुप हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लोगों को संदेह है कि क्या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच कोई मौन समझौता था।

गुजरात विधानसभा चुनाव में मतों की गिनती सुबह शुरू हुई और अब तक के रुझानों से संकेत मिलता है कि भाजपा एक बड़ी जीत की ओर बढ़ रही है। भाजपा गुजरात में 1995 के बाद से एक भी विधानसभा चुनाव नहीं हारी है। राउत ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि अगर आप और अन्य दल एक साथ आते, वे गठबंधन करते या किसी समझौता पर पहुंचते, तो भाजपा के लिए यह कठिन मुकाबला होता। उन्होंने कहा, गुजरात के नतीजे उम्मीदों के अनुरुप हैं।

राउत ने दोनों दलों के बीच मौन समझौता होने का शक जताते हुए कहा, लोगों में संदेह है कि ऐसा हुआ होगा कि आप (आप) दिल्ली ले लें और गुजरात हमारे (भाजपा) लिए छोड़ दें। वह दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनावों में आप की जीत का जिक्र कर रहे थे। राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा कि एमसीडी चुनाव में आप की जीत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। राउत ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस उम्मीद के मुताबिक कड़ी टक्कर दे रही है। उन्होंने इसे सकारात्मक बताया।

### भाजपा से दिल्ली छीन लेना आसान नहीं



**सांसद** संजय राउत ने कहा, भाजपा जैसी पार्टी से दिल्ली छीन लेना आसान नहीं है। राउत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का भी बचाव किया जो गुजरात चुनाव के दौरान अपनी पार्टी के प्रचार अभियान से लगभग अनुपस्थित रहे।

# उपचुनाव : यूपी के मैनपुरी में डिंपल यादव ने मारी बाजी

**छह उपचुनाव में दो कांग्रेस, दो बीजेपी जीती**

**71 साल बाद रामपुर में कमल खिला**

एजेंसी। नई दिल्ली



**देश** के पांच राज्यों की छह विधानसभा और एक लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव की काउंटिंग जारी है। यूपी में आजम खान का गढ़ माने जाने वाले रामपुर में 71 साल बाद कमल खिला है। यहां भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना ने आजम के करीबी आसिम रजा को 25,703 वोटों से हरा दिया है।

बिहार की कुढ़नी विधानसभा सीट पर भी भाजपा का कब्जा रहा। भाजपा ने जदयू के मनोज कुशवाहा को 3,632 वोटों से हराया। छत्तीसगढ़ की भानुप्रतापपुर और राजस्थान की सरदारशहर सीट पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने प्रतिद्वंद्वी रघुराज सिंह शाक्य को दो लाख 88 हजार 461 मतों से हरा दिया।

## परिवार एकजुट होकर लड़ा, इसलिए सपा बड़ी जीत की ओर : शिवपाल

एजेंसी। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी (सपा) के विधायक और पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के चाचा शिवपाल सिंह यादव ने मैनपुरी लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव को बृहस्पतिवार को बेहद मजबूत बढ़त मिलने के बाद सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की समाधि पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

शिवपाल ने कहा कि परिवार एकजुट होकर लड़ा, इसलिए पार्टी बड़ी जीत की ओर अग्रसर है। मैनपुरी उपचुनाव में सपा उम्मीदवार और अखिलेश की पत्नी डिंपल यादव को एक लाख से ज्यादा मतों से बढ़त मिलने के बाद शिवपाल ने मुलायम सिंह की समाधि पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर संवाददाताओं से बातचीत में शिवपाल ने कहा, नेताजी (मुलायम सिंह यादव) और समाजवादी सरकार ने मैनपुरी में जो विकास किया है, उसकी वजह से यह बड़ी जीत मिली है। मैनपुरी में आज भी नेताजी का जलवा कायम है।

# हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने बचाई साख, हासिल की जीत

एजेंसी। शिमला



**कांग्रेस** ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में बृहस्पतिवार को पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध शाम पांच बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक, कांग्रेस 68 सदस्यीय विधानसभा में 38 सीट जीत चुकी थी। दो सीट पर आगे थी। इधर, भाजपा 18 सीट जीत चुकी है और सात सीट पर आगे है। तीन सीट पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है।

आम आदमी पार्टी के हिस्से में कोई सीट आती नहीं दिख रही है। उसने 67 सीट पर चुनाव लड़ा था। हिमाचल प्रदेश का 1985 से यह राजनीतिक इतिहास रहा है कि यहां की जनता ने किसी भी पार्टी को लगातार दो बार सत्ता की चाबी नहीं सौंपी है। सेराज विधानसभा सीट से मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कांग्रेस के चेतराम को पराजित किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखराम के पुत्र और भाजपा उम्मीदवार अनिल शर्मा ने मंडी सदर विधानसभा सीट पर जीत हासिल की है।

उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार चम्बा ठाकुर को 10 हजार से अधिक मतों के अंतर से पराजित किया। शिमला शहरी विधानसभा सीट पर कांग्रेस के हरीश जनारथा ने भाजपा उम्मीदवार संजय सूद को 3,037 मतों के अंतर से पराजित किया। नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली विधानसभा सीट से जीत हासिल की, तो ठियोग विधानसभा सीट से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप राठौर तथा धर्मशाला से पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा विजई रहे। हिमाचल प्रदेश में 12 नवंबर को हुए विधानसभा चुनाव में 76.44 फीसदी मतदान दर्ज किया गया था।

## जयराम ठाकुर ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा

एजेंसी। शिमला



**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा चुनाव में पराजय स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने बृहस्पतिवार को राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। हिमाचल प्रदेश की 68 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस बहुमत के आंकड़े को पार कर चुकी है। मुख्यमंत्री ठाकुर ने पहले कहा था कि वह जनादेश का सम्मान करते हैं और राज्यपाल को इस्तीफा सौंपने जा रहे हैं। हालांकि सराज से सीएम जायराम ठाकुर, भरमौर से डॉ. जनक राज, और सुंदरनगर से राकेश जमवाल की जीत की है। सीएम जयराम ठाकुर ने रिकॉर जीत दर्ज करते हुए कांग्रेस के चेतराम को 31788 मतों से हरा दिया है।

अब तक के आंकड़ों पर गौर करें तो कांग्रेस 37 सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं जबकि भाजपा 28 सीटों पर आगे चल रही है। इसके अलावा खबर लिखे जाने तक तीन सीटों पर निर्दलीय उम्मीवार भी बढ़त बनाए हुए थे।

### हिमाचल में इन वजहों से पिछड़ गई बीजेपी

**हिमाचल** प्रदेश में प्रत्याशियों के एलान के बाद सबसे ज्यादा बगावत भारतीय जनता पार्टी में दिखी। भाजपा के 21 बागियों ने निर्दलीय ही चुनावी मैदान में ताल ठोक दी थी। कुछ कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में भी चले गए। इसके चलते भाजपा के वोटों में बड़ी सेंधमारी हुई। इसका फायदा कांग्रेस को हुआ। इधर स्थानीय नेताओं और मंत्रियों को लेकर लोगों के बीच काफी नाराजगी थी। बड़ी संख्या में लोगों का कहना था कि नेता उनकी बातें नहीं सुनते हैं। क्षेत्र में भी नहीं रहते। इसके बावजूद पार्टी ने टिकट दिया। कुछ प्रत्याशियों पर परिवारवाद का भी आरोप लगा। जैसे, मनाली के प्रत्याशी और शिक्षामंत्री गोविंद ठाकुर हैं। गोविंद के पिता भी भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ते रहे हैं। ऐसे में स्थानीय लोग उनसे काफी नाराज रहे।

वही, कोरोना के बाद पूरे देश की आर्थिक स्थिति में काफी बदलाव आया। हिमाचल प्रदेश के आय का स्त्रोत पर्यटन है। कोरोनाकाल में ये पूरी तरह ठप पड़ गया था। इसके बावजूद यहां के लोगों को कुछ राहत नहीं मिली। इस बीच, महंगाई और बेरोजगारी भी काफी बढ़ गई। इसके चलते भी लोगों में सरकार के खिलाफ काफी नाराजगी दिखी।

इस बार चुनाव में कांग्रेस ने कई लुभावने चुनावी वादे किए। पुरानी पेंशन योजना से लेकर 300 यूनिट मुफ्त बिजली, स्कूलों की बेहतर स्थिति और पर्यटन को बढ़ावा देने जैसी कई लुभावने वादे हुए। इसका असर भी मतदान में देखने को मिला।



### क्या हार के बाद भी सरकार बना सकती है भाजपा ?

**गोवा,** असम, अरुणाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी,कर्नाटक, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में ऐसा हो चुका है। जहां, चुनाव हारने के बाद भी भारतीय जनता पार्टी ने सरकार बनाने में कामयाबी हासिल कर ली। यही कारण है कि हिमाचल प्रदेश को लेकर भी इस तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। अभी हिमाचल प्रदेश में भाजपा के 25 सीट जीतती दिख रही है। यहां बहुमत का आंकड़ा 35 है। ऐसे में सरकार बनाने के लिए भाजपा को 10 विधायकों की जरूरत पड़ेगी। तीन निर्दलीय भी अगर भाजपा के समर्थन में आ जाएं तो भी भाजपा बहुमत के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाएगी। हालांकि, अगर कांग्रेस के विधायक टूटकर भाजपा में शामिल होते हैं, तो जरूर आगे चलकर बड़ा उलटफेर हो सकता है। ऐसे में भाजपा की सरकार बन सकती है। हालांकि, फिलहाल ये संभव नहीं दिख रहा है।

# विवादित श्मशान घाट की बाउंड्री वॉल कराने पर बवाल

## आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर किया हंगामा, गाजियाबाद पुलिस का लाठीचार्ज, दर्जन भर हिरासत में


हंगामा करने वाले आरोपियों को पुलिस ले जाती।


बाउंड्री वॉल बनाने में जुटा प्रशासन।

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**शास्त्रीनगर** की विवादित श्मशान घाट पर आज प्रशासन, निगम और पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से बाउंड्री वॉल बनाने का काम शुरू कराया।

बाउंड्री वॉल बनने की सूचना पर हरसांव व उसके आसपास के क्षेत्र के लोग पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया था। हालांकि पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित लोगों ने सड़क पर जाम लगाने का प्रयास किया। ऐसे में प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्ज कर उन्हे हटा दिया। पुलिस ने बवाल कर रहे लोगों को हिरासत में भी लिया।

एसीएम सेकेंड शाल्वी अग्रवाल ने बताया कि हाल ही में इस जगह पर दाह संस्कार करने को लेकर काफी विवाद हुआ था, लेकिन कोर्ट के स्पष्ट निर्देश थे कि यहां किसी को दाह संस्कार करने नहीं करने दिया जाएगा। दोबारा ऐसी स्थिति न बने इसके लिए बाउंड्री वाल कराकर इसे बंद किया जा रहा है। जो लोग विरोध कर रहे हैं उन्हें भी कोर्ट का आदेश दिखाया गया है। वहीं, नगर निगम के चीफ इंजीनियर एनके चौधरी ने बताया कि इस स्थल पर दाह संस्कार करने को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। कोर्ट में इस मामले में सुनवाई चल रही है, लेकिन हाल में ही कुछ लोगों ने यहां दाह संस्कार करने का प्रयास किया था जिस पर कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए कड़े निर्देश दिए हैं कि स्थल की सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रशासन और निगम की है। ऐसे में यह स्थिति दोबारा न बने इसके लिए इस स्थल को पूरी तरह से कवर कराया जाए।

कोर्ट के आदेश के बाद ही नगर निगम और प्रशासन द्वारा यहां बाउंड्री वाल बनाने का काम किया जा रहा है। जैसे ही टीम ने बाउंड्री वॉल बनाने का काम शुरू किया आस-पास के सैकड़ों लोग विरोध करने पहुंच गए, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। पुलिस की कार्रवाई से लोगों में गुस्सा और भी भड़क गया।

एक ओर जहां निगम की टीम काम करा रही है तो दूसरी ओर लोग विरोध में जुटे हुए हैं। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। इस मौके पर एसीपी रितेश त्रिपाठी, एसएचओ कविनगर अमित सिंह काकरान, महिला थाना प्रभारी किरण सहित निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

# गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरी प्रणाली पूरी तरह लागू, कमिश्नर ने अफसरों को बांटे विभाग

● सभी अधिकारियों के पदनाम भी बदल गए


रात में गश्त के लिए सड़क पर उतरे पुलिस अधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**गाजियाबाद** में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली आखिरकार पूरी तरह से लागू हो गई। पहले पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र ने सभी पुलिस अफसरों को उनके क्षेत्र और कामकाज बांट दिए हैं। सभी अधिकारियों के पदनाम भी बदल गए हैं।

पुलिस कमिश्नर के नीचे एक एडिशनल पुलिस कमिश्नर होंगे। शासन से इस पद पर आईपीएस ऑफिसर दिनेश कुमार पी को नियुक्त किया गया है। दिनेश कुमार अभी तक सीनियर एसपी हैं, लेकिन अगले महीने वे एसएसपी हो जाएंगे, इसलिए एडवांस में उनकी तैनाती कर दी गई है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर के नीचे तीन डीसीपी होंगे।

इसमें एसपी नगर निपुण अग्रवाल, एसपी ट्रांस हिंडन दीक्षा शर्मा और एसपी ग्रामीण ईरज राजा होंगे। ये तीनों अधिकारी अभी तक गाजियाबाद में ही पोस्टेड थे। इसके अलावा भी तीन पद शासन ने स्वीकृत किए हैं। ये तीनों ट्रैफिक, क्राइम, महिला अपराध, यूपी-112, पुलिस लाइन का कार्यभार संभालेंगे।

कोतवाली, नंदग्राम और कविनगर की रिपोर्टिंग एसपी सिटी को होगी। इंदिरापुरम और साहिबाबाद अपनी रिपोर्ट ट्रांस हिंडन को देंगे। जबकि लोनी, मोदीनगर, मसूरी और वेव सिटी के रिपोर्टिंग हेड ग्रामीण होंगे। एक के अधीन औसतन 2 से 3 थाने रहेंगे। गाजियाबाद को हाल ही में 62 नए कांस्टेबल दूसरे जनपदों से मिले हैं। इसके अलावा मेरठ समेत आसपास के जनपदों के एसएसपी ने गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में जाने के इच्छुक कांस्टेबलों से आवेदन देने के लिए कहा है।

कुल मिलाकर आने वाले 10-15 दिनों में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की एक बड़ी फौज खड़ी दिखाई देगी।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने लांच की बिल्डर भूखंड योजना

● 10 हजार फ्लैट बनने का अनुमान, 950 करोड़ मिलने की उम्मीद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा प्राधिकरण ने 11 बिल्डर भूखंडों की योजना लांच कर दी है। छह दिसंबर से इस स्कीम के ब्रोशर डाउनलोड करने और पंजीकरण कराने की सुविधा शुरू हो गई है।

इन 11 भूखंडों के आवंटन से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को रिजर्व प्राइस के आधार पर करीब 950 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद है। भूखंडों का आवंटन ई-ऑक्शन से हो रहा है। इन भूखंडों पर 10 हजार फ्लैट बनने का अनुमान है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी के निर्देश पर प्राधिकरण की तरफ से 11 बिल्डर की योजना लांच कर दी गई है। इस योजना के जरिए कुल 2.41 लाख वर्ग मीटर जमीन आवंटित की जाएगी।

ये भूखंड ओमीक्रॉन वन ए, जीटा वन, ईटा टू, सिग्मा थ्री, सेक्टर.36, ओमीक्रॉन वन, एम्यू, सेक्टर 10 व 12 में स्थित हैं। ये भूखंड 10120 वर्ग मीटर से लेकर 39321 वर्ग मीटर एरिया तक के हैं। इसके ब्रोशर बीते छह दिसंबर से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर इनके ब्रोशर उपलब्ध हो गए हैं। इनको डाउनलोड किया जा सकता है। इन भूखंडों के लिए एसबीआई पोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट से भी इसका लिंक दिया गया है। इसके पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 दिसंबर है।

पंजीकरण शुल्क, ईएमडी अर्नेस्ट मनी डिपोजिट और प्रोसेसिंग फीस भी 25 दिसंबर तक ही जमा की जा सकती है। डॉक्यूमेंट सबमिट करने की अंतिम तिथि 27 दिसंबर को शाम पांच बजे तक है। आवंटन होते ही इन सुविधाओं का पजेशन भी मिल जाएगा। सभी 11 भूखंडों पर करीब 10 हजार फ्लैट बन सकेंगे। पहली बार परपोसनेट लैंड अवशोष भूखंड पर टाइम एक्सटेंशन देने की सुविधा भी दी गई है।

# बुजुर्ग महिला को मिली नई जिंदगी

● किडनी कैंसर का किया सफल ऑपरेशन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**मेट्रो** अस्पताल के यूरोलॉजी और कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के डॉक्टरों ने इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी प्रक्रिया एंजियो एंबोलाइजेशन तकनीक और मेजर सर्जरी की मदद से 73 साल की महिला को नई जिंदगी दी है, जो दाईं किडनी में कैंसर ट्यूमर से पीड़ित थी।

डॉक्टरों के मुताबिक, मरीज का कैंसर टूट कर दिल तक पहुंच रहा था। मरीज की हालत लगातार खराब होती जा रही थी और अगर तुरंत ही सर्जरी न की जाती तो लगभग 1 माह से अधिक जिंदा रह पाना मुश्किल था। वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ आशुतोष सिंह ने बताया कि मैनपुरी की रहने वाली 73 साल की महिला को राइट साइड की किडनी में बहुत बड़ा कैंसर था। एक खून की नली, जिसे इंफीरियर वेना केवा कहते हैं। जो हमारे शरीर का दूषित खून हमारे हार्ट में ले जाती है, द्वारा यही कैंसर दिल तक पहुंच रहा था।

# नगर आयुक्त के आदेश के बाद भी अटकी हैबीटेट सेंटर की जांच

**गाजियाबाद।** हैबीटेट सेंटर के हाउस टैक्स को लेकर नगर आयुक्त के आदेश के बाद भी जांच रुकी हुई है। नगर निगम के निर्माण विभाग को जांच के लिए पैमाइश का कार्य करना था जो पूरा हो चुका है। इसके बाद भी रिपोर्ट तैयार कर जांच समिति को नहीं दी गई है।

हैबीटेट सेंटर पर सबसे पहले पौने चार करोड़ रुपये का हाउस टैक्स लगाया गया था। बाद में अधिकारियों ने एक-दूसरे को इस केस में फंसाने के लिए हाउस टैक्स इस पर बढ़ाकर करीब आठ करोड़ रुपये कर दिया। इस मामले में एक जांच कमेटी नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ की ओर से बैठाई गई है। कमेटी में नगर निगम अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव, अरुण कुमार यादव, सीटीओ और वसुंधरा जोनल प्रभारी अधिकारी आदि शामिल हैं।

जांच कमेटी में नगर निगम के चीफ इंजीनियर एनके चौधरी को भी शामिल किया गया है जिन्हें स्ट्रक्चर एरिया की पैमाइश करने का कार्य करना था। कई दिन पहले इसकी पैमाइश का कार्य भी पूरा कर लिया गया, मगर गणना रिपोर्ट तैयार कर नहीं भेजी गई है।

वहीं, जांच टीम के एक अधिकारी का कहना है कि गणना रिपोर्ट मिल जाने के बाद इस मामले में अगली कार्रवाई की जाएगी। मामले के वरिष्ठ अधिकारियों ने काफी गंभीरता से लिया है।

# जिले के 11 गांव बनेंगे पीएम आदर्श गांव

योजना में उत्तर प्रदेश के 724 गांवों को चिन्हित किया गया है




पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**जिले** के शहरी क्षेत्र ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों को भी विकसित बनाए जाने की कवायद चल रही है। गांवों को विकसित करने के उद्देश्य से जिले के 11 गांवों को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत चुना गया है।

यह सभी गांव अनुसूचित जाति सब प्लान के तहत चयनित किए गए जिसमें में गांववासियों की सामाजिक सुरक्षा यानि अनुसूचित जाति के लिए आय व अन्य असमानताओं को कम करते हुए उनके सामाजिक, अर्थिक, शैक्षिक एवं न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति के उद्देश्य से काम किया जाएगा। इस योजना में उत्तर प्रदेश के 724 गांवों को चिन्हित किया गया है जिसमें से 11 गांव जिले के भी शामिल हैं। इन गांवों में विकास कार्य कराए जाएंगे।

योजना में मुरादनगर ब्लॉक के मोहम्मदपुर कदीम, जलालपुर रघुनाथपुर, सिखैड़ा हजारी, अमीरपुर गढ़ी, भोजपुर ब्लॉक के गांव पट्टी, इशाकनगर, रजापुर ब्लॉक में गांव भोवापुर, मटियाला, समयपुर, मकरैड़ा और लोनी ब्लॉक में सादाबाद दुर्गावती गांव शामिल हैं। पीएम आदर्श गांव के तहत जहां लोगों की सामाजिक असमानता को दूर करने का काम किया जाएगा वहीं अन्य विकास के कार्यों के भी कराए जाएंगे। पूर्व में इन गांवों के लिए बनाई गई वीडीपी को दोबारा से सर्वे कर तैयार किया जा रहा है। डीपीआरओ प्रदीप द्विवेदी ने बताया कि दोबारा सर्वे होने के बाद वीडीपी स्वीकृत होने के उपरांत योजना के तहत काम किए जाएंगे।

# अग्निकांड में आठ पशुओं व डेयरी मालिक की हुई दर्दनाक मौत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**बीती** रात अज्ञात कारणों के चलते लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेहटा हाजीपुर संगम पार्क में नहर के निकट स्थित एक डेयरी में अचानक भयंकर आग लग गई।

आग की विकरालता और नुकसान का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि इस अग्निकांड के दौरान डेयरी में बंधे आधा दर्जन से अधिक पशु जलकर मर गए। साथ ही वहां पर सोए डेयरी मालिक सतवीर सिंह निवासी ढिकौली बागपत की भी आग की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस की माने तो लगभग सवा दस बजे के आस.पास लगी इस आग की सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को काफी देर बाद मिली। फायर ब्रिगेड जब तक आग पर काबू कर पाती और पुलिस रेस्क्यू शुरू करती पाती तब तक आग पूरी तरह से तबाही मचा चुकी थी।

आग कैसे लगी और इसमे कितने जान.माल की हानि हुई इस बाबत एसीपी लोनी रजनीश उपाध्याय का कहना था कि इसका पता तो जांच के दौरान ही मिल पायेगा। श्री उपाध्याय ने बताया कि प्राथमिक जांच के दौरान जो बात सामने आई है उससे पता चला है कि इस अग्निकांड के दौरान सात.आठ पशु और वहां पर सो रहे डेयरी मालिक की मौत हो गई।

# सेक्टर जाकर प्राधिकरण अधिकारी लोगों की समस्याओं का कर रहे निपटारा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**नोएडा** वासियों की समस्याओं के निपटारा करने के लिए प्राधिकरण आपके द्वार आया है। इसके तहत प्राधिकरण अधिकारियों ने सेक्टर.122 का निरीक्षण किया। वहां की आरडब्ल्यूए और निवासियों के साथ चर्चा की और समस्याओं का निस्तारण किया। निरीक्षण में उप महाप्रबंधक सिविल, उप महाप्रबंधक जल व विद्युत यांत्रिकी आदि अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान सेक्टर वासियों की ओर से कुल 19 शिकायत बताई गई। जिसमें सिविल की 7ए जल सीवर की 3ए उद्यान की 3 ए जन स्वास्थ्य की 3 और विद्युत यांत्रिकी की 3 समस्या रही।

इस दौरान लोगों ने बताया कि सेक्टर में कुछ स्थानों पर नालियों के क्षतिग्रस्त होने के कारण बरसात में पानी का रोड पर जमाव होता है। ए ब्लाक में करीब 4 प्लॉट पर किसानों का कब्जा है इस अतिक्रमण को हटाया जाए। एमपी.3 मार्ग की सर्विस रोड की खुदाई के बाद यहां से निकलना दुभर है। इस सर्विस लेन का प्रयोग सेक्टर.119ए 120 और 121 के लोगों की ओर से किया जाता है। इसके रिसर्फेसिंग कराई जाए। सेक्टर में 50 प्लॉट है जिनमें झाड़ियां फैली है। सड़क पर निर्माण सामग्री को हटाया जाए। इसके अलावा कुछ मकानों में जल में टीडीएस की मात्रा बहुत ज्यादा है इसको कम किया जाए। सेक्टर में समय से जला पूर्ती की जाए। सेक्टरों में ग्रीन बेल्ट में पेड़ों की छटाई की जाए।

सेक्टर में आवारा कुत्तों की समस्या गंभीर होती जा रही है। से लोग कई लोगों को घायल कर चुके है। आवारा कुत्तों के लिए शेल्टर बनाए जाए। नालियां बंद है ड्रेनेज को खोला जाए। स्ट्रीट लाइट को ठीक कराया जाए जर्जर पोल को बदला जाए। इस मौके पर प्राधिकरण डीजीएम आरपी सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनुरक्षण कार्यो को 5 दिन में पूरा किया जाए। नई मांगों पर 10 दिन में टेंडर जारी किए जाए। सेक्टर.71 आरडब्ल्यूए के महासचिव संजीव कुमार ने बताया कि उनके छोटे भाई राजीव कुमार की बेटी राधिका सेक्टर.16 स्थित स्कूल में कक्षा चार की छात्रा है। बुधवार सुबह वह बेटी को छोड़ने गए, लेकिन साढ़े सात बजे तक वैन नहीं आई तो उन्होंने 8 बजे वैन ड्राइवर देवेंद्र को फोन लगाया तो एक राहगीर ने बताया कि ड्राइवर वैन में बेहोश पड़ा है। वैन में कई बच्चे भी हैं, जो घबराए हैं। वह दोनों भाई मौके पर पहुंचे। जहां ड्राइवर देवेंद्र उन्हें वैन में सीट पर बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। बताया कि वैन यूटर्न प्वाइंट पर कई बार बाउंडरी से भी टकराइ, लेकिन स्पीड कम होने के कारण इंजन अपने आप बंद हो गया। वहां मौजूद लोगों ने लगातार ड्राइवर की मदद के लिए करीब 15 से ज्यादा बार डायल 112 पर कॉल किया लेकिन संपर्क नहीं हो सका। आखिर में वो ड्राइवर को अपने वाहन में लेकर अस्पताल लेकर गए। उसे कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि ड्राइवर देवेंद्र को बेहोशी की हालत में यहां लाया गया था। ड्राइवर को ब्रेन हैमरेज हुआ है। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इलाज किया जा रहा है। जिस समय ये हादसा हुआ उस समय वैन में पांच बच्चे सवार थे। बच्चों के परिजनों को सूचित किया गया। सूचना मिलने पर वैन ड्राइवर के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पहले वे देवेंद्र को लाइन केयर अस्पताल लेकर गए। उसके बाद वहां से कैलाश अस्पताल लेकर आए। वहां ड्राइवर की सर्जरी की गई है। उसकी हालत अभी नाजुक बनी हुई है।

# मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक व ट्रांसपोर्ट हब प्रोजेक्ट की डीपीआर जल्द होगी तैयार

● बोड़ाकी के पास ही ग्रेटर नोएडा रेलवे टर्मिनल बनाया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**ग्रेटर** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ की प्रबंध निदेशक ऋतु माहेश्वरी ने मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब और मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब की समीक्षा की। सीईओ ने दोनों परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को प्रेजेंटेशन को देखा।

दोनों परियोजनाओं की डीपीआर एवं बिड डॉक्यूमेंट में कुछ संशोधन के सुझाव दिए। इन सुझाव पर अमल करते हुए दोनों परियोजनाओं की डीपीआर एवं बिड डॉक्यूमेंट शीघ्र फाइनल कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में एसीईओ प्रेरणा शर्मा एवं आनंद वर्धन, महाप्रबंधक परियोजना सलिल यादव, उप महाप्रबंधक वित्त मोनिका चतुर्वेदी, आईआईटीजीएनएल के निदेशक अभिषेक चौधरी, कंपनी सेक्रेटरी पतंजलि दीक्षित समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब परियोजना के अंतर्गत रेलवे, बस अड्डा व मेट्रो कनेक्टिविटी विकसित की जाएगी। बोड़ाकी के पास ही ग्रेटर नोएडा रेलवे टर्मिनल बनाया जाएगा। यहां से पूरब की ओर जाने वाली अधिकतर ट्रेनें चलेंगी। इससे दिल्ली, नई दिल्ली और आनंद विहार टर्मिनल पर ट्रेनों का दबाव कम होगा। ट्रांसपोर्ट हब में ही अंतर्राज्यीय बस अड्डा भी बनेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्रेंच अपार्टमेंट की पार्किंग में कार के शीशे फोड़े



**नोएडा।** फ्रेंच अपार्टमेंट हाउसिंग सोसाइटी में सुरक्षा नाम की कोई चीज नहीं है। इस बात का अंदाजा आप इस मामले से लगा सकते हो कि सिक्योरिटी गार्ड तैनात होने के बावजूद भी लोग ना तो खुद सुरक्षित हैं और ना ही उनकी गाड़ी असुरक्षित हैं। बीती रात को अज्ञात लोगों ने पार्किंग में खड़ी एक गाड़ी के 3 शीशे फोड़ दिए और टायर भी पंचर कर दिया। यह हाल तब है, जब सोसाइटी में सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। इससे भी बड़ी बात यह है कि इस घटना को होते हुए किसी भी व्यक्ति ने नहीं देखा। बिल्डर के सारे दावे फेल हो गए हैं। सुरक्षा के नाम पर लोगों को कुछ नहीं दिया जा रहा है। जिसकी वजह से सोसाइटी में रहने वाले निवासियों में भारी रोष है।

### मोदीनगर में बाइक और कार में भिड़ंत

**नोएडा।** गंगनहर पटरी पर गांव पैंगा से पहले तेज रफ्तार कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। बाइक में टक्कर मारने के बाद कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में 4 लोग घायल हो गए। हादसे में कार नहर में गिरने से बाल.बाल बची। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला मेरठ के थाना जानी के गांव सिसौला खुर्द निवासी शंकर अपने दोस्त दीपक के साथ गुरुवार सुबह अपनी बुआ के पास मुरादनगर जा रहा था। गुरुवार सुबह सात बजे के आसपास जब वह गंगनहर पटरी पर गांव पैंगा से पहले पहुंचे तो सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर मारने के बाद कार अनियंत्रित होकर नहर के किनारे बने डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में कार व बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### कबाड़ के गोदाम में लगी भयंकर आग

**गाजियाबाद।** बीती रात अज्ञात कारणों के चलते लोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गढ़ी सब्लू रोड पर नूर मार्किट में स्थित कबाड़ के गोदाम में आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। इस सूचना के मिलते ही फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन से अधिक गाडियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाना शुरू कर दिया। वहीं लोनी थाने के एसएचओ अजय चौधरी की टीम ने भी लोगों को बचाने के लिये रेस्क्यू शुरू कर दिया। सूत्रों के अनुसार आग की विकरालता का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि इस आग पर काबू पाने में फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन गाडियों को छह.सात घंटे लग गये। गनिमत रही कि आग की चपेट में आकर कोई जनहानि नहीं हुई। हांए इस अग्निकांड में लाखों की कीमत का स्क्रैप जलकर खाक हो गया।

### गाजियाबाद में मनोज बाजपेयी की मां का निधन

**गाजियाबाद।** बॉलीवुड एक्टर मनोज बाजपेयी की मां गीता देवी का 80 साल की उम्र में निधन हो गया है। 8:30 बजे गाजियाबाद के मैक्स पुष्पांजलि हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। वो 20 दिन भर्ती थीं। पिछले हफ्ते उनकी हालत में सुधार भी हुआ, लेकिन बुधवार देर रात तबीयत अचानक बिगड़ गई। मां के अंतिम समय में मनोज बाजपेयी हॉस्पिटल में साथ थे। गीता देवी के यूं चले जाने से मनोज और उनकी पूरी फैमिली सदमे में है। पिछले साल अक्टूबर में मनोज वाजपेयी के पिता राधाकांत बाजपेयी का भी निधन हुआ था।

### चलती गाड़ी में ड्राइवर को आया ब्रेन हैमरेज

**नोएडा।** सेक्टर-16 स्थित एक प्राइवेट स्कूल के बच्चों को बुधवार सुबह लेकर जा रहे वैन ड्राइवर को अचानक ब्रेन हैमरेज हो गया। जिससे चलती वैन में ही ड्राइवर बेहोश हो गया। इस वक्त वैन में 5 स्कूली बच्चे मौजूद थे। ड्राइवर को बेहोश देखकर बच्चे चीखने लगे। स्पीड कम होने से वैन यू.टर्न की दीवार पर टकरा कर रुक गई। इससे बड़ा हादसा टल गया। लोगों ने ड्राइवर को अस्पताल में भर्ती कराया। गनीमत रही कि बच्चों को चोट नहीं आई। इस दौरान लोग लगातार डायल.112 पर फोन करते रहे, लेकिन उनकी बात नहीं हो सकी। सुशील कुमार ने बताया कि डायल 112 में कोई तकनीकी खामी हुई होगी। जिससे फोन नहीं मिला होगा।

# तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर चालक ने युवक रौंदा, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**सेक्टर**-100 के पास एक वाहन चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक युवक को कुचल दिया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। यह पूरा मामला थाना सेक्टर-39 क्षेत्र का है।

थाना सेक्टर-39 के प्रभारी राजीव बालियान ने बताया कि सोरखा गांव में रहने वाला अमन कुमार मदर डेयरी पर काम करता था। वह बीती रात को सेक्टर-100 के पास से सोरखा गांव जाने के लिए गुजर रहा था, तभी एक फॉर्च्यूनर कार चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दिया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन.फानन में उपचार के लिए उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की उम्र 21 साल थी। यह मूलनिवासी हमीरपुर का रहने वाला है।

पुलिस ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में पता चला है कि कार चालक शराब के नशे में धुत था। जैगुआर कार चालक सैम्यूअल आइयू प्यस्टर द्वारा दीपिका त्रिपाठी नामक युवती को टक्कर मारकर उसकी मौत कारित करने के मामले में नोएडा पुलिस को कोर्ट में मुंह की खानी पड़ी है।



# प्रोफेशनल बनकर उभरें

**प्रोफेसर अमित गोयल कहते हैं कि बैंकिंग सेक्टर योग्यताओं के विकास पर काफी जोर देता है। यही कारण है कि सर्वोत्तम प्रतिभा इस ओर आकर्षित है।**

बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं को हमेशा दुनिया भर में सर्वोत्तम छात्रों का सबसे पसंदीदा रोजगार क्षेत्र माना गया है। गोल्डमेन सेश, जेपी मार्गन, एवं अमेरिकन एक्सप्रेस जैसे दस से अधिक अंतर्राष्ट्रीय बैंक तथा आईसीआईसीआई, येस, एक्सिस, आईडीबीआई, कोटक, एचडीएफसी व सीटी जैसे तीस से अधिक भारतीय बैंक नियमित रूप से भारतीय परिसरों में प्रतिभा तलाशते देखे जाते हैं। आईआईएम संस्थानों की परंपरा दिखाती है कि शीर्ष छात्रों का हमेशा बैंकिंग सेक्टर में काम करने के प्रति पूर्वाग्रह पाया गया है।

बैंकिंग में काम करने की लोकप्रियता पर एक डेलोइटी सर्वे 2013 में कराया गया जिसने पाया कि बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार तलाशने वाले छात्र बैंकिंग सेक्टर की आय संभावनाओं व शिक्षण से प्रेरित हैं। सबसे महत्वपूर्ण कारक जो बैंकिंग सेक्टर की नौकरियों से जुड़े हैं, जो इसे पसंदीदा करियर विकल्प बनाते हैं, वे इस प्रकार हैं :

## प्रशिक्षण व विकास

हम ज्ञान समाज में रह रहे हैं और आज की वास्तविक प्रतिभा निरंतर शिक्षण एवं विकास को महत्व देती है। अनुवांशिक रूप से, वित्त और बैंक सूचना आधारित उद्योग हैं। यहां कार्यरत लोग हमेशा सीख रहे होते हैं और ऐसे नये व नवोन्मेषी कार्यों से जूझ रहे होते हैं जो उनके लिए नौकरी को दिलचस्प बना देते हैं। साथ ही, जन केन्द्रित सेक्टर होने से, बैंक अपने लोगों की पेशेवर योग्यताओं के विकास पर काफी जोर देते हैं। यह इसे सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारण बनाता है कि क्यों बैंकिंग सेक्टर दुनिया भर में सर्वोत्तम प्रतीभाओं को आकर्षित करता है।

## वित्तीय क्षमता

भारी पूंजी नियम तथा केन्द्रीय बैंकों की सहायता बैंकिंग व वित्तीय सेवा कंपनियों को बेहत मजबूत व स्थिर बनाती है।

यह तथ्य कि वे जनता के पैसे का कारोबार कर रहे हैं, उन्हें काफी सरकारी सुरक्षा प्रदान करता है। सख्त नियम लापरवाह या कमजोर खिलाड़ियों का इंडस्ट्री में प्रवेश पर रोक लगाते हैं। ये सारे कारक मिलकर बैंकिंग रोजगारों को काफी सुरक्षित व स्थिर बनाते हैं।

## अच्छा संभावित संदर्भ

वो छात्र, जो बैंकर बन जाता है, अपने समूचे करियर के लिए फायदे हासिल करने में सक्षम है। कुछ व्यक्ति के करियर की शुरुआत में कुछ सालों की बैंक की नौकरी भविष्य के लिए इसे एक अच्छा करियर संदर्भ बनाती है। बैंकर के रूप में अनुभव व्यक्ति की पेशेवर व सामाजिक दोनों रूपों में सहायता करता है।

## प्रतिष्ठा

प्राचीन काल से, बैंकरों या पैसे का कारोबार करने वाले व्यक्तियों ने हमेशा सभी संस्कृतियों व समाजों में ऊंचा सामाजिक दर्जा हासिल किया है। प्रतिष्ठा बैंकिंग की नौकरी के साथ वैश्विक तथा ग्रामीण दोनों स्तरों पर जुड़ी हुई है। बैंकर होने का सम्मान व प्रतिष्ठा इसीलिए एक प्रबल अंतर्निहित कारण है कि अनेक प्रतिभाशाली उम्मीदवार बैंकिंग करियर चाहते हैं।

> “ बीएफएसआई सेक्टर में नवागंतुक की औसत तनख्वाह सालाना दो से ढाई लाख रुपये है। तीन से पांच साल का अनुभव पाने के बाद व्यक्ति पांच से छह लाख सालाना कमा सकता है और दस से अधिक साल का अनुभव पाने के बाद दस लाख सालाना की आमदनी हो सकती है। ”

## आप क्या बनेंगे ?

बैंकिंग सेक्टर बढ़ रहा है और इसलिए उसमें मौजूद अवसर भी बढ़ रहे हैं। बैंकिंग में कोई एक सर्वमान्य पद नहीं है जो सभी प्रोफाइल के लिए फिट हो। बैंक विभिन्न योग्यताओं वाले उम्मीदवारों को नियुक्त करके विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रस्तावित कर रहे हैं। पूर्णतया कंप्यूटरीकृत शाखा में क्लर्क की भूमिका पहले ही अनावश्यक हो गयी है। अधिकांश लोगों को आफिस प्रोफाइल में नियुक्त किया जाता है और उनसे विशिष्टता प्राप्त जानकारी होने की अपेक्षा की जाती है। इन प्रोफाइलों के लिए अपने छात्रों को तैयार करने के लिए केरीकुलम और शिक्षणशास्त्र को सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है। कोर्स की पढ़ाई के दौरान, कार्पोरेट संबंध विभाग सर्वाधिक अनुकूल प्रोफाइल की पहचान करने में छात्र की उसकी क्षमताओं व समझ के मुताबिक सहायता करता है।

## आप कहां काम करेंगे ?

भारत में बैंकिंग फाइनेंस सेवाओं तथा बीमा कंपनियों की अनेक श्रेणियां हैं जहां व्यक्ति वेल्थ मैनेजमेंट, बैंक एंड एनबीएफसी, ऐसेट मैनेजमेंट, फिनटेक, ब्रोकरेज, बीमा, एकाऊंटिंग एंड टेक्सेशन, एवं रेटिंग एजेंसीज जैसे क्षेत्रों में काम कर सकता है।

छात्रों के पास ट्रेड फाइनेंस मैनेजर, ट्रेड डेस्क मैनेजर, एनआरआई बैंकिंग आफिसर, फाइनेंशियल प्लानिंग, सर्विस डिलीवरी आफिसर, रिलेशनशिप मैनेजर, मैनेजमेंट ट्रेनी, बिजनेस बैंकर, क्रेडिट आफिसर, फोरेक्स आफिसर, क्रेडिट एनालिस्ट, रिस्क एनालिस्ट एवं आपरेशंस एक्जीक्यूटिव आदि अनेक पद मिल सकते हैं।

## अच्छी संभावित आमदनी

बीएफएसआई सेक्टर में नवागंतुक की औसत तनख्वाह सालाना दो से ढाई लाख रूपए है। तीन से पांच साल का अनुभव पाने के बाद व्यक्ति पांच से छह लाख सालाना कमा सकता है और दस से अधिक साल का अनुभव पाने के बाद दस लाख सालाना की आमदनी हो सकती है।

रुझान दिखाते हैं कि बैंकिंग उद्योग में लगभग दो तीन साल का तजुर्बा हासिल करने के बाद लोग इस सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ सकते हैं।

यह गौरतलब है कि अच्छे छात्र आम तौर पर ऐसी नौकरियां पसंद या तलाश कर रहे हैं जो उन्हें तत्काल वेतन की तुलना में बेहतर भावी प्रगति प्रदान करती हो।

**(लेखक टीकेडब्लू इंस्टीटयूट आफ बैंकिंग एंड फाइनेंस के निर्देशक हैं।)**

# सलाहकार–आपकी सेवा में

**ललित खन्ना कहते हैं, मेनेजमेंट कंसल्टेंसी छात्रों में एक लोकप्रिय विकल्प बन गयी है जहां उन्हें अमूल्य बिजनेस–जानकारी और विश्लेषणात्मक योग्यताओं में संपन्न होने का अवसर मिलता है –**

**भारत** में बिजनेस और मेनेजमेंट कंसल्टेंसी ने साल 2017 में 11.5 अरब डालर का राजस्व दर्ज किया जिसमें कुल सृजित धन में मेनेजमेंट कंसल्टिंग सेक्टर ने लगभग 1.5 अरब डॉलर का योगदान किया है। तीव्र डिजीटलीकरण तथा असंख्य रोजगार अवसर पैदा करने के उभरते बाजार रुझानों से इंडस्ट्री के बहुआयामी स्तर पर विकसि करने का अनुमान है। हर साल, 1000 से अधिक एमबीए स्नातक बिजनेस कंसल्टिंग के वित्त, मेनेजमेंट, मार्केटिंग और आईटी आदि बहुआयामी क्षेत्र में प्रवेश करते हैं।

इन सबमें मेनेजमेंट कंसल्टिंग छात्रों में एक लोकप्रिय चुनाव है जिसमें उन्हें अमूल्य बिजनेस–जानकारी और विश्लेषणात्मक योग्यताओं में संपन्न होने का अवसर मिलता है।

**करियर संभावना :** भारत में बी–स्कूलों के उभरने के साथ, अधिक से अधिक मेनेजमेंट कंसल्टिंग संगठन बाजार में पैठ जमा रहे हैं, जो अंतर्राष्ट्रीय व घरेलू व्यापारों की सलाहकारी सेवाएं प्रस्तावित कर रहे हैं। आज, एक आकर्षक वेतन पैकेज के मामले में सलाह–कार्य एक आकर्षक रोजगार विकल्प है और जो निजी विकास की पर्याप्त संभावना वाला व्यक्ति प्रदान करता है। मेनेजमेंट कंसल्टेंट की भूमिका तीव्र प्रगति तथा संगठन की सफलता का एक अभिन्न विभाजक है। निजी और सरकारी, दोनों सेक्टरों में बिजनेस में आसानी, लागत घटाने, और बहुआयामी बाजार में आरओआई बढ़ाने में विशेषज्ञ सहयोग की मांग बढ़ रही है।

कंसल्टेंट का काम बिजनेस प्रक्रियाओं को सरल बनाने, टीमों व परियोजनाओं का प्रबंधन करने, तथा बिजनेस कार्यों को नियंत्रित करने के लिए उपयोगी रणनीति डिजाइन करना है। एक सक्षम प्रबंधन सलाहकार बनने के लिए समस्या समाधान योग्यताएं, उच्च स्तरीय समझदारी, तथा बेहतर बिजनेस प्रबंधन व्यक्तित्व शीर्षस्तरीय आवश्यकताएं होती हैं।

**इंडस्ट्री गतिशास्त्र :** मूलत:, कंसल्टिंग कंपनियां शोध, विश्लेषण, रणनीति–निर्माण और क्रियान्वयन के लिए प्रत्यक्ष मेहनती सलाहकारों पर भरोसा करती है, हालांकि उन्होंने अपने बिजनेस का मूल हिस्सा तकनीक को बना दिया है। कंसल्टिंग बाजार में केपीएमजी, पीडब्लूसी, डेलोएटे और एक्सेंटर जैसी धुरंधर कंपनियां लगातार विश्व स्तरीय प्रबंधन सलाहकारों को नियुक्त करती हैं जो अपने ग्राहकों को एक मजेदार ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए डिजीटल तकनीक के खासे जानकार होते हैं। इसके अलावा, प्रासंगिक इंडस्ट्री समझदारी तथा प्रभावकारी प्रवृत्तियों की आवश्यकता व्यापार घरानों को अगले व्यापार विस्तारण व प्रगति की परियोजनाओं व समाधानों के लिए आंतरिक प्रबंधन सलाहकारी टीमें बनाने के लिए बाध्य करती है। करियर के शुरुआती चरणों में, प्रबंधन सलाहकारों का शुरुआती वेतन ढाई से तीन लाख के बीच होता है। हालांकि कार्यानुभव से, व्यक्ति आसानी से 50 लाख तक का सालाना पैकेज भी प्राप्त कर सकता है।

**योग्यता :** एक प्रतिष्ठित कंपनी में प्रबंधन सलाहकार का पद पाने की, न्यूनतम योग्यता है किसी मान्यता प्राप्त प्राइवेट या सरकारी विश्वविद्यालय से प्राप्त बिजनेस मैनेजमेंट में स्नातक तथा परास्नातक डिग्री। इंडियन इंस्टीट्यूट्स आफ मेनेजमेंट, क्रिस कॉलेज, जेवियर स्कूल ऑफ मेनेजमेंट, और सिंबियोसिस पुणे जैसे निजी स्वायत्त कालेज एमबीए प्रत्याशियों में लोकप्रिय पसंद हैं।

दिल्ली विश्वविद्यालय राजस्थान विश्वविद्यालय, पुणे विश्वविद्यालय, और कोलकाता विश्वविद्यालय दो साल का एमबीए डिग्री कोर्स प्रस्तावित करते हैं। कॉमन एडमिशन टेस्ट में अच्छे अंक उम्मीदवारों को आईआईएम जैसे शीर्ष प्रबंधन कालेजों में दाखिला दिलाते हैं जहां डीयू और आरयू अपनी प्रवेश परीक्षाएं कराते हैं। इसके अलावा, विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा मेनेजमेंट कंसल्टेंट्स में सर्टीफिकेट कोर्स प्रस्तावित करते हैं जो उम्मीदवार के सीवी को और अधिक उन्नत करते हैं।

**आवश्यक अहर्ताएं :** शैक्षणिक योग्यताओं के अलावा, छात्रों के पास शीर्ष कंपनी में नौकरी की संभावनाएं बढ़ाने के लिए सांगठनिक एवं प्रबंधन योग्यताएं भी होनी चाहिए। बिजनेस पारिस्थितिकी की अच्छी समझदारी, बाजार रुझानों, अच्छी संवादात्मक एवं संप्रेषण योग्यताएं, दो या उससे अधिक भाषाओं की जानकारी, तीक्ष्ण विश्लेषणात्मक क्षमताएं तथा सख्त समयसीमाओं में काम करने की योग्यता तथा कार्य–तनाव ऐसे पहलू हैं जिन पर छात्रों को ध्यान देना चाहिए।

# अत्यावश्यक हैं कार्यस्थल पर व्यवहारिक योग्यताएं

**रचित जैन कहते हैं कि दूसरों पर वरीयता हासिल करना सफलतापूर्ण करियर के निर्माण में दूरगामी कदम हो सकता है –**



**गला** काट प्रतियोगिता एवं प्रदर्शन आधारित आंकलनों की पेशेवर दुनिया में, व्यवहारिक योग्यताएं एक कमतर आवश्यकता बनती दिखाई पड़ सकती है। हालांकि, उनके बिना कोई कुछ नहीं कर सकता। उम्मीदवार प्रोग्रामर, इंजीनियर, लेखक या विक्रेता हो सकता है, लेकिन वह पहले भावनात्मक विशिष्टता वाला एक इंसान है। इंसानी योग्यताओं को तकनीकी रूप से पेशेवर प्रतिभा का अंग नहीं माना जाता है, फिर भी सर्वोत्तम पेशेवर प्रतिभा भी अत्यावश्यक व्यवहारिक योग्यताओं के बिना बेकार है। आप संस्था में सर्वोत्तम विकासकर्ता हो सकते हैं, लेकिन यदि आप लापरवाह हैं, आप टीम के साथ बेहतर संवाद करने में अक्षम हैं, साझा काम करने की योग्यता का अभाव है और आप ग्राहकों के साथ अच्छा तादात्म्य कायम रखने में विफल होते हैं, तो आपकी तकनीकी योग्यता या ठोस योग्यताएं आपको बहुत सुदूर कामयाबी दिलाने वाली नहीं हैं।

धीरे धीरे संस्थाएं महसूस कर रही हैं कि बगैर अनिवार्य इंसानी योग्यताओं के, पेशेवर प्रतिभा की भी अपनी सीमाएं हैं। यदि एक कर्मचारी में तकनीकी योग्यताओं का अभाव होता है, तो प्रशिक्षण एवं अनुभव उसे सुधारने में सहायता कर सकता है। हालांकि जब नजरिये व समझदारी की बात आती है, तो ये व्यवहारिक योग्यताएं हैं जिन्हें सिखाया या आरोपित नहीं किया जा सकता।

## व्यवहारिक योग्यताएं क्यों महत्वपूर्ण हैं ?

दो कर्मचारियों के बीच जो अपने काम में समान रूप से अच्छे हैं तो आप ग्राहक सेवा के लिए किसका चुनाव करेंगे ? वह जो आसानी से उपलब्ध है, आसानी से धैर्य नहीं खोता है, सहज संवाद करता है और हर व्यक्ति को मुस्कान के साथ प्रसन्न रखता है या वो व्यक्ति जो अक्सर चिड़चिड़ा जाता है ?

यह समझना कठिन नहीं है कि क्यों व्यवहारिक योग्यताएं तकनीकी योग्यताओं से अधिक महत्वपूर्ण हैं। व्यवहारिक योग्यताओं में वैयक्तिक खूबियां शामिल होती है जो व्यक्ति को अपने वातावरण में बेहतर ढलने तथा गरिमापूर्वक कठिन परिस्थितियों से निपटने में सक्षम बनाती हैं। इन इंसानी खूबियों में सामाजिक एवं संवादात्मक योग्यताएं, प्रतिबद्धता के प्रति गंभीरता, भावनात्मक समझदारी, लेनदेन, टकराव समाधान समेत व्यक्ति दर व्यक्ति योग्यताएं शामिल हैं। परानुभूति, धैर्य, लचीलापन, सहिष्णुता और धैर्य खोए बिना कठिन परिस्थितियों में संवाद की योग्यता अत्यंत महत्वपूर्ण योग्यताएं हैं।

## क्या व्यवहारिक योग्यताओं को परिमाणित किया जा सकता है ?

नियुक्ति के समय पर व्यक्ति में व्यवहारिक योग्यताओं का अनुमान लगाना या उसे परिमाणित करना कठिन है। संवाद यहां तक गंभीरता जैसी योग्यताओं का आंकलन करने के लिए बहुत सारी परीक्षाएं नहीं होती हैं। हालांकि, यदि आप व्यवहारिक योग्यताओं के लिए आवश्यक शर्तों में ढल जाते हैं तो ऐसे सूक्ष्म तरीके हैं जिनका आप नियुक्ति के दौरान आंकलन कर सकते हैं।

इसमें व्यक्ति के संवाद के तरीके, गंभीरता तथा जिन प्रक्रियाओं के जरिए वह परिपक्ता प्रदर्शित करता है उसे पर गहराई से ध्यान देना शामिल है। यदि उम्मीदवार कुछ दस्तावेज जमा करने की आपकी आवश्यकता का प्रतिउत्तर देने में एक सप्ताह से अधिक समय लेता है, आप इसके पीछे एक लापरवाही वाले नजरिए का आंकलन कर सकते हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि उम्मीदवार के साथ लिखित संवाद पर नजर रखें जो अभिव्यक्ति की परिपक्वता तथा व्यक्ति के विचार की गंभीरता के बारे में एक बेहतर समझ प्रदान करता है।

नियोक्ता के रूप में, कोई भी सालों के अनुभव, ये डिग्री या वो कोर्स के साथ, गैर इंसानी या मेकेनिकल योग्यताओं वाले जॉब पोर्टलों से बायोडाटा के साथ प्रवाहित होना नहीं चाहता है।

मैं जिन्हें ढूंढ़ रहा हूं वो ऐसे लोग हैं जो सक्रियतापूर्वक प्रस्तावित नौकरी की पदवी में रोजगार तलाश रहे हैं और वे इसके प्रति थोड़ा शौक दिखाने में सक्षम हैं। इसीलिए हमने अभिनव प्रतिभा बोर्ड डिजाइन करने का प्रयास किया है जो व्यक्ति की तकनीकी योग्यताओं की सूची से बढ़कर है।

हमारा मकसद सिर्फ तकनीकी योग्यता परीक्षा श्रंखला पर आधारित प्रोफाइल के आधार पर उम्मीदवार की रैंकिंग करना नहीं है बल्कि उम्मीदवार की योग्यताओं, सोच, सकारात्मकता व गंभीरता की उल्लेखनीय पड़ताल करने की कोशिश करना भी है जो उम्मीदवार की गतिविधि के पीछे के स्मार्ट डाटा के विश्लेषण के जरिए होता है। डाटा के साथ मानव तत्व को मिलाकर प्रतिभा का एक स्मार्ट डाटा भंडार निर्मित होता है जो काफी हद तक साधारण बायोडाटा की तुलना में उम्मीदवार की योग्यता का बेहतर प्रतिनिधित्व करता है। जिस प्रकार नियुक्ति के दौरान व्यवहारिक योग्यताओं के विश्लेषण के प्रति सांगठनिक सोच में जबरदस्त बदलाव आया है, हम ऐसी ही विधियों व मनोवैज्ञानिक परीक्षाओं की बढ़ती संभावनाओं को देखेंगे जो व्यवहारिक योग्यताओं व समझदारी के परिमाणन पर समान महत्व देती हैं। हमें ऐसे संगठन भी प्राप्त होंगें जो मनोवैज्ञानिक योग्यता प्रशिक्षण एवं टीम बिल्डिंग गतिविधियों के जरिए अपने कर्मचारियों की व्यवहारिक योग्यताओं के निर्माण में निवेश करेंगे।

# प्रासंगिक रुझानों व शैलियों की पहचान




**एक** समय था जब डाटा आधारित पूर्वानुमानों ने दुकानदारों एवं वित्तीय विश्लेषकों को विस्तृत दूरदर्शिताओं के बल पर निर्णय प्रक्रिया को ताकत प्रदान की थी, चाहे वह मांग के पूर्वानुमान के संबंध में हो या कर्ज भुगतान में दिवालिया लोगों के पूर्वानुमान के संदर्भ में।

आज, पूर्वानुमान विश्लेषण एक चलन बन रहा है। मानव संसाधन में, इसका अर्थ एक तकनीक है जो मौजूदा डाटा से नतीजे निकालना हो व सबक सीखना हो तथा भावी रुझानों व आचरण के मापन में उसका उपयोग करना हो ताकि मानव संसाधन प्रबंधन व निर्णय प्रक्रिया असरकारी व सक्षम हो सके।

प्रासंगिक रुझानों व शैलियों की पहचान करके, पीए संस्थानों को यह समझने में सशक्त बनाता है कि क्यों वे अभी भी नहीं जानते हैं और वे कैसे प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर समझदारी हासिल कर सकते हैं। पीए नीत मानव संसाधन प्रबंधन, कार्यबल के समक्ष उपस्थित विभिन्न अपरिहार्य चुनौतियों से निपटने के दौरान, इस तरह, मानव संसाधन मैनेजरों को बेहतर रणनीतिक फैसले लेने में सक्षम बनाता है।

इस तकनीक की महत्ता को उन कुछ मानव संसाधन समस्याओं के जरिए व्याख्यायित किया जा सकता है जिन्हें मैनेजर रोज झेलते हैं। उनमें से एक है काम पर अनुपस्थित होना जो संगठनों के लिए विशेष रूप से आर्थिक तौर पर अत्यंत महंगी पड़ती है। अत्यधिक अनुपस्थिति की पहचान करना, कारण तलाशना, तथा भविष्य के लिए उसका पूर्वानुमान करना अत्यावश्यक बन जाता है।

एक और उदाहरण है विश्लेषण आधारित नियुक्ति की प्रक्रिया। समूचा औद्योगिक कंपनियां न केवल प्रतिभाशाली, योग्य व अनुभवी उम्मीदवार तलाशती हैं बल्कि ऐसे लोग भी जो उनके संगठन की संस्कृति के साथ अच्छा तालमेल बना लेंगे। पीए यह तय करने में सहायता कर सकता है कि कौन से उम्मीदवार ऐसी निर्णय प्रक्रिया में संलिप्त विभिन्न कारकों के निरुपण के साथ सर्वाधिक अनुकूल हैं।

संभावित सोशल मीडिया विश्लेषक एवं भावना विश्लेषक इसका कुछ समाधान हैं जो कर्मचारियों के भागीदारी स्तर को मापने के लिए फीडबैक सर्वे, सोशल मीडिया कंटेंट व अन्य असंख्यात्मक डाटा पर नजर डाल सकते हैं। इन प्रणालियों से हासिल ज्ञान के बल पर संस्थाएं, वरिष्ठ कर्मचारी अनुभव का उपयोग करते हुए, कर्मचारी भागीदारी बढ़ाने हेतु प्रासंगिक रणनीतियां लेकर आ सकती हैं।

सभी संस्थाएं नियुक्ति खर्च वहन करती हैं और यह बेकार चला जाता है जब चयनित उम्मीदवार कार्यबल का हिस्सा नहीं बनता है। आर्थिक नुकसान के अलावा, यह कर्मचारी ब्रांड पर नकारात्मक प्रभाव भी डाल सकता है।

पीए संभावित तर्क को सामने लाने के लिए ऐतिहासिक डाटा का आंकलन करेगा और अनिवार्य फैसले लेने में मैनेजरों की सहायता करेगा। यह कुछ भी करने से पहले अपघर्षण का पूर्वानुमान करने में भी सहायता करता है। यह कारकों की पहचान करने में संस्था के उन तथ्यों की भी पड़ताल करेगा जिन्होंने कर्मचारी के काम छोड़ जाने की आशंका पर सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव डाला हो। मैनेजर फिर इस जानकारी का उपयोग कर सकते हैं और उन समस्याओं को हल कर सकते हैं जो कर्मचारी के काम छोड़ने का कारण बनती हैं। गूगल उन पहली कंपनियों में से है जो असरकारी ढंग से अपनी नियुक्ति प्रक्रिया में पूर्वानुमान विश्लेषण का उपयोग करता है।

पूर्वानुमान विश्लेष्ण के उपरोक्त उदाहरण भावी रुझानों के पूर्वानुमान तक सीमित नहीं है बल्कि वे श्रेणियों का भी पूर्वानुमान करते हैं- कि उम्मीदवार काम पर रखने के लायक है या नहीं। पीए कर्मचारियों के प्रदर्शन का उच्च, मध्य व निम्न के रूप में वर्गीकरण करने के अभ्यस्त होते हैं। मानव संसाधन मैनेजर अनेक तथ्यों का विश्लेषण करते हैं और तकनीक की सहायता से कर्मचारियों के प्रदर्शन का पूर्वानुमान करने में सक्षम हैं। इस प्रकार मानव संसाधन मैनेजर बेहतर फैसले लेने के लिए आंकड़ों व तकनीक का उपयोग कर सकते हैं। पीए जहां वर्गीकरण पूरा होता है, पूर्व ज्ञात नतीजे का उपयोग कर सकते हैं और पूर्वानुमान के नियम बना सकते हैं या समान व्यवहार के साथ कर्मचारियों का समूह बना सकते हैं जब नतीजा अज्ञात हो। इस तरह, मानव संसाधन मैनेजर तीन श्रेणियों में कर्मचारियों के प्रदर्शन का वर्गीकरण कर सकते हैं: उच्च, मध्यम व निम्न प्रदर्शन।

वे कंपनियां, जिन्होंने मानव संसाधन में पीए का उपयोग करना शुरू किया है, एक या अधिक आंकड़ागत प्रावधानों का उपयोग करती हैं, मसलन रिग्रेशन–लीनियर एवं लाजिस्टिक्स, डिसीजन ट्री, रेंडम फारेस्ट, क्लस्टर एनालिसिस, न्यूट्रल नेट्स आदि।

इस दृष्टि से, इसमें कोई संदेह नहीं है कि एनालिटिक्स कंपनियों या संस्थाओं के लिए प्रदर्शन परिणामों के पूर्वानुमान तथा मानव संसाधन प्रबंधन में सकारात्मक रणनीति विकसित करने का एक शक्तिशाली डाटा संचालित उपकरण हो सकता है।

**– (लेखक संगीता शाह भारद्वाज इंफार्मेशन मैनेजमेंट एरिया, एमडीआई गुरुग्राम में प्रोफेसर हैं।)**

# चोटिल रोहित शर्मा का कवर हो सकते हैं अभिमन्यु ईश्वरन

## बांग्लादेश के खिलाफ दोनों अनऑफिशियल टेस्ट में जमाए शतक

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत ए के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन को बांग्लादेश के खिलाफ 14 दिसंबर से चटगांव में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए चोटिल कप्तान रोहित शर्मा के कवर के तौर पर बुलाया जा सकता है। बाएं हाथ के अंगूठे की हड्डी खिसकने के कारण रोहित टेस्ट श्रृंखला से बाहर रहेंगे।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि अभिमन्यु ईश्वरन ने ए टेस्ट श्रृंखला में लगातार दो शतक जमाए हैं। वह सिलहट में दूसरा ए टेस्ट पूरा होने के बाद चटगांव में दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम से जुड़ेंगे। ईश्वरन ने पहले ए टेस्ट में 141 रन बनाए और दूसरे में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर 144 रन बनाकर नाबाद थे। भारतीय पारी की शुरुआत शुभमन गिल और कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल ही करेंगे। समझा जाता है कि बंगाल के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार या उमरान मलिक चोटिल मोहम्मद शमी की जगह ले सकते हैं। घुटने के आपरेशन के बाद एक भी मैच नहीं खेल सके हरफनमौला रविंद्र जडेजा सीधे टेस्ट खेलेंगे। अक्षर पटेल टीम में हैं और सौरभ कुमार को बैकअप के तौर पर ए टीम से बुलाया जा सकता है। सूर्यकुमार यादव इस सत्र में मुंबई के लिए रणजी खेलने की पुष्टि कर चुके हैं।





### अभिमन्यु मैच में लगा चुके हैं 17 शतक

27 साल के अभिमन्यु ईश्वर ने फर्स्ट क्लास, लिस्ट-ए और टी-20 को मिलाकर 25 शतक लगाए हैं। उन्होंने अब तक 77 फर्स्ट क्लास मैच में 44 की औसत से 5419 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 17 शतक और 23 अर्धशतक लगाए हैं, यानी 40 बार 50 से अधिक रन की पारी खेली है। वे 233 रन की बड़ी पारी भी खेल चुके हैं।

## भारत ए ने बांग्लादेश पर शिकंजा कसा

**सिलहट।** भारत ए ने पहली पारी में 310 रन की विशाल बढ़त हासिल करने के बाद बांग्लादेश ए को दूसरी पारी में दो करारे झटके देकर गुरुवार को यहां दूसरे अनधिकृत टेस्ट क्रिकेट मैच में अपना शिकंजा मजबूत कस दिया। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (157) के शतक और निचले क्रम के तीन बल्लेबाजों की अर्धशतकीय पारियों से भारत ने अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 562 रन बनाकर समाप्त घोषित की। पहली पारी में 252 रन बनाने वाली बांग्लादेश की टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 49 रन बनाए थे। इस तरह से वह अभी भारतीय टीम से 261 रन पीछे है।

# भारत और आस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट श्रृंखला नौ फरवरी से



एजेंसी। नई दिल्ली

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का आखिरी सत्र होगा, जिसमें चार मैच खेले जाएंगे

**भारत** और आस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला नौ फरवरी से 13 मार्च के बीच होगी जिसमें नागपुर, दिल्ली, धर्मशाला और अहमदाबाद में मैच खेले जाएंगे। बीसीसीआई ने बृहस्पतिवार को बॉर्डर, गावस्कर ट्रॉफी के कार्यक्रम की घोषणा की। इसके साथ ही जनवरी फरवरी में श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला के कार्यक्रम का भी ऐलान किया गया। टेस्ट श्रृंखला विश्व चैम्पियपशिप सत्र का हिस्सा होगी।

बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, यह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का आखिरी सत्र होगा जिसमें चार मैच खेले जाएंगे। जामथा में वीसीए स्टेडियम पर पहला टेस्ट नौ से 13 फरवरी के बीच होगा जबकि दिल्ली में दूसरा टेस्ट 17 से 21 फरवरी के बीच खेला जाएगा। तीसरा टेस्ट धर्मशाला में एक से पांच मार्च के बीच होगा। आखिरी मैच नौ से 13 मार्च के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा। दोनों टीमें तीन मैचों की वनडे श्रृंखला भी खेलेंगी जो मुंबई, वाइजेग और चेन्नई में 17, 19 और 22 मार्च को खेले जाएंगे। जनवरी में श्रीलंका और न्यूजीलैंड की टीमें यहां तीन टी-20 और तीन वनडे खेलने आएंगी।

श्रीलंका के खिलाफ टी20 मैच तीन, पांच और सात जनवरी को मुंबई, पुणे और राजकोट में होंगे। वहीं वनडे मैच गुवाहाटी, कोलकाता और त्रिवेंद्रम में 10, 12 और 15 जनवरी को खेले जाएंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के मैच हैदराबाद, रायपुर और इंदौर में 18, 21 और 24 जनवरी को होंगे। वहीं टी-20 मैच 27, 29 जनवरी और एक फरवरी को रांची, लखनऊ और अहमदाबाद में होंगे।

# बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में चीनी खिलाड़ी से हारे प्रणय

## बैडमिंटन फाइनल्स के सेमीफाइनल की दौड़ से लगभग बाहर

एजेंसी। बैंकॉक



**भारत** के एचएस प्रणय को गुरुवार को यहां ग्रुप ए के अपने दूसरे मैच में चीन के लु गुआंग जू से तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा जिससे वह बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर बैडमिंटन फाइनल्स के सेमीफाइनल की दौड़ से लगभग बाहर हो गए।

केरल के रहने वाले 30 वर्षीय प्रणय को 84 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 21-23, 21-17, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह इन दोनों प्रतिद्वंद्वियों के बीच दूसरा मुकाबला था। इससे पहले उनकी भिड़ंत इस साल फ्रेंच ओपन में हुई थी और उस मैच में भी चीनी खिलाड़ी ने बाजी मारी थी।

प्रणय की ग्रुप ए में यह लगातार दूसरी हार है। वह बुधवार को अपने पहले मैच में जापान के कोडाई नाराओका से हार गए थे। विश्व में 12वें नंबर के इस भारतीय खिलाड़ी का अगला मुकाबला शुक्रवार को विश्व रैंकिंग में नंबर एक और ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन से होगा। पहले दोनों मैच गंवाने के कारण प्रणय की नॉकआउट में पहुंचने की संभावनाएं लगभग समाप्त हो गई हैं। प्रणय और लु दोनों ने सहज शुरुआत की लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने कुछ गलतियां कर दी जिसके कारण चीनी खिलाड़ी ने 6-4 से बढ़त हासिल कर दी। दोनों ने आक्रामक रुख अपनाया लेकिन लु का अपने शॉट पर अच्छा नियंत्रण था। उन्होंने इंटरवल तक दो अंक की बढ़त बरकरार रखी। इसके बाद प्रणय ने दबदबा बनाया और 14-14 से स्कोर बराबर किया। इसके बाद उन्होंने 18-16 से दो अंक की बढ़त भी हासिल की। लु ने हालांकि जल्द ही स्कोर 19-19 से बराबर कर दिया। प्रणय को एक गेम प्वाइंट भी मिला लेकिन वहां इसका फायदा नहीं उठा पाए। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद दो गेम प्वाइंट भी बचाए लेकिन तीसरे गेम प्वाइंट पर चीनी खिलाड़ी ने गेम अपने नाम कर दिया।

दूसरे गेम में भी दोनों खिलाड़ियों ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी लेकिन लु इंटरवल तक एक अंक की बढ़त पर थे। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद अच्छा प्रदर्शन किया तथा पहले 14-12 और फिर 18-13 से बढ़त बनाई। प्रणय ने चार गेम प्वाइंट हासिल किए और फिर दूसरा गेम जीतकर मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचाया।

### चीनी खिलाड़ी ने इंटरवल तक तीन अंक की बढ़त हासिल कर ली थी

**निर्णायक** गेम में प्रणय ने शुरू में 6-3 से बढ़त बनाई लेकिन इसके बाद उन्होंने गलतियां की जिसका फायदा उठाकर चीनी खिलाड़ी ने इंटरवल तक तीन अंक की बढ़त हासिल कर ली थी। लु ने इसके बाद भी बढ़त बरकरार रखी लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने हार नहीं मानी और जल्द ही स्कोर 16-16 से बराबर कर दिया। अंतिम क्षणों में दोनों खिलाड़ी जीत के करीब थे लेकिन चीनी खिलाड़ी के मैच प्वाइंट पर प्रणय का शॉट बाहर चला गया।



# रमेश सर के साथ काम करने में हमेशा मजा आया : हरमनप्रीत

पायनियर समाचार सेवा। नवी मुंबई

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बृहस्पतिवार को मुख्य कोच के पद से हटाए गए रमेश पवार से किसी तरह के मतभेद से इनकार किया। पवार को टी20 विश्व कप से दो महीने पहले ही पद से हटा दिया गया। इससे पहले 2018 में तत्कालीन कप्तान मिताली राज से ठनने के कारण पवार को पद गंवाना पड़ा था। उन्हें एक बार फिर पद से हटना पड़ा और समझा जाता है कि हरमनप्रीत के अनुरोध पर उन्हें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी भेज दिया गया है। हरमनप्रीत ने हालांकि इसे बीसीसीआई का फैसला बताते हुए किसी तरह के मतभेद से इनकार किया। उन्होंने कहा , ऐसा कुछ नहीं है। मुझे जब भी मौका मिला है, रमेश सर के साथ काम करने में पूरा मजा आया है।हमने उनसे बहुत कुछ सीखा है और एक टीम के रूप में आगे बढे हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से पहले उन्होंने कहा , किसी को एनसीए भेजने का फैसला बीसीसीआई लेता है। वह स्पिन कोच के रूप में वहां काम करेंगे और हम जब भी एनसीए जाएंगे तो रमेश सर रहेंगे ही। बोर्ड ने रिषिकेश कानिटकर को टीम का बल्लेबाजी कोच बनाया है जो आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के लिए पद संभालेंगे। कानिटकर के बारे में हरमनप्रीत ने कहा , श्रीलंका में उनके साथ अनुभव अच्छा रहा। वह जरूरत के समय हमेशा उपलब्ध थे। वह काफी अनुभवी हैं और टीम सही हाथों में है।

हमें बीसीसीआई के फैसले पर कोई ऐतराज नहीं है। उन्होंने कहा , वह काफी शांतचित्त है। टीम को मैदान पर इसकी जरूरत है। अतीत में भी टीम को ऐसे व्यक्ति के मार्गदर्शन की जरूरत रही है जो शांतचित्त हो और हमें बता सके कि क्या करना है।श्रीलंका में हमने वह अनुभव किया। इससे मौजूदा खिलाड़ियों और उदीयमान खिलाड़ियों को काफी प्रेरणा मिलेगी। यह पहला कदम है और मुझे यकीन है कि आगे बहुत कुछ होगा।

# कप्तानी को लेकर घमंड नहीं : एलिसा हीली

एजेंसी। नवी मुंबई



**आस्ट्रेलिया** की कार्यवाहक कप्तान एलिसा हीली भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में अपनी टीम की अगुवाई करने को लेकर काफी उत्साहित हैं। हीली को भारतीय मैदान काफी रास आते हैं। उन्होंने चार साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला शतक भारत में ही बनाया था।

बल्लेबाजी का आगाज करने वाली इस विकेटकीपर ने ऑस्ट्रेलिया के 2018 के दौरे के दौरान वड़ोदरा में तीसरे वनडे में 115 गेंदों पर 133 रन बनाकर अपनी टीम को 97 रन से जीत दिलाई थी। हीली ने पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मुझे यहां का दौरा करना बहुत पसंद है। यहां से मेरी कई अच्छी यादें जुड़ी हैं जिनमें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहला शतक जड़ना भी शामिल है। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में एक अच्छी टीम के खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित हूं। हम लंबे समय बाद यहां एक दूसरे का सामना करेंगे। एक कप्तान के तौर पर यह मेरे लिए उत्साहजनक है।

नियमित कप्तान मेग लैनिंग के निजी कारणों से अनिश्चित काल के लिए ब्रेक लेने के कारण हीली को कप्तानी का जिम्मा सौंपा गया। हीली ने कहा, हम भारतीय टीम के मजबूत पक्षों से वाकिफ हैं और यह क्रिकेट के लिए अच्छा है। हम जानते हैं कि हमें कड़ी चुनौती मिलेगी। कप्तानी से उनकी जिम्मेदारी बढ़ गई है लेकिन हीली ने कहा कि वह इसके प्रत्येक पल का लुत्फ उठाएगी।

# हार के बाद भारत की पुरानी रणनीति पर बरसे सहवाग और प्रसाद

## सहवाग ने रोहित शर्मा की टीम से जागने के लिए कहा

### ट्वीट किया, क्रिप्टोस से भी तेज गिर रही है अपनी परफॉर्मेंस

एजेंसी। नई दिल्ली





**बांग्लादेश** के हाथों वनडे श्रृंखला में मिली हार के बाद पूर्व क्रिकेटरों वीरेंद्र सहवाग और वेंकटेश प्रसाद ने भारतीय टीम की पुरानी रणनीति पर नाराजगी जताई है।

पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने कहा कि टीम प्रबंधन को कठिन फैसले लेने होंगे जबकि सहवाग ने रोहित शर्मा की टीम से जागने के लिए कहा। अपने चिर-परिचित अंदाज में सहवाग ने ट्वीट किया, क्रिप्टोस से भी तेज गिर रही है अपनी परफॉर्मेंस यार। जागने की जरूरत है।

इससे पहले वर्षाबाधित वनडे श्रृंखला में भारत को न्यूजीलैंड ने 1-0 से हराया था। भारतीय टीम ने 2013 के बाद से आईसीसी का कोई खिताब नहीं जीता है। प्रसाद ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा , दुनिया भर में भारत इतने क्षेत्रों में नई पहल कर रहा है लेकिन सीमित ओवरों के क्रिकेट में हमारी रणनीति बरसों पुरानी है। उन्होंने कहा, इंग्लैंड ने 2015 विश्व कप में पहले दौर से बाहर होने के बाद कठिन फैसले लिए और आज इतनी शानदार टीम बन गई है।

### एआईएफएफ महासचिव शाजी प्रभाकरण ने कहा

# पुरुष-महिला राष्ट्रीय टीम खिलाड़ियों को मैच फीस देने की योजना

एजेंसी। नई दिल्ली



**अखिल** भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव शाजी प्रभाकरण ने कहा कि अगर एआईएफएफ अपने वित्तीय स्रोतों को बढ़ाने में सफल रहता है तो राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों (पुरुष और महिला) को जल्द ही मैच फीस दी जाएगी।

इस महीने के अंत में भारतीय फुटबॉल विकास के लिए रोडमैप के अंतर्गत कई पहल की घोषणा की जाएगी। प्रभाकरण ने कहा कि कार्यकारी परिषद राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों के लिए मैच फीस शुरू करने का फैसला करेगी। उन्होंने हालांकि एआईएफएफ की बजट संबंधित बाधाओं के कारण इसके लिए कोई समय सीमा नहीं दी लेकिन संकेत दिया कि यह मौजूदा कार्यकाल के दौरान ही किया जा सकता है। उन्होंने कहा, हमारी पुरुष और महिला टीम के खिलाड़ियों को मैच फीस मिलनी चाहिए। हमें सिर्फ टोकन राशि नहीं देनी चाहिए, इसकी आर्थिक अहमियत होनी चाहिए।

# सीए पर बरसे क्लार्क बोले, वॉर्नर को बनाया बलि का बकरा

### वॉर्नर पर अभी भी कप्तानी को लेकर आजीवन प्रतिबंध लगा हुआ है

एजेंसी। मेलबर्न



**आस्ट्रेलिया** के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने देश के क्रिकेट बोर्ड पर दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि गेंद से छेड़खानी मामले के बाद डेविड वॉर्नर को बलि का बकरा बनाया गया।

उस प्रकरण के चार साल बाद वॉर्नर पर अभी भी कप्तानी को लेकर आजीवन प्रतिबंध लगा हुआ है जबकि उस मामले में वॉर्नर के समान ही दोषी रहे स्टीव स्मिथ वेस्टइंडीज के खिलाफ दिन रात के टेस्ट में कप्तानी कर रहे हैं। वॉर्नर ने नाराजगी में बुधवार को कप्तानी से आजीवन प्रतिबंध हटाने के लिए अपना आवेदन वापिस ले लिया।

क्लार्क ने बिग स्पोटर्स ब्रेकफास्ट में कहा , वह निराश और दुखी है। वह इस बात से और भी दुखी होगा कि स्टीव स्मिथ को टेस्ट कप्तानी का मौका दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, मैं उसकी निराशा समझ सकता हूं।

उसे कप्तानी से वंचित कर दिया गया। बोर्ड का रवैया भी अस्थिर रहा है। यह अविश्वसनीय है कि एक के लिए कुछ और नियम और दूसरे के लिए कुछ, अगर बोर्ड को लगता है कि दक्षिण अफ्रीका में उस मामले में शामिल सभी लोगों को कप्तानी से परे रखा जाएगा तो यह उचित होता। उन्होंने कहा, लेकिन वॉर्नर पर प्रतिबंध बरकरार है और स्मिथ को कप्तान बना दिया गया है या कैमरून बेनक्रॉफ्ट को भी मौका मिल जाए तो फिर वॉर्नर को क्यो नहीं। उसे बलि का बकरा बनाया गया है।

## बीसीसीआई ने किया शेड्यूल का ऐलान

# अगले साल श्रीलंका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगा भारत

### सभी मुकाबले 78 दिनों के अंदर खेले जाएंगे

एजेंसी। मुंबई



**टीम** इंडिया अगले साल श्रीलंका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलियाई टीम की मेजबानी करने जा रही है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को श्रीलंका दौरे के शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। इसके अनुसार, भारत को अगले साल घर में नौ वनडे, छह टी-20 और चार टेस्ट खेलने हैं। ये सभी मुकाबले 78 दिनों के अंदर खेले जाएंगे।

ये दौरे अगले साल अक्टूबर-नवंबर में भारत की मेजबानी में वनडे वर्ल्ड कप 2023 की तैयारियों के लिहाज से अहम हैं। टीम इंडिया के इस मिशन-2023 का आगाज श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज से होगा। टीम को तीन से 15 जनवरी के बीच तीन टी-20 और इतने ही वनडे मुकाबलों की मेजबानी करनी है।

टीम इंडिया जनवरी माह में 11 मुकाबले खेलेगी। इनमें छह वनडे और पांच टी-20 शामिल हैं। उसे श्रीलंका के बाद न्यूजीलैंड से व्हाइट बॉल मुकाबले खेलने हैं। कीवियों के खिलाफ टी-20 सीरीज का आखिरी मुकाबला एक फरवरी को खेला जाएगा। श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज की शुरुआत तीन जनवरी को मुंबई से होगी। इस सीरीज का दूसरा मुकाबला पांच जनवरी को पुणे और सात जनवरी को राजकोट में खेला जाएगा। टी-20 सीरीज के बाद पहला वनडे 10 जनवरी को गुवाहाटी में, 12 जनवरी को कोलकाता में और 15 जनवरी को त्रिवेंद्रम में खेला जाएगा। टीम ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट के बाद तीन वनडे मैचों की सीरीज भी खेलेगी। वनडे सीरीज का पहला मैच 17 मार्च को मुंबई में, दूसरा 19 मार्च को वाइजैक में और तीसरा 22 मार्च को चेन्नई में खेला जाएगा।

### न्यूजीलैंड से पहला वनडे 18 जनवरी को होगा

**श्रीलंका** के बाद न्यूजीलैंड की टीम भारतीय दौरे पर आएगी। उसे 18 जनवरी से एक फरवरी के बीच तीन वनडे और तीन टी-20 मैच खेलने हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 18 जनवरी से शुरू होगा। जो हैदराबाद में खेला जाएगा। दूसरा मुकाबला 21 को रायपुर में और तीसरा 24 जनवरी को इंदौर में खेला जाएगा। उसके बाद 27 जनवरी को रांची में टी-20 सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। 29 को दूसरा लखनऊ और एक फरवरी को तीसरा टी-20 अहमदाबाद में खेला जाएगा। श्रीलंका और न्यूजीलैंड से व्हाइट बॉल सीरीज खेलने के बाद टीम इंडिया नौ फरवरी से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। पहला मुकाबला 13 फरवरी तक नागपुर में खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट दिल्ली में 17 से 21 फरवरी, तीसरा एक से पांच मार्च तक धर्मशाला और चौथा नौ से 13 मार्च तक अहमदाबाद में खेला जाएगा।

# मार्क वुड दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल

एजेंसी। मुल्तान



**पाकिस्तान** के मुल्तान की पिच को स्पिनरों के अनुकूल बनाने की कवायद को नजरअंदाज करते हुए इंग्लैंड ने शुक्रवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए तेज गेंदबाज मार्क वुड को अपनी टीम में शामिल किया है।

इंग्लैंड ने रावलपिंडी में खेले गए पहले टेस्ट मैच में 74 रन से जीत दर्ज करने वाली टीम में केवल एक बदलाव किया है। वुड ऑलराउंडर लियम लिविंगस्टोन की जगह लेंगे जो पहले टेस्ट के दौरान चोटिल होने के कारण स्वदेश लौट गए थे।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने वुड को टीम में शामिल करने के बारे में गुरुवार को कहा, एक ऐसा गेंदबाज जो कि 150 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी करता हो उसे किसी भी टीम में शामिल करना बोनस जैसा होगा। वुड ने इस साल मार्च से कोहनी की चोट के कारण कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। वह इंग्लिश काउंटी सत्र में भी नहीं खेल पाए थे।